
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 334
फरीदाबाद, शुक्रवार, 15 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए
YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सर्दियों में संतरे के छिलके से ऐसे करें त्वचा की देखभाल!
पेज- 12



बृहस्पतिवार सुबह जब लोग बिस्तर से उठकर निकले तो उनका सामना शून्य दृश्यता वाले घने कोहरे से हुआ। सुबह 8 बजे के आसपास कोहरा कम होना शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे के आसपास भी कोहरे का आभास हो रहा था।
**फोटो : राजेश पुंजानी**

### देश की सबसे छोटी ऑर्गन डोनर : न रहकर भी वो जिंदा ही है

# ब्रेन डेड हुई 20 महीने की बच्ची का देहदान, पांच को मिली जिंदगी

पायनियर सेल्यूट करता है



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**अपनी** जिंदगी के महज 20 महीने बाद जानलेवा हादसे का शिकार हुई धनिष्ठा देश की सबसे छोटी ऑर्गन डोनर बन गई है। अस्पताल में ब्रेन डेड घोषित किए जाने के बाद माता-पिता ने उसके ऑर्गन डोनेट करने का फैसला लिया। धनिष्ठा के हार्ट, किडनी, लिवर और दोनों कॉर्नियां से पांच बच्चों को नई जिंदगी मिली।

दिल्ली के रोहिणी में रहने वाली धनिष्ठा आठ जनवरी की शाम को खेलते समय फर्स्ट फ्लोर की बालकनी से गिर गई थी। धनिष्ठा की चोट गहरी थी। माता-पिता उसे लेकर सर गंगाराम हॉस्पिटल पहुंचे। डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन 11 जनवरी को उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। धनिष्ठा के पिता आशीष कुमार ने एजेंसी से कहा, डॉक्टरों ने हमें बताया कि धनिष्ठा ब्रेन डेड हो चुकी है और उसके वापस ठीक होने की कोई संभावना नहीं है। जब हमारी बेटी अस्पताल में भर्ती थी, तभी हमें ऐसे पैरेंट्स मिले जो अपने बच्चों की जिंदगी बचाने के लिए ऑर्गन मिलने का इंतजार कर रहे थे।

आशीष ने कहा, हमारी बेटी ब्रेन डेड हो चुकी थी, इसलिए मैंने डॉक्टर से पूछा कि क्या हम बच्ची के अंगदान कर सकते हैं? इस पर उन्होंने जबाव दिया कि आप बिलकुल ऐसा कर सकते हैं। मैंने और मेरी पत्नी ने तय किया कि हम दूसरे बच्चों की जिंदगी बचाने के लिए अपनी बेटी को दफनाने की बजाय उसकी देह दान करेंगे। कम से कम हमें इस बात की संतुष्टि रहेगी कि हमारी बेटी उनमें अब भी जिंदा है।

### ब्रेन के अलावा सभी अंग थे एकदम ठीक

सर गंगाराम हॉस्पिटल के चेयमैन डॉ. डीएस राणा ने कहा, ब्रेन के अलावा धनिष्ठा के बाकी सभी अंग एकदम अच्छी तरह काम कर रहे थे। माता-पिता की मंजूरी के बाद उसका हार्ट, किडनी, लिवर और दोनों कॉर्नियां अस्पताल में ही प्रिजर्व कर लिए गए थे। उसकी दोनों किडनी एक वयस्क को, हार्ट और लिवर दो अलग-अलग बच्चों को दिए गए हैं। कॉर्नियां को अभी सुरक्षित रखा गया है, जो दो लोगों को दिए जाएंगे। इस तरह धनिष्ठा ने पांच लोगों की जिंदगी बचाई है। डॉ. मीणा ने कहा कि इस परिवार की पहल वाकई तारीफ के लायक है। इससे दूसरों को प्रेरणा लेनी चाहिए। देश में 10 लाख पर महज .26 फीसद ऑर्गन डोनेट किए जाते हैं। ऑर्गन न मिल पाने से हर साल करीब 5 लाख लोगों की जान चली जाती है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,584 | ▲ | 91.8 |
| निफ्टी | 14,595 | ▲ | 30.7 |
| सोना | 48,388 | ▼ | 369 /10 gm |
| चांदी | 64,534 | ▼ | 390 /kg |

आज का राशिफल 15 जनवरी
>> पढ़े पेज-10

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम $19.01^{0}C$
न्यूनतम $06.06^{0}C$

## क्विक न्यूज

### चंडीगढ़ से हिसार तक एयर टैक्सी शुरू



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट से हिसार के लिए एयर टैक्सी सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुवार का दिन हमारे लिए विशेष दिन है। सीएम ने कहा कि संयोग से मकर संक्रांति है और चंडीगढ़ एयरपोर्ट से हिसार के लिए एयर टैक्सी की भी शुरुआत हो गई है। एयर टैक्सी में पायलट समेत 4 लोग सवार हो सकेंगे। सफर 45 मिनट में तय किया जाएगा।

### एससीबीसी अध्यक्ष दुष्यंत दवे ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल (एससीबीए) के अध्यक्ष दुष्यंत दवे ने बृहस्पतिवार को यह कहते हुए तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया कि वह इस पद बने रहने का का अधिकार खो चुके हैं। बार काउंसिल के कार्यवाहक सचिव रोहित पांडेय ने वरिष्ठ अधिवक्ता दवे के इस्तीफे की पुष्टि की है। दवे ने संक्षिप्त पत्र में लिखा कि एससीबीए की कार्यकारी समिति में उनका कार्यकाल पहले ही खत्म हो चुका है और कुछ वकीलों की चिंताओं के चलते, निर्धारित समय पर डिजिटल तरीके से चुनाव कराना संभव दिखाई नहीं दे रहा।

### गाजीपुर कुक्कुट बाजार को खोलने का निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गाजीपुर कुक्कुट बाजार को खोलने के लिए बृहस्पतिवार को निर्देश जारी किए। बाजार से लिए गए 100 नमूनों में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं होने के बाद उन्होंने यह आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, बर्ड फ्लू के मद्देनजर मुर्गा बाजारों से लिए गए नमूनों में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई।

## कोरोना मीटर

| विश्व | |
|---|---|
| कुल | 92,484,759 |
| मौतें | 1,981,802 |
| ठीक | 51,122,496 |

| भारत | |
|---|---|
| कुल | 10,518,712 |
| मौतें | 151,871 |
| ठीक | 10,152,111 |

स्रोत: www.covid19india.org

### किसान आंदोलन का 51वां दिन, सरकार-किसानों के बीच आज फिर वार्ता

# 'किसानों के हित से समझौता नहीं' 'चर्चा सकारात्मक होने की उम्मीद'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कृषि** कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन का बृहस्पतिवार को 50वां दिन था। इस बीच एक बड़ी खबर यह रही कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई कमेटी के एक सदस्य भूपिंदर सिंह मान ने अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने कहा है कि वह किसानों के साथ हैं। इस घटना के बाद किसानों और केंद्र के बीच बातचीत को लेकर भी सस्पेंस था, लेकिन सरकार ने कहा है कि हम शुक्रवार को किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर बोले कि हमें उम्मीद है कि किसानों के साथ अगले दौर की बातचीत सकारात्मक होगी।

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि अगर सरकारें पांच साल तक काम कर सकती हैं, तो किसान इतने वक्त तक प्रदर्शन क्यों नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन कमेटी से खुश नहीं हैं। हमारा प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार कानून वापस नहीं ले लेती। 15 जनवरी को यानी शुक्रवार को सरकार और किसानों के बीच बातचीत होनी है। किसानों ने कहा है कि वे सरकार से बातचीत करने को तैयार हैं, लेकिन किसान जत्थेबंदियों ने साफ किया कि वे किसी भी सूरत में सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से बात नहीं करेंगे। क्योंकि, कमेटी सरकार के लिए ही काम करेगी। वहीं, एक्सपर्ट कमेटी को अभी तक सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नियुक्ति संबंधी कोई पत्र नहीं मिला है।



कानून वापस नहीं होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन : राकेश टिकैत



किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार : कृषि मंत्री

### 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड की तैयारियां तेज

परेड को लेकर पंजाब में किसान जत्थेबंदियों के सदस्य और ग्रामीण बड़े स्तर पर तैयारियों में जुटे हैं। सुबह-शाम घर-घर जाकर किसान परिवारों को जागरूक किया जा रहा है। प्रदेश भर में वॉलंटियर्स की भर्ती की जा रही है। महिलाएं ट्रैक्टर चलाकर प्रैक्टिस कर रहीं हैं। दोआबा में जहां हर गांव से 10-20 ट्रैक्टर ले जाने की तैयारी है। वहीं, संगरूर के गांव भल्लरहेड़ी में फैसला लिया है कि गांव के हर परिवार का एक सदस्य दिल्ली जाएगा।

### भाकियू नेता मान एससी की ओर से गठित समिति से हुए अलग



भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह मान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कृषि कानूनों पर किसानों और केंद्र के बीच गतिरोध को सुलझाने के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति से अलग हो गए हैं। किसान संगठनों और विपक्षी दलों ने समिति के सदस्यों को लेकर आशंका जाहिर करते हुए कहा कि इसके सदस्य पूर्व में तीनों कानूनों की पैरवी कर चुके हैं। मान ने कहा कि समिति में उन्हें सदस्य नियुक्त करने के लिए वह शीर्ष अदालत के आभारी हैं, लेकिन किसानों के हितों से समझौता नहीं करने के लिए वह उन्हें पेश किसी भी पद का त्याग कर देंगे। उन्होंने एक बयान में कहा, खुद किसान होने और यूनिनन का नेता होने के नाते किसान संगठनों और आम लोगों की भावनाओं और आशंकाओं के कारण मैं किसी भी पद को छोड़ने के लिए तैयार हूं, ताकि पंजाब और देश के किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं हो। मान ने कहा, मैं समिति से अलग हो रहा हूं और मैं हमेशा अपने किसानों और पंजाब के साथ खड़ा रहूंगा।

### चार लाख नाविकों को तोहफा

# मिलेगा भविष्य निधि ग्रेच्युटी-पेंशन का लाभ

**एजेंसी।** मुंबई



**केंद्र** सरकार ने देश के नाविकों को भी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने का फैसला किया है। उन्हें भविष्य निधि (पीएफ) और पेंशन का लाभ मिलेगा, इस आशय के प्रस्ताव को सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इससे चार लाख नाविक लाभांवित होंगे। भारतीय राष्ट्रीय नाविक संघ (एनयूएसआई) कर्मचारी कल्याण की योजनाओं को मंजूरी के लिए काफी समय से मांग कर रहा था। एनयूएसआई ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि इस कदम का लाभ भारतीय और विदेशी जहाजों के सभी स्तरों के करीब चार लाख भारतीय नाविकों को मिलेगा।

एनयूएसआई नाविकों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष निकाय है। जून में एनयूएसआई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नाविकों को भी ये लाभ देने का आग्रह किया था। नाविक संघ ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल में एनयूएसआई की भविष्य निधि, ग्रेच्युटी और पेंशन लाभ की मांग को स्वीकार कर लिया है। एनयूएसआई के महासचिव एवं कोषाध्यक्ष अब्दुलगनी वाई सेरांग ने कहा कि पोत परिवहन महानिदेशक अमिताभ कुमार की अध्यक्षता में हाल में हुई नाविक भविष्य निधि कोष के न्यासी बोर्ड की 137वीं बैठक में सभी स्तरों के चार लाख नाविकों को भविष्य निधि, ग्रेच्युटी और पेंशन का लाभ देने का करार हुआ है। सेरांग इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन (आईटीएफ) के कार्यकारी सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा कि न्यासी बोर्ड की बैठक 11 जनवरी को हुई थी।

### राज्यपाल ने रोका आरक्षण का बिल: युवाओं को करना होगा निजी क्षेत्र में 75 फीसदी आरक्षण का इंतजार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 फीसदी आरक्षण देने का मामला एक बार फिर से उलझ गया है। राज्यपाल ने हरियाणा सरकार द्वारा पास किए गए बिल पर आपत्तियां लगाकर केंद्रीय श्रम मंत्रालय को भेज दिया। इन आपत्तियों को दूर करके अब दोबारा राज्यपाल को भेजा जाएगा। विधानसभा चुनाव के दौरान जजपा ने अपने चुनावी घोषणा-पत्र में प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया था। भाजपा ने स्थानीय युवाओं को नौकरियों में नब्बे प्रतिशत तक रोजगार देने वाली कंपनियों को प्रोत्साहन देने का ऐलान किया था।

# व्हाट्सऐप की नई पॉलिसी के खिलाफ याचिका दायर

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**व्हाट्सऐप** की नई डेटा प्राइवेसी पॉलिसी को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। एडवोकेट चैतन्य रोहिल्ला ने इसके खिलाफ याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि व्हाट्सऐप की नई पॉलिसी भारत के लोगों को मिले निजता के अधिकार का उल्लंघन है। यूजर का डेटा साझा करना गैरकानूनी है। याचिका में कहा गया है कि व्हाट्सऐप की नई पॉलिसी का मतलब यह है कि लोगों की ऑनलाइन एक्टिविटी पर हमेशा नजर रखी जाएगी। यह सब सरकार की निगरानी के बिना होगा। इसलिए व्हाट्सऐप की पॉलिसी पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए।

रोहिल्ला ने कोर्ट से यह अनुरोध भी किया कि वह इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को गाइडलाइंस बनाने का निर्देश दे, ताकि व्हाट्सऐप यूजर्स का डेटा फेसबुक या किसी भी दूसरी कंपनी के साथ साझा न किया जा सके। अभी डेटा पर निगरानी रखने वाली कोई अथॉरिटी नहीं है। इसलिए यूजर पूरी तरह कंपनी की प्राइवेसी पॉलिसी पर निर्भर हैं।

**क्या है व्हाट्सऐप की नई पॉलिसी ?:** व्हाट्सऐप पर जो कंटेंट अपलोड, सबमिट, स्टोर, सेंड या रिसीव करते हैं, कंपनी उनका इस्तेमाल कहीं भी कर सकती है। कंपनी उस डेटा को साझा भी कर सकती है। यह पॉलिसी 8 फरवरी, 2021 से लागू हो रही है। अगर यूजर इस पॉलिसी को एग्री नहीं करता है तो 8 फरवरी के बाद वह अपने अकाउंट का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। हालांकि नई पॉलिसी पर आलोचना के बाद कंपनी ने सफाई दी कि इस पॉलिसी से यूजर के फ्रेंड्स या फैमिली के साथ की जाने वाली चैट पूरी तरफ सुरक्षित रहेगी। नई पॉलिसी के दायरे में सिर्फ बिजनेस अकाउंट्स में भेजे गए मैसेज आएंगे।

यूजर का डाटा साझा करना है गैरकानूनी

व्हाट्सऐप पॉलिसी पर तत्काल लगाई जानी चाहिए रोक

### जहरीली शराब कांड मृतकों की संख्या 24 हुई

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में सोमवार रात को ग्रामीणों द्वारा कथित तौर पर जहरीली शराब पीने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। बृहस्पतिवार को बताया कि जहरीली शराब मामले में चार और व्यक्तियों के दम तोड़ देने के बाद इसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इस मामले में 15 बीमार लोगों का उपचार अब ग्वालियर और मुरैना के सरकारी अस्पतालों में चल रहा है।

# सीएम दे रहे थे भ्रष्टाचार पर भाषण उसी समय महिला एसडीएम ने ली घूस

**जयपुर।** राजस्थान में घूस लेते एक महिला एसडीएम पकड़ी गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिस समय राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाने की बात कर रहे थे, उसी बैठक में महिला एसडीएम फोन पर घूस मांग रही थी। राजस्थान की एंटी करप्शन ब्यूरो इस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि राजस्थान के दौसा जिले से एक नेशनल हाईवे गुजर रहा है। यहां किसानों की जमीनों के अधिग्रहण का काम चल रहा है। दौसा जिले के दो एसडीएम एक बांदीकुई की पिंकी मीणा और दौसा के पुष्कर मित्तल को कंपनी के लिए जमीन अधिग्रहण करवाने का काम दिया था। इस एवज में बांदीकुई की जिलाधिकारी पिंकी मीणा दस लाख रुपये मांग रही थी। जब एसडीएम की इस बात को एंटी करप्शन ब्यूरो ने सुना तो वो बैठक खत्म होने का इंतजार करने लगी। जैसे ही एसडीएम बैठक से बाहर निकलीं और पैसे लिए तो ब्यूरो के अधिकारियों ने उन्हें पकड़ लिया।

### स्वास्थ्य विभाग की भर्तियों को होने वाली परीक्षा रद्द


**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा स्वास्थ्य विभाग की भर्तियों के लिए 16 व 17 जनवरी को आयोजित होने वाली परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। आयोग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग में सात दिसंबर 2020 को एमपीएचडब्ल्यू, स्टाफ नर्स, लैब अटेंडेंट, महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए सुपरवाइजर, ईएसआई हरियाणा में भर्तियों के लिए आवेदन मांगे गए थे। प्रवक्ता के अनुसार इन भर्तियों के लिए 16 व 17 जनवरी को लिखित परीक्षा आयोजित किए जाने का कार्यक्रम जारी हो चुका था, लेकिन तकनीकी कारणों के चलते इन परीक्षाओं को रद्द किया जाता है।

### गंगा में मिलने वाली नदियों में अपशिष्ट जल छोड़ने पर अधिकरण ने कहा

# प्रदूषण का अपराध बंद करें

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण ने गंगा नदी में मिलने वाली अन्य नदियों में अपशिष्ट जल छोड़ने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई और कहा कि इसके कोई संकेत नहीं मिल रहे हैं कि राज्य प्रदूषण के अपराध को कैसे रोकना चाहता है। हालात को असंतोषजनक करार देते हुए अधिकरण के प्रमुख आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि रामगढ़ झील और गोरखपुर और उसके आसपास आमी, राप्ती और रोहिणी नदियों के प्रदूषण को रोकने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई करने की आवश्यकता है।



समिति द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर हरित अधिकरण ने कहा कि बड़े पैमाने पर संबंधित अधिकारी अपने कर्तव्य पूरा करने से पीछे हट रहे हैं। अधिकरण ने कहा, अब समय आ गया है कि मुख्य सचिव स्वयं समय-समय पर इसकी निगरानी करें और अपशिष्ट जल और औद्योगिक कचरे के नदी में मिलने, ठोस कचरा प्रबंधन और गंगा संरक्षण पर उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

अधिकरण ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह आमी, राप्ती, रोहिणी, सरयू और घाघरा नदियों की संरक्षण योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान दें। उसने निर्देश दिया कि वह संरक्षण के लिए बजट और समय सीमा तय करे और संबंधित अधिकारियों और संस्थाओं को जिम्मेदार ठहराए। पीठ ने कहा, इन परियोजनाओं में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से धन प्राप्ति के नाम पर देरी नहीं की जा सकती है।


### प्लास्टिक की कलम प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के दायरे में आती हैं : एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने व्यवस्था दी है कि प्लास्टिक की कलम प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम के दायरे में आती हैं और उसने अपशिष्ट के निपटान के लिए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) व्यवस्था को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अगुवाई वाली एक खंडपीठ ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को ईपीआर को लेकर राज्य पीसीबी और राज्य स्तरीय निगरानी समितियों से भी समन्वय स्थापित करने को कहा। पीठ ने कहा, हालांकि कलम का नियमों में विशेष रूप से जिक्र नहीं है, लेकिन वे प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के नियम तीन (ओ) के तहत प्लास्टिक की परिभाषा में शामिल हैं, अत: कलम भी वैधानिक ढांचे के दायरे में आती हैं। अधिकरण ने पर्यावरण पर प्रतिकूल असर डाल रही प्लास्टिक की कलमों के बेरोक-टोक इस्तेमाल के खिलाफ अवनी मिश्रा की याचिका की सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

-राइट विजन-

## सतर्कता से कोविड नियमों का पालन कर अपनी व दूसरों की करें सुरक्षा : डॉ. मनोरंजन

*बेशक वैक्सीन बन चुकी है, लेकिन कोरोना जैसी बीमारियां तो आती रहेंगी। हमें इनके साथ जीने की आदत डालनी होगी। सरकार ने कोरोना से बचाव के लिए कुछ महत्वपूर्ण नियम बनाए हैं। हमें अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियम पूरी सतर्कता के साथ पालन करते रहना होगा। यह आदत हमें कोरोना के साथ अन्य कई बीमारियां से सुरक्षित रखेंगी। यह कहना है कि इंडियन ऑयल के पूर्व चीफ रिसर्च मैनेजर डॉ. मनोरंजन सांतरा का। डॉ. सांतरा अपने कार्यकाल में ऑयल से होने वाला प्रदूषण कम करने को कई सफल रिसर्च कर चुके हैं।* ***पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. मनोरंजन सांतरा की बातचीत के अंश :-***



### जीवन परिचय

नाम : डॉ. मनोरंजन सांतरा
जन्मदिन : 10 अक्टूबर 1947
पिता : स्वर्गीय पीबी सांतरा
माता : शोभा रानी सांतरा
पत्नी : डॉ. शिखा सांतरा
परिवार : डॉ. अभिशेक सांतरा
स्कूल : 10वीं – गवर्नमेंट हाई स्कूल, हिजली, खड़गपुर
उच्चशिक्षा : बीएससी, एमएससी, पीएचडी, पोस्ट डॉक्टरल (जापान व फ्रांस)
रूचि : रीडिंग

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** वर्ष 1982 में मैंने एनसीएल पुणे ज्वॉइंन किया था। वर्ष 1985 में मैं फरीदाबाद स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में सीनियर रिसर्चर के पद पर आ गया। वर्ष 2007 में मैं चीफ रिसर्च मैनेजर के पद से सेवानिवृत्त हुआ हूं।

**सवाल : क्या आप सेवानिवृत्ति के बाद भी सेवाएं देते रहे हैं।**

**जवाब :** मैं वर्ष 2010 तक इंडियन ऑयल में एडवाइजर टू डायरेक्टर के पद पर कार्यरत रहा। जिसके बाद मैंने वर्ष 2014 तक रिलायंस इंडस्ट्रीयल लिमिटेड, जाम नगर में एडवाइजर के पद पर कार्य किया।

**सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेते थे।**

**जवाब :** शिक्षा के दौरान एसीसी के साथ मिलकर समाजसेवा के कार्यों में अपनी भागीदारी निभाता था। साथ ही खेलकूद में भी हिस्सा लेता था।

**सवाल : वाहनों के माध्यम से होने वाला प्रदूषण कम करने के लिए कैसे प्रयास हो रहे हैं।**

**जवाब :** तेल से हमें सल्फर की मात्रा को कम से कम स्तर पर लाना होगा। सल्फर जितना कम होगा वाहन उतना ही कम कार्बन मोनोऑक्साइड छोड़ेंगे। इसी कड़ी में तेल के विकल्प के रूप में सीएनजी का इस्तेमाल शुरू हुआ है। फिलहाल सीएनजी के साथ हाईड्रोजन के इस्तेमाल का ट्रायल चल रहा है।

**सवाल : क्या पेड़ों की संख्या बढ़ाकर प्रदूषण का स्तर कम किया जा सकता है।**

**जवाब :** शहर में बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए पेड़ लगाने की तरफ ध्यान देना होगा। क्योंकि प्राकृति के साथ की गई छेड़छाड़ के कारण पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। जहां कहीं जगह हो वहां पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की जरूरत है।

**सवाल : पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आप कैसे कार्य कर रहे हैं।**

**जवाब :** मैं व मेरी पत्नी घर के अलावा आसपास पेड़-पौधे लगाने का काम करते हैं। हम अन्य लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए लगातार प्रेरित करते हैं। हम पौधे लगाने और उन्हें पेड़ तैयार करने में लोगों की मदद करते हैं।

**सवाल : क्या आप सामाजिक संस्थाओं के साथ भी जुड़े हुए हैं।**

**जवाब :** मैं वर्ष 1987 से रामकृष्ण मिशन और साथ ही कालीबाड़ी मंदिर के साथ भी काफी समय से जुड़ा हुआ हूं। दोनों संस्थानों में अक्सर अपना योगदान देता रहता हूं।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपने जरूरतमंदों की कैसे मदद की।**

**सवाल :** वरिष्ठ नागरिक होने की वजह से मैं घर से बाहर नहीं निकल सकता था, लेकिन जो संस्थाएं मदद के काम में जुटी थीं, उन्हें मैंने अपनी हैसियत के मुताबिक आर्थिक सहायता दी थी। साथ ही आसपास के जरूरतमंदों की भी आर्थिक रूप से मदद की।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में हम कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब :** कोरोना से बचने एक मात्र उपाय बचाव है। इसलिए हमें सरकार के आदेशों के मुताबिक मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता का पालन करना होगा।

**सवाल : क्या लॉकडाउन ठीक समय पर हुआ था।**

**जवाब :** सरकार ने सही समय पर लॉकडाउन किया था। इसी वजह से हमारे देश में स्थिति काफी नियंत्रण में है।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 19.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 06.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का धरना : सुबह 11 बजे
- बीके सिविल अस्पताल में कोरोना जांच व ओपीडी : सुबह नौ बजे
- सेक्टर-12 में किसान आंदोलन को लेकर धरना : सुबह 10 बजे
- रविन्द्र फागना में क्रिकेट मैच का आयोजन : सुबह 9 बजे

### निवेश गुरु

**कोविड-19** महामारी के कारण वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता को देखते हुए सुरक्षित निवेश के रूप में सोने के प्रति आकर्षण बढ़ा है। ऐसे में आप भी सोने में निवेश कर बेहतर मुनाफा कमा सकते हैं। इसके लिए म्यूचुअल फंड्स का भी सहारा ले सकते हैं। इनकी मदद से आप पीली धातु में कई तरीकों से मसलन गोल्ड ईटीएफ, गोल्ड फंड, मल्टी एसेट एलोकेशन फंड और अंतरराष्ट्रीय गोल्ड फंड के जरिए निवेश कर सकते हैं। खास बात है कि इन तरीकों से आप फिजिकल गोल्ड नहीं खरीदते हैं बल्कि पेपर गोल्ड में निवेश करते हैं, जिसके कई फायदे हैं। इसमें आपको मेकिंग चार्ज या प्रीमियम का भुगतान नहीं करना पड़ता है और न ही सोने की सुरक्षा की चिंता रहती है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### विकास में सिविल इंजीनियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका : प्रो. सचदेवा

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विवि के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों पर आयोजित दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन गुरुवार से शुरू हो गया। सम्मेलन शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों, औद्योगिक विशेषज्ञों और विद्यार्थियों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग ले रहे है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। सीएसआईआर-एनईईआरआई दिल्ली जोनल सेंटर के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस. के. गोयल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से प्रो. केएन झा, भारतीय भवन कांग्रेस, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता रहे।

### क्विक न्यूज

#### आंखे खोलने पर मिल रहा धना कोहरा

**फरीदाबाद।** पिछले दो दिनों से शहर में जबरदस्त कोहरा पड़ रहा है। सुबह आंखे खोलते ही बाहर का नजारा देखने को नहीं मिल रहा है। इस वजह से सड़कों पर वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री और अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं गत बुधवार को न्यूनतम तापमान 4 और अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हालांकि दोपहर को धूप खिलने से आमजन को राहत मिली। लेकिन बृहस्पतिवार की शाम को एक बार फिर ठंड ने अपना कहर बसरा दिया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अभी कुछ दिन और कोहरा छाया रहेगा।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : बरसात के साथ कोहरा भी शहर के लिए खतरनाक

### कोहरे में जानलेवा बन चुके हैं सड़कों के किलर प्वॉइंट

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम के अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालय में बैठकर सिर्फ कागजों में ही काम किए जाते हैं। इसी वजह से उन्हें अपने क्षेत्र की संबंधित समस्याओं का पता नहीं होता है। इसी वजह से बरसात और कोहरा शहर के लिए खतरनाक साबित होता है।

सर्दी बढ़ने के साथ शहर में सुबह और रात के समय घना कोहरा छा जाने पर नजदीक का भी कुछ नजर नहीं आता है, इसके बावजूद नगर निगम और एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की अंदरूनी सड़कों पर बने खतरनाक किलर प्वॉइंट से खामियां दूर करने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किए। शहर की अंदरूनी सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐसे कई खतरनाक प्वॉइंट हैं, जहां घना कोहरा छाने पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। आम दिनों में भी शहर की सड़कों पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में वाहन चालकों को खुद ही बेहद सम्भल कर चलने की जरूरत होगी। ऐसे नहीं है कि राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की अंदरूनी सड़कों पर खामियां हाल में नजर आनी शुरू हुई हैं। ये पहले से ही मौजूद हैं।

सिटी इश्यू



### मौसम से लगता डर

**देश** के अन्य शहरों में रहने वाले लोग हर मौसम का आनंद लेने के लिए उसके आने का इंतजार रहता है। लेकिन लेकिन नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण औद्योगिक नगरी में रहने वाले लोगों को अब हर आने वाले मौसम से डर लगने लगता है। गर्मी का मौसम आते ही शहर के लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। बरसात शुरू होने पर लोगों को गर्मी से राहत तो मिलती है लेकिन शहर में होने वाले जलभराव की वजह से लोगों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाता है। शहर की सड़कों पर बने गड्ढों के कारण जलभराव में सड़क दुर्घटनाएं शुरू हो जाती है। सर्दी के मौसम में लोगों को कोहरे का डर सताने लगता है। क्योंकि शहर की सड़कों पर बने गड्ढे तो पहले से ही खतरनाक है, इसके साथ शहर की सड़कों पर बने अन्य किलर प्वॉइंटों के कारण कोहरे में दुर्घटना का खतरा कई गुणा ज्यादा पड़ जाता है। नगर निगम के संबंधित अधिकारी फिल्ड में जाने की बजाए अपने कार्यालय में बैठकर सिर्फ कागजों में ही काम करते रहते हैं। जिसके कारण उन्हें अपने इलाकों की समस्याओं के बारे में पता ही नहीं चलता।

### हादसों के कई कारण

**व्यस्त** समय के दौरान शहर की अंदरूनी सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्ग के चौराहों पर भीड़ ज्यादा होने के कारण निकला मुश्किल हो जाता है। जिससे जल्दबाजी में निकलने के चक्कर में लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं। दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है शहर में अवैध रूप से दौड़ने वाले ऑटो और ट्रैक्टर ट्रॉलियां। इनके ज्यादातर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस तक मौजूद नहीं होते। इन वाहनों के कारण शहर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन वाहनों के पीछे न तो बैक लाइट जलती है और न ही रिफ्लेक्टर टेप लगी रहती है। ऐसे में कोहरा छाने पर वाहन चालकों को यह वाहन दूर से नजर नहीं आते और लोग इनसे टकरा कर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में इन वाहनों की लगाम कसनी जरूरी है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर में अन्य ऐसी कई सड़के हैं जहां रात को स्ट्रीट लाइटें भी नहीं जलती। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर गति सीमा के बोर्ड भी नहीं लगे हुए हैं। शहर के कई चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल खराब पड़े हुए हैं।



फोटो : राजेश पुंजानी

### सिर्फ कागजी काम



**आरटीआई** कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि नगर निगम के संबंधित अधिकारियों की रूचि सिर्फ कागजी कामों में ही ज्यादा रहती है। जिसकी वजह से वे अपने कार्यालय से नहीं निकलते। अधिकारियों की इस लापरवाही की वजह से शहर के लोगों को हर मौसम में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### कोहरे में और खतरनाक

**शहर** की ज्यादातर व्यस्त सड़कों पर ऐसे अनेक खतरनाक प्वॉइंट है जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। शहर के सबसे व्यस्त नीलम चौक पर नगर निगम द्वारा सड़क के नीचे से गुजर रहे अंडरग्राउंड नाले का मेनहॉल बीच सड़क पर करीब एक फुट ऊंचा बनाया हुआ है। इन दिनों पड़ने वाले घने कोहरे में इस मेनहॉल के कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इसी तरह नीलम चौक पर ही रेलवे रोड की तरफ बीच सड़क पर कई बिजली के खंबे लगे हुए हैं। इन खंबों से रात के समय पहले ही हादसे होते थे। अब कोहरे में खतरा और बढ़ गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाईएमसीए चौक के नजदीक बीच सड़क पर लगे हाईटेंशन तार का पिलर भी हादसे को न्योता दे रहा है। कई साल गुजर जाने के बाद भी इसे शिफ्ट नहीं किया गया। इसी तरह शहर की कई सड़कों के बीच बने डिवाइडरों में लगी ग्रील टूटी हुई हैं, यह ग्रील मुड़ कर सड़क तक पहुंच गई है। इनकी वजह से कोहरे में कभी कोई वाहन चालक दुर्घटना का शिका बन सकता है।

## 8 साल से दिखावे को चल रही है महिला एएनसी क्लीनिक

### गर्भवती महिलाओं की अलग से सभी जांच करने की सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे किए गए थे

**कविता।** फरीदाबाद

**संस्थागत** प्रसूति को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष सरकार की तरफ से करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। बीके अस्पताल में आठ साल पहले बनी यह एएनसी क्लीनिक (गर्भवती महिला ओपीडी) पूरी तरह से बंद पड़ी है।

जानकारी के मुताबिक बीके सिविल अस्पताल की साधारण ओपीडी में रोजाना हजारों की संख्या में लोग अपना इलाज करवाने के लिए आते हैं। जिसमें विभिन्न बीमारियों से पीड़ित महिलाएं भी स्त्री रोग विशेषज्ञ से इलाज करवाने के लिए आती हैं।



ऐसे में अन्य महिला मरीजों के कारण गर्भवती महिलाओं को इलाज करवाने में काफी परेशानियां होती है। जिस कारण अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं की परेशानियों को देखते हुए गत 14 जनवरी 2013 को एक अलग ओपीडी की शुरुआत की गई थी। ताकि यहां आने वाली गर्भवती महिलाओं को इलाज कराने में कोई कठिनाई न हो। लेकिन एक साल तक यह ओपीडी चली और उसके बाद यह बंद हो गई। जिसके चलते यहां इलाज के लिए आने वाली गर्भवती महिलाएं सामान्य महिला रोग ओपीडी कक्ष में जांच के लिए घंटो लाइन में खड़ी होकर अपनी जांच करवाने का इंतजार कर रही थी।

यहां शुरू की गई इस ओपीडी में गर्भवती महिलाओं की अलग से सभी जांच करने की सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे किए गए थे। लेकिन पिछले करीब सात साल से इस ओपीडी में अस्पताल प्रबंधन की तरफ से गर्भवती महिलाओं के लिए किसी तरह की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। यहां आने वाली गर्भवती महिलाओं को ओपीडी में मौजूद सामान्य ओपीडी में जांच करवाने को मजबूर होना पड़ता है। उन्हें घंटों लंबी लाइनों में लगे रहना पड़ता है।

#### होता है दिखावा

गर्भवती महिला जांच ओपीडी में मात्र लैब टैक्नीशियन की सुविधा ही मिल रही थी, लेकिन टैक्नीशियनों की कम संख्या के कारण वह भी पिछले एक साल से बंद कर दी गई। जब कोई जांच अधिकारी या टीम आती है तो वहां पड़ी टेबल पर जांच प्रक्रिया दिखावे के लिए शुरू कर दी जाती है। ओपीडी में मात्र दिखावे का बोर्ड लगाकर चलाया जा रहा है। उन्हें ओपीडी के कमरा नंबर-नौ में ही दिखाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे में वहां लम्बी लाइन होने के कारण पूरे दिन खड़े रहने के बाद भी बिना इलाज के लौटना पड़ता है, क्योंकि यहां एक ही चिकित्सक होती है, ऐसे में दो से तीन सौ मरीजों की जांच वह अकेले करने से दोपहर बाद भी मरीजों का नम्बर नहीं आ पाता।

## पुलिस ने दो लड़कियां परिजनों के हवाले कीं

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के मार्गदर्शन में बने बीट सिस्टम द्वारा एक बार फिर दो अलग अलग मामलों में लापता 10 वर्षीय बच्ची व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को ढूंढ कर दो अलग अलग परिवारों की खुशियां लौटाई हैं। अपने बच्चों को वापस पाकर परिवारों के चेहरों पर प्रसन्नता छा गई।

पुलिस चौकी बस स्टैंड बल्लभगढ़ की टीम ने बताया कि एक 10 वर्षीय बच्ची लावारिस अवस्था में बल्लभगढ़ जीटी रोड पर मिली। बच्ची बहुत घबराई और डरी हुई सी लग रही थी। बच्ची को पुलिस टीम अपने साथ पुलिस चौकी में ले आई। जांच के पश्चात बच्ची के पिता संतोष ने अपनी बच्ची को देखा और उसकी आंखों में खुशी भर आई। नाबालिग 16 वर्षीय लड़की के पिता ने बस स्टैंड बल्लभगढ़ पुलिस चौकी में पुलिस को बताया कि वह बैंक में पासबुक में एंट्री करवाने गई थी और अभी तक घर वापस नहीं आई है। पुलिस ने मात्र 3 घंटों में लड़की को ढूंढ निकाला और परिजनों को सकुशल सौंपा।

## संक्षिप्त समाचार

### दा क्रिकेट गुरुकुल ने जीता 8 विकेट से मैच



**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मैदान पर खेले गये पांचवें रविंद्र फागना-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में दा क्रिकेट गुरुकुल ने यंगिस्टर बॉयस इलेवन टीम को 8 विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कियह मैच 40-40 ओवर का था। यंगिस्टर बॉयस इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 33.4 ओवर में 10 विकेट पर 89 रन बनाए। कुणाल तंवर ने सर्वाधिक 41 रन, शुभम राजपूत ने 13 रन और मेहुल ने 08 रन बनाए। दा क्रिकेट गुरुकुल के मोहित भाटी और मोहित खटाना ने 3-3 विकेट, अनुज भारद्वाज और अर्ध्या गुप्ता ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दा क्रिकेट गुरुकुल टीम ने 23.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाकर मैच जीत लिया। हरजीत चंदिला ने 39 रन, लक्ष्य नागर ने 35 रन और निधीश गौड ने 10 रन बनाए। यंगिस्टर बॉयस इलेवन के गेंदबाज ध्रुव संगर ने एक विकेट लिया। लखन (एंपायर) ने मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार मोहित भाटी को दिया। मोहित भाटी ने छह ओवर में 2 ओवर मिडल निकाल के 10 रन देकर 3 विकेट लिए।

### मानव युवा सेवा धर्म ने कंबल वितरण किए



**फरीदाबाद।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मानव युवा सेवा धर्म रजि द्वारा आयोजित समारोह में युवा नेता कर्ण सिंगला ने कंबल वितरित किये। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों एवं गरीबों का सम्मान, स्नान, दान, मीठा भोजन खाने, खिलाने और आपसी भाईचारे का महापर्व है। इसे देवताओं के दिन की शुरुआत भी कहा जाता है। अपने लिए तो सब जीते हैं जीना वही है जो औरों के काम आए। हिन्दुस्तान गाय, गंगा, गायत्री, संस्कार, संस्कृति, मेलों, उत्सवों, अपने अभिभावकों एवं वृद्धजनों की सेवा करने के कारण विश्वविख्यात है। उन्होंने मकर संक्रांति पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय धर्म-दर्शन में जहां आत्मसंयम, तप, तपस्या की बात है वहीं दान-पुण्य से समाज के जरूरतमंदों का पोषण करने का भाव निहित है। मौके पर पार्षद विनोद भाटी, समाज सेवी केवल पराशर, युवा समाज सेवी पवन सैनी, धर्मेंद्र भाटी, हीरा सैनी, चैता सैनी, गिर्राज सैनी, मनोज बाल किशन वर्मा, लोकेश वर्मा, पवन गर्ग, बलराज माहौर, उमेश सैनी, गौरव पराशर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति पर जरूरतमंद की मदद का लिया संकल्प



**फरीदाबाद।** परोपकार के लिए शुभ माने जाने वाले मकर संक्रांति का त्योहार जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में मनाया और मकर संक्रांति पर जरूरतमंद बच्चों की मदद का लिया संकल्प लिया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने निर्माण मजदूरों के जरूरतमंद परिवार को प्रसाद वितरित करने के साथ उत्सव की शुरुआत की। कुलपति ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का समाज के प्रति उत्तरदायित्व होता है जोकि हमारे कर्तव्यों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न विकास परियोजनाओं में लगे मजदूरों के साधन से वंचित बच्चों के सर्वांगीण विकास और उत्थान के लिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों से योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों के लिए विशेष कक्षाओं की व्यवस्था द्वारा या किताबें, कपड़े या अन्य उपयोगी वस्तुओं के दान द्वारा उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। कुलपति के आह्वान पर इस अवसर पर उपस्थित सभी डीन, चेयरपर्सन, फैकल्टी और स्टाफ ने इस नेक काम के लिए अपने-अपने तरीके से योगदान देने का आश्वासन दिया।

### निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**फरीदाबाद।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग फरीदाबाद द्वारा बीएमडी कान्वेंट स्कूल, सरूरपुर में स्वामी विवेकानंद की 157वी जयंती के उपलक्ष में मनाए जा रहे सप्ताह के दौरान निबंध लेखन और पेंटिंग जिनका शीर्षक कोविड-19 था का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मॉडर्न आर्य स्कूल सरूरपुर, बीपी मॉडर्न स्कूल संजय कॉलोनी, ब्लू व्हेल कान्वेंट स्कूल, बीएमडी कान्वेंट स्कूल संजय कॉलोनी, बीएमबी कान्वेंट स्कूल सरूरपुर के लगभग 72 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागीता दिखाई। निबंध लेखन प्रतियोगिता में हिमांशी बीपी मॉडर्न स्कूल प्रथम स्थान, कृतिका बीपी मॉडर्न स्कूल द्वितीय स्थान और श्रुति मॉडर्न आर्य स्कूल सरूरपुर तृतीय स्थान पर रही। पेंटिंग प्रतियोगिता में मॉडर्न बीपी स्कूल से शाश्वत प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर मॉडर्न बीपी स्कूल से आकांक्षा और तृतीय स्थान पर बीएमडी कान्वेंट स्कूल संजय कॉलोनी से अमन रहे। कार्यक्रम का आयोजन सुनीता यूथ कल्चरल ऑफिसर फरीदाबाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उनका स्वागत बीएमडी कान्वेंट स्कूल की तरफ से सभी स्टाफ सदस्यों ने बुके देकर का किया। सुनीता ने खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की विभिन्न छात्र कल्याण एवं विकास संवर्धन संबंधी योजनाओं के बारे में बच्चों को बताया। विद्यालय की तरफ से शैली शर्मा एवं तारकेश्वर प्रसाद एवं रजनी कालरा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया।

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म

**मकर सक्रांति एवं अपानहस्त_मुद्रा:**

जिस प्रकार - मकर-संक्रांति दिवस से - प्रकाश के प्रतीक - पिता सूर्य, अंधकार के प्रतीक - पुत्र शनि के मकर राशि स्थान में गोचर कर - उत्तरायण हो- सौर मास की शुरुआत कर - हमारे जीवन से अंधेरे व नकारात्मकता को दूर कर - सकारात्मक होने का संदेश देते हैं!




ठीक उसी प्रकार - सूर्य-शनि ग्रह सकारात्मक मिलन की प्रतीक - अपान हस्त मुद्रा भी- सूर्य देव की प्रतीक अनामिका अंगुली एवं शनि देव की प्रतीक मध्यमा अंगुली के अग्नि के प्रतीक अंगुष्ठ के माध्यम से आपसी मिलान कर हमारा पूर्णतया मनोशारीरिक डिटॉक्सीकृत कर - हमें पूर्णतया स्वस्थ रखने में सक्षम है!

यानि सौर मास - मकर-संक्रांति दिवस को - सूर्य का पुत्र शनि के मकर स्थान में गोचर कर उत्तरायण हो जीवन में अंधेरे एवं नकारात्मकता के स्थान पर प्रकाश एवं सकारात्मकता का प्रवेश होना कहा गया है!

**अपान मुद्रा के स्वास्थ लाभ :**

अपान मुद्रा मूलाधार, स्वाधिष्ठान एवं सूर्य चक्रों को प्रभावित कर - **मेटाबॉलिज्म सक्रिय कर** - पेट के सभी अंगों को ठीक से सक्रिय कर शरीर से विजातीय तत्व बाहर निकाल, नस-नाड़ियों का शोधन कर - कॉन्स्टिपेशन, लिवर, किडनी, पाइल्स, दांतों, डायबिटीज, हृदय एवं बीपी, यूरिन एवं बहनों की मासिक धर्म संबंधी पीड़ा, ऐंठन और मेनोपॉज के दौरान होने वाली समस्याएं भी दूर होती हैं एवं हम मन तथा शारिरिक तौर पर सवेंम को हल्का एवं तनावरहित, सकून भरा महसूस करते हैं!

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट :-** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने के लिए आप अपनी समस्या ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर भेजें।

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 15 जनवरी 2021



# लापरवाही : बीके अस्पताल की जर्जर इमारत में बनाया वैक्सीन स्टोर

कविता। फरीदाबाद

**कोविशील्ड** बैक्सीन की खेप देश के 11 शहरों से होती हुई, प्रदेश के वैक्सीन भंडारण केंद्र करनाल में पहुंची। उसके बाद गुरुग्राम और अब फरीदाबाद में पहुंच गई। जिले में कोरोना वैक्सीन का भंडारण ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और शहर के नागरिक सिविल अस्पताल में बनाया है।

फरीदाबाद जिले को वैक्सीन की खेप 26,820 में से 19980 वैक्सीन ही मिली हैं। जिसके तहत प्रथम चरण में केवल कर्मचारियों को यह वैक्सीन लगाई जाएगी। बीके अस्पताल में बनाए गए वैक्सीन भंडारण केन्द्र की इमारत पूरी तरह जर्जर हालत में है। यहां मौजूद छत से प्लास्टर तक गिरता है। इमारत में अपातकाल स्थिति से निपटने के कोई साधन नहीं हैं।

### फरीदाबाद जिले को मिली 19980 वैक्सीन

स्वास्थ्य विभाग ने पिछले दिनों कोरोना टीकाकरण को सफल बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खेड़ीकलां, तिगांव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौराली, एफआरयू-एक सेक्टर-3, एफआरयू-दो सेक्टर-30 और ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में ड्राई रन किया था। इन केंद्रों पर 16 जनवरी से कोरोना वैक्सीन टीकाकरण की शुरुआत की जाएगी। वैक्सीन का टीकाकरण कब और कहां होगा? इसकी जानकारी मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से मिलेगी।



जिले में टीकाकरण के लिए सभी 45 केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर पांच लोगों की टीम का गठन किया है। सभी केंद्रों पर करीब 111 फ्रिज कोल्डचेन बनाए रखने के लिए लगाए गए हैं। जिले में इन स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन 100 लोगों को टीका लगाया जा सकेगा। प्रत्येक केंद्र कम से कम तीन कमरों में टीकाकरण की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। ताकि वैक्सीन लगाने के बाद करीब आधा घंटे तक निगरानी की जा सके। अगर किसी की किसी भी प्रकार का रिएक्शन होता है तो उसे तुरंत ही सिविल अस्पताल या मेडिकल कॉलेज ले जाया जाएगा।

### आपात स्थिति से निपटने के साथन नहीं

**बीके** अस्पताल में सीएमओ कार्यालय के निकट बनी जर्जर इमारत में दफ्तरी का कार्य किया जाता है। इमारत में वैक्सीन को रखने का स्थान स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाया गया है, लेकिन इस इमारत में अपातकालीन स्थिति से निपटने के कोई साधन नहीं है। फायर सेफ्टी की बात करें, तो यहां न तो आग बुझाने के सिलेंडर है और न ही कोई अन्य साधन उपलब्ध है। कुछ समय पहले इमारत दिव्यांगों के लिए भी खतरनाक साबित हो चुकी है। दिव्यांग यहां सर्टिफिकेट बनवाने आए थे और छत का प्लास्टर गिर गया था, जिससे छत के सरिये तक दिखने लगे हैं।

## घरेलू हिंसा के प्रति किया जागरूक

**फरीदाबाद।** एनएच-पांच स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कानूनी शिक्षा प्रकोष्ठ, जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने डलसा के सौजन्य से प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के बारे में बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य, जेआरसी व एसजेएबी प्रभारी रविन्दर कुमार मनचन्दा ने कहा कि जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण के सौजन्य से सभी स्कूल और कॉलेज में संबंधित विभागों के सहयोग से बाल अपराधों और अन्य विषयों पर कानूनी शिक्षा के माध्यम से विशेषकर बालिकाओं को कानूनी साक्षरता का ज्ञान उपलब्ध करवाया जाता रहा है।

# घूसखोरी : 5 लाख का लेनदेन करते दो डॉक्टर गिरफ्तार

### बीके अस्पताल के चिकित्सक ने जांच में पाए दोषी को किया बचाने का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**निजी** चिकित्सकों की लापरवाही के कारण आए दिन मरीजों की जान जा रही है और शिकायत करने पर जांच करने वाले सरकारी चिकित्सक अपने निजी स्वार्थ के लिए उन्हें बचाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले का खुलासा बीके सिविल अस्पताल में हुआ। जहां जांचकर्ता सिविल अस्पताल के चिकित्सक और आरोपी निजी चिकित्सक को शिकायतकर्ता को पांच लाख रुपये देते हुए राज्य चौकसी ब्यूरो की टीम ने रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।



### ये है मामला

खजान सिंह के बेटे नवीन ने पिछले दिनों सीएमओ को लिखित में एक शिकायत दी थी। जिसमें उसने कहा था कि एनएच-तीन स्थित प्राची हॉस्पीटल के डॉ. सुरेश पासी की वजह से उसकी मां की मौत इलाज के दौरान हो गई है। जिस पर सीएमओ की तरफ से सिविल अस्पताल के एनेथिसिसिया विशेषज्ञ डॉक्टर नवदीप सिंघल को जांच सौपी गई थी। डॉ. नवदीप ने जांच में पाया कि प्राची अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सुरेश पासी आरोपी है और वह जांच में दोषी पाए जा रहे हैं। जिस पर डॉ. पासी ने डॉ. नवदीप से मामला रफा-दफा कराने की गुजारिश की।

शिकायतकर्ता को बीके अस्पताल में बुलवा कर पांच लाख रुपये में सौंदा तय करा दिया। पीड़ित ने इसकी जानकारी राज्य चौकसी ब्यूरो को दे दी। आरोपियों को पकड़ने के लिए अधिकारियों ने टीम गठित कर छापा मारने के आदेश दे दिए। टीम ने बृहस्पतिवार को दोनों चिकित्सकों को पीड़ित पक्ष को पैसे देते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### सुबह से जुटी थी टीम

राज्य चौकसी ब्यूरो की टीम गुरुवार सुबह से डॉक्टरों की हरकतों पर नजर रख रही थी। दोपहर बाद जब सौदा तय हो गया तो उन्होंने डॉक्टरों को रंगे हाथों पैसे सौंपते हुए गिरफ्तार कर लिया। दोनों चिकित्सकों से पूछताछ के बाद आरोपियों को राज्य चौकसी ब्यूरो की टीम अपने साथ ले गई।

## स्कूलों के खिलाफ अभिभावकों के धरने को दिया समर्थन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-तीन अग्रवाल पब्लिक स्कूल के सामने लगातार 10 दिन से धरने पर बैठे हुए हैं अभिभावक, धरने पर अभिभावकों की मानें तो स्कूल की तानाशाही और बर्बरता के खिलाफ उन्होंने यह धरना किया है। अभिभावकों का कहना है कि जिन बच्चों की पढ़ाई हुई ही नहीं तो फिर कैसी फीस जैसी पढ़ाई वैसी फीस की मांग को लेकर अभिभावक धरने पर बैठे हुए हैं। धरने को फरीदाबाद की सामाजिक संस्था युवा आगाज से जसवंत पवार, मानवाधिकार संरक्षण संघ के अध्यक्ष कुलबीर, उपाध्यक्ष हेमराज शर्मा, महासचिव इरशाद अहमद, आम आदमी पार्टी से हरेंद्र भाटी, विनोद गोस्वामी ने अपना पूर्ण समर्थन दिया।

युवा आगाज के अध्यक्ष जसवंत पवार ने बताया कि निजी स्कूलों की मनमानी एवं तानाशाही रवैए के कारण बच्चों का भविष्य खतरे में डाला जा रहा है और अभिभावकों को मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है जसवंत पवार ने और बताया कि स्कूल छात्रों से पूरी फीस वसूल रहे हैं जबकि प्राइवेट स्कूल अपने ही टीचरों को पूरी सैलरी नहीं दे रहे हैं जिसके कारण अनेकों अध्यापक भी मानसिक रूप से परेशान है, हरियाणा सरकार को ऐसे स्कूलों पर लगाम लगानी चाहिए जो महामारी के दौरान मानवता को शर्मसार कर रहे हैं।

# तहसील में फैली गंदगी को लेकर सौंपा ज्ञापन

### तहसील में कार्य कराने को प्रतिदिन आते हैं बड़ी संख्या में लोग

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 लघु सचिवालय भवन में स्थित तहसील कार्यालय में व्याप्त गंदगी एवं दुर्दशा में सुधार करवाए जाने की मांग को लेकर फीएवा के सदस्यों ने एक ज्ञापन जिला उपायुक्त को सौंपा गया है।



फीएवा की तरफ से सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि उपरोक्त तहसील कार्यालय में प्रतिदिन दर्जनों लोगों का आना जाना रहता है। करोड़ों रुपये की स्टांप ड्यूटी भरकर भी यहां आए हुए वृद्ध महिलाएं व पुरुष जन सेवाओं के अभाव में हमेशा परेशान नजर आते हैं। लोगों के बैठने की उचित व्यवस्था भी नहीं है। पीने के पानी की बात तो दूर शौचालयों में भी पानी या साफ-सफाई का अभाव रहता है। दुर्गंध व गंदगी के कारण उनका इस्तेमाल तो दूर की बात है। वहां उसके आसपास से गुजरना भी मुश्किल हो जाता है। जहां एक ओर फरीदाबाद जिले को स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत लेकर करोड़ों रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत भी प्रचार प्रसार में ही लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रशासन की नाक के ठीक नीचे लघु सचिवालय भवन परिसर के अंदर ही सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इतनी बुरी स्थिति में आमजन को रोज गुजरना पड़ रहा है।

फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने बताया कि हमारे प्रतिनिधि मंडल ने कई बार मौखिक व लिखित शिकायत तहसीलदार साहब व एसडीएम साहब के साथ-साथ सिटी मजिस्ट्रेट, नगराधीश कार्यालय में किए जाने के बावजूद समाधान ना होने पर दो बार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी वही ढाक के तीन पात अर्थात हालत में कोई भी सुधार नहीं हुआ। तहसील कार्यालय में अक्सर प्रवासी भारतीयों को भी अपने कार्यों के लिए आना पड़ता है। उपायुक्त कार्यालय के अधीक्षक हीरालाल को राजीव ओबरॉय प्रधान एवं गुरमीत सिंह देओल महासचिव फीएवा ने ज्ञापन सौंपा।

# कोरोना से 1 मौत, 34 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 45967

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। जिले में बृहस्पतिवार को 34 पॉजिटिव मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा 45967 पर पहुंच गया। दूसरी तरफ जिले में एक मौत होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 409 पर पहुंच गया। राहत की बात यह रही कि जिले में 16 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का कोविड-19 का रिकवरी रेट 98.5 प्रतिशत पर पहुंच गया। दूसरी तरफ जिले में 1540 मरीजों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### यहां से पॉजिटिव

सेक्टर-3 (1), सेक्टर-49 (2), सेक्टर-21 (4), सेक्टर-7 (1), ग्रीन फिल्ड कालोनी (1), एसजीएम नगर (2), सेक्टर-37 (1), सेक्टर-11 (1), सेक्टर-34 (3), सेक्टर-46 (1), सेक्टर-8 (1), आर्या नगर (1), सेक्टर-दो (3), आदर्श नगर



(1), पर्वतीया कॉलोनी (1), सेक्टर-43 (1), सेक्टर-7 (1), एनएच-5 (1), भीमसेन कॉलोनी (1), जीवन नगर (1), एनएच-एक (1), सेक्टर-17 (1), अंखीर (1), सेक्टर-29 (1) और अन्य क्षेत्रों से एक मरीज शामिल है।

### ये हैं आंकड़े

अब तक कुल जांच: 475933
अब तक पॉजिटिव: 45967
अब तक नेगेटिव: 428426
रिपोर्ट आनी शेष: 1540
ऑक्सीजन पर है: 8
वेंटिलेटर पर है: 2
अब तक मौत: 409
अब तक ठीक: 45297

## इम्पैथी फॉर ऑल कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** ग्रीनफील्ड कॉलोनी में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में शहर और समाज को एक नयी दिशा देने के लिए इम्पैथी फॉर ऑल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वॉइस ओफ वॉइस्लेस, मी एंड माई ह्यूमन, रोटरी क्लब ओफ फरीदाबाद, प्रीति शर्मा (पशु प्रेमी), डॉक्टर नेहा चौधरी (सोशल ऐक्टिविस्ट) द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजन करने का उद्देश्य एक दयालु समाज का निर्माण जिसमें हर कोई (चाहे वो बेजुबान हो या इंसान) खुशहाल रह सके इस कारण किया है। क्रार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर अर्पित जैन, डॉक्टर हेमंत अत्रि, एवं प्रोफेसर छवि शर्मा रहे। जैन ने जानकारी देते हुए बताया समारोह में ब्लड डोनेशन, डॉग अडॉप्शन और बेजुबानों के जनहित के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। बड़ी भारी संख्या में पशु प्रेमी लोगों ने ब्लड डोनेट किया थैलीसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए संवेदनशीलता दिखाने का वचन दिया।

# गरीबों की मदद करने से होता है सुख-समृद्धि का आगमन : नागर

### मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्व विधायक ने गरीबों को रजाइयां बांटीं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मकर** संक्रांति के अवसर पर गांव भूपानी स्थित बाबा मोहन राम मंदिर में संत फक्कड़ बाबा पुण्य संस्थान द्वारा एक विशाल रजाई वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सैकड़ों गरीब व जरूरतमंदों लोगों को रजाई वितरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक ललित नागर ने बाबा मोहन राम का आशीर्वाद लिया और करीब 1100 गरीब लोगों को रजाई वितरित की वहीं गरीब महिलाओं को साड़ियां भी दीं। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि हिन्दु धर्म में मकर संक्रांति के पर्व का विशेष महत्व होता है, इस दिन दीन-दुखियों को दान देने से पुण्य की प्राप्ति होती है और इसी के साथ-साथ कड़कड़ाती सर्दी के मौसम में गरीबों को रजाई वितरण करना एक पुण्य का कार्य है।



ललित नागर ने संत फक्कड़ बाबा पुण्य संस्थान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था हर वर्ष इस प्रकार के समारोह आयोजित करके हजारों गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कार्य करती है, समाज की अन्य संस्थाओं को भी ऐसे कार्य करने के लिए आगे आना चाहिए। ललित नागर ने क्षेत्र के लोगों की सुख-समृद्धि के लिए आयोजित किए गए हवन-यज्ञ में आहुति दी और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। रमेश सिंह, इंद्र भगत, विनोद मिश्रा, बृजगोपाल गुप्ता, अरूण गोपाल, राज सिंह, जवाहर मंगला, जितेंद्र सिंह ठाकुर, गौरव रामपाल, सोनू कुमार, कमल चंदीला, गंगाराम नरवत, राजकुमार गुप्ता, संजय अग्रवाल, रोहन गुप्ता सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मोदी राज में देश का खजाना और सीमाएं सुरक्षित

### सरकार के पिछले छह सालों के विकास कार्य कांग्रेस पार्टी के 54 सालों के विकास कार्यों की तुलना में भारी पड़ रहे हैं : गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के पिछले 6 सालों के कार्यकाल के विकास कार्य और कांग्रेस पार्टी के 54 सालों के विकास कार्यों की तुलना में भारी पड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की विश्व में अलग पहचान बनाई है। आज देश का खजाना और देश की सीमाएं सुरक्षित है।

यह बात सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग के केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज वीरवार को गांव नीमका में लगभग 3 करोड रुपए की धनराशि से बनाए गए विकास कार्यों के उद्घाटन समारोह में उपस्थित



लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विधायक राजेश नागर ने नीमका में बारात घर, शमशान घाट गेट, खेल स्टेडियम, व्यायामशाला, गऊशाला और स्कूल के कमरों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में आजादी के बाद पहली बार जनता ने पूर्ण बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार के देश के प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर की जोड़ी ने फरीदाबाद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली देने का काम किया। नहर के ऊपर लगभग एक दर्जन पुल बनाने का काम किया। सभी गांव की फिरनी पक्के करने सहित अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। खेल स्टेडियम बनवाएं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली से बड़ोदरा जाने वाला रास्ता फरीदाबाद के बाईपास होकर से गुजरेगा। उन्होंने कहा फरीदाबाद को कमिश्नरी बनवाई और एफएमडीए बनाने का काम किया। इससे फरीदाबाद की भूमि अधिग्रहण किए जाने वाला पैसे का विकास अब फरीदाबाद में ही किया जाएगा। बीजेपी सरकार ने विकास कार्यों के लिए अब जिस शहर का पैसा है, वही का विकास करने की नीति बनाकर उसे क्रियान्वित करने का काम किया है। तिगांव के विधायक राजेश नागर ने कहा कि नीमका गांव में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से तिगांव विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की तरफ से धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने किसान आंदोलन पर बोलते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में किसान आंदोलन का मसला हल किया जाएगा। किसानों के तीनों विधेयक किसान हित में है। ये किसान की आय को दोगुना करने में कारगर सिद्ध होंगे। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांग पर बोलते हुए कहा कि सभी मांगों को पूरा किया जाएगा और भी आगे के विकास कार्य करवाए जाएंगे। पूर्व सरपंच केसराम ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक राजेश नागर का स्वागत कर उन्हें पगड़ी बांधकर, शाँल भेंट कर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत द्वारा सामूहिक रूप से माला पहना कर दोनों नेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रूपी सरपंच, पूर्व सरपंच राजवीर, पूर्व सरपंच अजीत, खड़क सिंह, जयवीर चंदीला अदि रहे।

# हत्या करने से पहले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर 85 ने कुलभूषण उर्फ कुल्लू व मनोज नचौली गैंग के दो शातिर बदमाशों को हत्या की वारदात को अंजाम देने से पहले अवैध हथियार और कारतूस सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 ने बताया कि आरोपी की पहचान मनीष उर्फ गोलू निवासी गांव नचोली और अभिषेक उर्फ अब्बू निवासी बर्ड मोहल्ला ओल्ड फरीदाबाद के रूप में हुई है।

पुलिस ने विशेष सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर आरोपी मनीष उर्फ गोलू को एक देसी पिस्तौल 32 बोर और 6 जिंदा कारतूस सहित थाना बीपीटीपी एरिया से गिरफ्तार किया गया है। जिस पर आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार सहित मामला बीपीटीपी थाना में दर्ज किया गया है। दूसरे आरोपी अभिषेक उर्फ अब्बू को थाना खेड़ी पुल के एरिया से एक देसी कट्टा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस सहित काबू किया है। जिस



पर थाना खेड़ी पुल में अवैध हथियार सहित मामला दर्ज किया गया है।

प्रभारी क्राइम ब्रांच ने मनीष उर्फ गोलू ने अपने भाई अनीश की हत्या का बदला लेने के लिए अपने दोस्त अभिषेक उर्फ अब्बू के साथ मिलकर कोमल निवासी फरीदपुर के भाई की हत्या करने की योजना बनाई थी और योजना के अनुसार मनीष उर्फ गोलू ने अपने दोस्त अभिषेक उर्फ अब्बू से एक पिस्तौल 32 बोर व 12 जिंदा कारतूस मंगवाए थे। 06 कारतूस मनीष ने हवाई फायर करके खत्म कर दिये तथा बाकी बचे 06 जिन्दा कारतूस व पिस्तौल आरोपी से बरामद की जा चुकी है। अभिषेक उर्फ अब्बू निवासी ओल्ड फरीदाबाद जिसके ऊपर दो तीन मुकदमे लड़ाई झगड़े के दर्ज है। आरोपी अभिषेक की मुलाकात मनीष उर्फ गोलू से जेल में हुई थी।

# संक्षिप्त समाचार

## रक्तदान महादान का दिया शिविर में संदेश



**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता व न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के मार्गदर्शन में पैनल अधिवक्ता अर्चना गोयल व संजय गुप्ता ने वुमेंस पावर एनजीओ की प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली व रोटरी क्लब फरीदाबाद सिटी के प्रेसिडेंट डॉ हेमन्त अत्री के साथ सेक्टर 12 कोर्ट में रक्त दान शिविर का आयोजन किया। कैम्प के आयोजन में बार प्रधान विवेक रावत, सेक्रेटरी नरेन्द्र शर्मा, ऐडवोकेट अरविंद छावरी अन्य सभी गणमान्य सीनियर अधिवक्ताओं ने पूर्ण सहयोग दिया। एनजीओ के बच्चों ने लोगों को नुक्कड़ नाटक द्वारा जागरूक किया। रक्त दान शिविर में काफी एडवोकेट व लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। मौके पर वूमेंस पावर की टीम से सभी सदस्य मौजूद रहे। रूपा बरनवाल, शगुन तोमर रिधिमा पराशर, डोली कपूर, सैयद महविश परवीन, मनहर्ष, आशीष पांडे, अमित, उमंग, लीना, मुस्कान सभी यूथ बच्चे भी मौजूद रहे।

## किशोरियों को किया जागरूक



**फरीदाबाद।** जिला सिविल अस्पताल स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर में महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद के सौजन्य से मीनू यादव, केंद्र प्रशासिका, वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला शक्ति केंद्र स्कीम के अंतर्गत एक कार्यक्रम (स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही किशोरियों के लिए जैंडर सैंसीसाईजेशन जागरुकता ट्रैनिंग कार्यक्रम) का आयोजन किया। मुख्य अतिथि एसडीएम अपराजिता रहीं। अनीता शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीएमजीजीए रुपाला सक्सेना, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, गरिमा सिंह, सीडीपीओ शकुंतला, अनीता गाबा, डॉ. नरेंद्र कौर, जिला सिविल हस्पताल से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और अतिथिगणों ने शिक्षा ग्रहण कर रहीं किशोरियों और आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर को जागरूक किया। वन स्टॉप सेंटर द्वारा किशोरियों व वर्कर्स की जागरुकता व हौंसला अफजाई के लिए मग व फेस मास्क का वितरण किया। किशोरियों को वन स्टॉप सेंटर व महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के फायदों के बारे में बताया गया। अनचार्म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की अंकिता सुखवाल ने भी किशोरियों को जागरूक किया और सेनेटरी पेड्स बांटे। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा सिंह ने पोक्सो एक्ट व बाल संरक्षण के नियमों के बारे में समझाया।

## हजारों भक्तों ने टेका माथा



**फरीदाबाद।** सिद्धदाता आश्रम में मकर संक्रांति के अवसर पर हजारों भक्तों ने माथा टेका। यहां पीठाधिपति स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने मंदिर के अर्चकों एवं सेवादारों को गर्म कपड़े प्रदान किए। गुरु महाराज ने बताया कि मकर राशि में प्रवेश करते सूर्यदेव का स्वागत करने के लिए मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। दिन से उत्तरायण का भी प्रारंभ होता है। जिसे देवताओं के दिन कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिन सूर्यदेव को प्रसन्न करने के लिए जप, तप, स्नान आदि का विशेष महत्व है। इस दिन स्नान आदि के बाद किए गए दान से विशेष कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने मंदिर के अर्चकों एवं आश्रम के सेवादारों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े भी प्रदान किए। गौरतलब है कि आश्रम में हर वर्ष मकर संक्रांति के अवसर पर गर्म कपड़े बांटे जाने की परंपरा रही है। इसके अलावा आश्रम द्वारा बाहर भी जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े प्रदान किए जाते रहे हैं।

## बीट अफसर और क्राइम ब्रांच अपराधियों पर कसेंगे नकेल



**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने अपने कार्यालय सेक्टर 21सी में सभी डीसीपी, एसीपी के साथ क्राइम मीटिंग की। पुलिस कमिश्नर ने अपराधियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए साफ तौर पर चुनौती दी है कि अब वह ज्यादा दिन पुलिस की पकड़ से दूर नहीं रह सकते हैं। जो सक्रिय है अब उनका वक्त आ गया है जल्द ही सलाखों के पीछे नजर आएंगे। सिंह ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए प्रत्येक थाना एरिया में तैनात बीट ऑफिसर और क्राइम ब्रांच को दिशा निर्देश जारी किए हैं। बीट ऑफिसर और क्राइम ब्रांच अपने मुखबिर तंत्र को और ज्यादा मजबूत करेगें ताकि अपराधियों के बारे में खबरें मिलती रहें और उनके खिलाफ शिकंजा कसा जा सके। पुलिस कमिश्नर ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 5 साल से सक्रिय अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने दिशा निर्देश जारी किए हैं कि 5 साल से सक्रिय अपराधियों को तीन श्रेणियों में बांटा जाए। मर्डर, डकैती, लूट, हत्या का प्रयास, गम्भीर चोट, अवैध हाथियार जैसे अपराधों में सक्रिय अपराधियों को विभिन्न श्रेणियों में रखा जाएगा। अपराधियों पर नकेल कसने में थाना पुलिस/बीट ऑफिसर की भूमिका अहम रहेगी। बीट ऑफीसर के द्वारा दी गई जानकारी पर क्राइम ब्रांच रेड कर अपराधियों पर नकेल कसेगी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि अपराधी अब ज्यादा दिन पुलिस की गिरफ्त से दूर नहीं रह सकते हैं जो अपराधी अपने मन में यह सोच रहे हैं कि वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आएंगे तो यह उनकी भूल है अपराधियों की जगह जेल है और उनको एक दिन वही पर जाना है। इस दौरान उन्होंने सभी डीसीपी एसीपी को सख्त निर्देश दिए हैं कि फरीदाबाद शहर में वह किसी भी तरह का अपराध बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## रेडक्रॉस सोसायटी ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



**फरीदाबाद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ के महासचिव डीआर शर्मा ने जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद का दौरा किया और सचिव विकास कुमार के साथ सोसायटी के कार्यों का मुआयना किया। इस दौरान महासचिव ने कोविड-19 संक्रमण महामारी के दौरान रेडक्रॉस के वालिंयटर के अलावा सोसायटी के साथ मिलकर बचाव कार्य करने वाली सामाजिक संस्थाओं को प्रशंसा-पत्र वितरित किए और जरूरतमंद लोगों को कंबल भी बांटे। डीआर शर्मा ने उपायुक्त यशपाल यादव से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की, जहां उन्होंने जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिला रेडक्रास सोसायटी फरीदाबाद की कल्याणकारी गतिविधियों को प्रदेश में सर्वोत्तम करार देते हुए कहा कि चंडीगढ़ में आयोजित बैठक में लिये गये फैसलों के अनुरूप जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद ने उन पर अमल करते हुए प्रदेशभर में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उपायुक्त यशपाल ने डीआर शर्मा को बताया कि राजभवन में हुई बैठक के दौरान लिए गए सभी फैसलों को जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद ने उन सभी कल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों को पहुंचाने के लिए बेहतरीन कार्य किया है। इस अवसर पर जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव विकास कुमार सचिव, सहसचिव बिजेंद्र सौरोत तथा सहायक पुरुषोत्तम सैनी आदि मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर बड़े-बुजुर्गों का किया मान-सम्मान

**गुरुग्राम।** शहरी व ग्रामीण आंचल में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने अपने बड़े बुजुर्गों को उपहार में नये वस्त्र, नगद राशि, तिल के लड्डू, गजक आदि भेंट करके उनकी चरण वंदना की और उनका आशीर्वाद प्राप्त करके सभी परम्पराओं को पूर्ण किया।

माया शर्मा, चंद्र कांता यादव, प्रेम सैनी, सुशीला सैनी, लता सैनी, मुन्नी यादव, पूर्व नगर पार्षद नीरू शर्मा, सुमन सैनी, बिमला सैनी, लक्ष्मी सैनी, गीता सैनी, ज्योति, भारती, योगिता शर्मा, तारो सैनी, नीशा सैनी, रजनी, ओमवती शर्मा, राधा सैनी, कौशल्या यादव, आदि ने बताया कि भारतीय संस्कृति में मकर संक्रांति पर्व मनाने को लेकर अनेकों दंत कथाएं जुड़ी है। मकर संक्राति को मनाने की सभी की अपनी परम्पराएं है। किसी के लिए तिल-गुड़ के बिना यह त्योहार अधूरा है, तो कहीं दाल-चावल और तिल दान किए जाते हैं। वहीं, इस दिन खिचड़ी बनानी शुभ मानी जाती है। इसके अलावा खिचड़ी दान भी करने की परम्परा है। ऐसे में क्या आप जानते हैं कि खिचड़ी क्यों मानी जाती है शुभ और सेहत से जुड़े फायदे हैं और दिन खिचड़ी खाने से सूर्यदेव प्रसन्न होते है। इस दिन खरीफ की फसलों चावल, चना, मूंगफली, गुड़, तिल उड़द इन चीजों से बनी सामग्री से भगवान सूर्य और शनि देव की पूजा की जाती है।

## कोरोना से जंग जीत ड्यूटी पर लौटीं नर्सिंग ऑफिसर इंदू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### एम्स के डॉ. बीआर अंबेडकर आईआरसीएच में हैं कार्यरत

### ड्यूटी के दौरान ही हुई थी कोरोना संक्रमित



नर्सिंग ऑफिसर इंदू बाला।

**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में डा. भीम राव अंबेडकर संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल (डा. बीआरए आईआरसीएच) में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर इंदू बाला ने कोरोना से जंग जीत ली है। वे ड्यूटी के दौरान ही कोरोना संक्रमित हुई थीं। होम आईसोलेशन में रहने के बाद उनकी कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

अपनी ड्यूटी के प्रति सदा कर्तव्यनिष्ठ रहने वालीं नर्सिंग ऑफिसर इंदू बाला विशेष बातचीत में कहती हैं कि जिस प्रोफेशन में हम हैं, वह अपने आप में एक जिम्मेदारी भरा काम है। साथ ही सेवा का एक माध्यम भी। नर सेवा नारायण सेवा का उद्देश्य लेकर वे मरीजों की सेवा करती हैं। इंदू बाला का कहना है कि नर्सिंग ऑफिसर के रूप में उन्हें यह सिर्फ एक जॉब नहीं मिली है, बल्कि इंसानियत की सेवा करने का मौका मिला है। वे कहती हैं कि जिस काम को भी करें, हम उसे पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। नर्सिंग ऐसा प्रोफेशन है, जो कि हमें बेहतर भविष्य बनाने के साथ-साथ दीन-दुखियां, बीमारों की सेवा का अवसर प्रदान करता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम नर्सिंग को सिर्फ एक प्रोफेशन मानकर काम करते हैं या फिर सेवा का माध्यम। इंदू बाला का कहना है कि उनकी नजर में तो यह प्रोफेशन चुनकर उन्होंने समाजसेवा का रास्ता चुना है। सेवा का कोई रूप नहीं होता। वह आप रास्ते चलते भी कर सकते हैं और अपने काम करते हुए भी। अस्पताल में मरीजों को सिर्फ बीमारी का दवाओं से उपचार ही नहीं, बल्कि उनका मानसिक उपचार, उनकी मानसिक स्थिति को ठीक रहना, उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाना होता है। और यह सब नर्सिंग करती हैं।

### मरीजों में जगाती हैं जीने की नई उम्मीद

**नर्सिंग** ऑफिसर इंदू बाला कहती हैं कि नर्सिंग स्टाफ (नर्सिंग सिस्टर) मरीजों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़कर उनमें जीने की नई ऊर्जा, उम्मीद जगाती हैं। क्योंकि बीमार होकर व्यक्ति जब अस्पताल के बेड तक पहुंच जाता है और उसकी स्थिति गंभीर होती है तो उसे जिंदगी मिलने से ज्यादा खोने का डर रहता है। इसी डर में वह मानसिक रूप से टूट जाता है। ऐसे में नर्सिंग स्टाफ की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। मरीज को मानसिक मजबूती देकर उन्हें जीवन के प्रति सकारात्मक करना ही नर्सिंग की सफलता होती है। इसलिए नर्सिंग स्टाफ को सिस्टर का दर्जा भी दिया गया है। क्योंकि वे एक मां, बहन की तरह ही मरीज की देखभाल करती हैं। जिस तरह से हम अपने परिवार में किसी की देखभाल करते हैं, ऐसे ही अस्पताल में सिस्टर देखभाल करती हैं। इंदू बाला कहती हैं कि इस प्रोफेशन को चुनकर उन्हें इंसानियत की सेवा को और भी बेहतरी से करना सीखा है। कोरोना से संक्रमित होकर भी उनकी हिम्मत नहीं टूटी, बल्कि ठीक होकर पहले से कहीं अधिक मजबूती के साथ, दृढ़ निश्चय के साथ अपने काम पर लौट आई हैं।

## बदमाशों को लूटी हुई कार समेत काबू किया

**सोहना।** भोंडसी थाना की नाक के नीचे शराब के नशा में कार लूटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने मात्र 14 घंटे में गिरफ्तार कर लूटी गई कार भी बरामद कर ली। अदालत ने गिरफ्तार कार लुटेरों को जेल भेज दिया है।

बुधवार रात गुरुग्राम-सोहना मार्ग पर भोंडसी थाना से मात्र एक किलोमीटर दूर कार में बैठकर शराब पी रहे तीन युवकों ने कंपनी कर्मचारी को पीटकर कार लूट ली। बंगाल मूल निवासी कंपनी कर्मचारी नूरआलम पुत्र अलीमुद्दीन अपने मालिक सुन्दर पहलवान के साथ भोंडसी थाना में शिकायत दी। भोंडसी पुलिस ने लूटी गई कार और बदमाशों की तलाश तत्परता से करते हुए मात्र 14 घंटे में लुटेरों को कार समेत गिरफ्तार कर लिया।

## गुरुग्राम पहुंची पांच जिलों की कोरोना की वैक्सीन

### पटौदी में कोल्ड स्टोरेज में रखवाई वैक्सीन सिविल सर्जन ने मौके पर किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के खंड पटौदी में 5 जिलों की वैक्सीन रखते कर्मचारी। मौके पर मौजूद सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव और अन्य।

**जिला** में गुरुवार को कोरोना वैक्सीन की पहली खेप पटौदी कोल्ड चेन प्वांइट पर पहुंची। इस कोल्ड चेन प्वाइंट पर पांच जिलों की कोरोना वैक्सीन रखी गई है, जिनमें गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह, रेवाड़ी और पलवल शामिल हैं। गुरुग्राम के पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार व सिविल सर्जन डॉ. विरेन्द्र यादव ने वैक्सीन प्राप्त करके अपनी देखरेख में वैक्सीन को कोल्ड चेन प्वॉइंट में रखवाया।

गुरुग्राम जिले को पांच जिलों के लिए 85 हजार 400 कोविशील्ड वैक्सीन प्राप्त हुई हैं। पटौदी कोल्ड चेन प्वांइट से ये वैक्सीन चयनित पांच जिलों में भेजी जाएंगी। वैक्सीन की खेप को सुरक्षित व सावधानी के साथ कोल्ड चेन प्वांइट में रखवा दिया गया है और सरकार के निर्देशानुसार टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। गुरुग्राम जिला के लिए 44 हजार 950, फरीदाबाद के लिए 22 हजार 620, नूंह के लिए 7120, पलवल के लिए 5090, रेवाड़ी के लिए 5700 वैक्सीन की डोज प्राप्त हुई है। सिविल सर्जन डा. यादव के मुताबिक जिला में गुरुवार रात को कोवैक्सीन की भी डिलीवरी हो जाएगी। कोवैक्सीन तीन जिलों के लिए आएगी, जिनमें गुरुग्राम और फरीदाबाद जिलो के लिए 4200-4200 और पलवल के लिए 3000 डोज होगी। इस प्रकार इन तीनों जिलों के लिए कोवैक्सीन की कुल 11 हजार 400 डोज मिलेंगी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल करेंगे शुरुआत

**बता** दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना वैक्सीन लगाने के अभियान की शुरुआत करेंगे। गुरुग्राम में यह कार्यक्रम वजीराबाद के जोहड़ी वाले लड़कियों के सरकारी विद्यालय में बनाए गए केंद्र में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वास्थ्यकर्मियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूबरू भी होंगे। पहले स्वास्थ्यकर्मियों को 16 जनवरी को छह केंद्रों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। जिन केंद्रों पर यह वैक्सीन लगाई जाएगी, उनमें वजीराबाद राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय दौलताबाद, मेदांता द मेडिसिटी सेक्टर-39, अर्बन पीएचसी चोमा, एसजीटी मेडिकल कॉलेज गुरुग्राम और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भांगरोला शामिल हैं।

## ननि में शामिल गांवों से न लिया जाए हाउस टैक्स : इंद्रजीत सिंह



गुरुग्राम के गांव शिकोहपुर में आयोजित समारोह में बोलते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मानेसर नगर निगम के गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जिस पर चिंता व्यक्त की गई है कि अब हमारी जेब से हाउस टैक्स के नाम पर पैसा निकाला जाएगा। इस बारे में क्या होगा मैं नहीं जानता, पर मेरा प्रयास रहेगा कि मानेसर नगर निगम में शामिल किए गए गांवों के लोगों से हाउस टैक्स न लिया जाए। क्योंकि दिल्ली में ग्रामीणों से हाउस टैक्स नहीं लिया जाता। साथ ही यह भी कहा कि गुरुग्राम में नगर निगम बना तब भी उनका यही मत था। यह बात उन्होंने गुरुवार को जिले के गांव शिकोहपुर में जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन राव अभय सिंह की माता स्वर्गीय नंदकौर की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही।

अपने संबोधन में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार हमारी वजह से बनी है। जब हमारा सरकार बनाने में इतना भारी योगदान हो तो उस हिसाब से हमें महत्व मिलना भी चाहिए। गांव शिकोहपुर की सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-48 से जोड़ने वाले स्थान पर फुट ओवरब्रिज बनाने की मांग पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने आश्वासन दिया कि यह ब्रिज बन जाएगा। गांव में ही स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनके पिता राव बिरेंद्र सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री रहते हुए उस समय यह केंद्र बनवाया था। इसका फायदा ग्रामीणों को मिलना चाहिए था, लेकिन ग्रामीण कह रहे हैं कि नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस मामले को लेकर वे एक बार फिर गांव के प्रतिनिधि मण्डल के साथ कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर से मिलेंगे और इसे हल करवाने का प्रयास करेंगे ताकि उन परिवारों को वहां से ना उजाड़ा जाए। इस अवसर पर पहाड़ की बहतरी 72 पंचायतों की ओर से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

## रसायनिक को छोड़ ऑर्गेनिक खान-पान पर दें ध्यान : नवीन गोयल

### ऑर्गेनिक सब्जियों का सेवन करके बीमारियों से रहें दूर

### कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से हुई ऑर्गेनिक सब्जी ऑन व्हील की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-38 में आर्गेनिक सब्जियां ऑन व्हील की शुरुआत करते कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल व अन्य अतिथि।

**स्वस्थ** रहने, स्वस्थ जीवन जीने को जरूरी है कि हम ऑर्गेनिक सब्ज्यिां व अन्य खान-पान की चीजों को अपनाएं। इसी उद्देश्य से गुरुवार को कैनविन फाउंडेशन के सहयोग से ऑर्गेनिक सब्जी ऑन व्हील की शुरुआत की गई। फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल ने हरी झंडी दिखाकर इस सेवा की शुरुआत की।

डीपी गोयल ने कहा कि बीमारियों से लड़कर लोगों को स्वस्थ जीवन देने को जिस तरह से कैनविन फाउंडेशन काम कर रही है। ऑर्गेनिक सब्जियां भी इसी का हिस्सा हैं। उनका प्रयास यही है कि लोगों की सेहत को दुरुस्त रखा जाए। ऑर्गेनिक खान-पान से यह संभव है। सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कहा कि आज हमारी थाली में शुद्धता नहीं हैं। शुद्धता मतलब हमारा खान-पान आज यूरिया, गंदे पानी में उगी हुई सब्जियां हम खा रहे हैं। इन सब बातों को देखते हुए ऑर्गेनिक सब्जियां की बिक्री को वे प्रमोट कर रहे हैं। इसी कड़ी में रेवाड़ी में 7 एकड़ जमीन में ऑर्गेनिक सब्जियां उगाई गई हैं। एक साल तक खुद उपयोग करने के बाद उन्होंने इसे गुरुग्राम में बिक्री के लिए चयनित किया है। इस मौके पर भाजपा युवा नेता प्रवीण अग्रवाल, डॉक्टर मंगल, बाली शर्मा, कृष्ण, सतीश तायल, हरदीप गुप्ता, अशोक अग्रवाल, शरद चहल, विनय मंगल समेत सभी ने इस प्रयास को सराहा। लोगों से अपील भी की कि हमें ऑर्गेनिक फूड की अब शुरुआत करनी चाहिए।

### राजीव दीक्षित व डीपी गोयल से मिली प्रेरणा: मुकेश

**कैनविन** फाउंडेशन के सहयोग से ऑर्गेनिक सब्जी ऑन व्हील की शुरुआत करने वाले मुकेश के मुताबिक ऑर्गेनिक क्षेत्र में काम के लिए उन्हें राजीव दीक्षित और कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल से प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि सब्जी हर घर की जरूरत है। इसलिए वे शुद्ध ही होनी चाहिए। यह सत्य है कि आज 80 फीसदी सब्जियां गंदे पानी और रयासनों के छिड़काव से पैदा की जा रही हैं। जो कि एक तरह से जहरीली हैं। बिना कैमिकल और मीठे पानी की सब्जियां वे यहां बिक्री कर रहे हैं। उन्होंने कैनविन फाउंडेशन का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने उनके इस कार्य में पूर्ण सहयोग करके यहां काम करने का मौका दिया है।

## मकर संक्रांति पर गर्म पानी के कुंड में आस्था की डूबकी

एन रोहिल्ला। सोहना



सोहना के शिव कुंड गर्म पानी में स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़।

**अगर** धरती पर कहीं स्वर्ग है तो यहीं है-यहीं है। ये शब्द इस भीषण सर्दी में प्राकृतिक गंधकयुक्त गर्मजल सरोवर में स्नान करने वाले स्नानार्थियों के मुंह से अनायास निकल ही जाते हैं। प्राकृतिक गर्मजल सरोवर हिन्दुओं की आस्था का प्रतीक, पर्यटकों की उत्कंठा का विषय ऐसा पावन स्थल है। जो स्वयं में अनेक विश्वसनीय मान्यताओं को समेटे हुए है। जिसके असीम आशीर्वाद की बदौलत लाखों भक्त पुण्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

देश की राजधानी दिल्ली से करीब 50 किलोमीटर व साइबर सिटी गुरुग्राम से मात्र 25 किलोमीटर दूर अरावली पर्वतमालाओं की तलहटी में स्थित सोहना कस्बा अपनी अद्भुत व प्राकृतिक मान्यताओं के कारण देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी विख्यात है। विश्व प्रसिद्धि के चलते आज भी हजारों की संख्या में पर्यटक पवित्र धरती पर कदम रखते हैं। कस्बे में करीब 800 वर्ष प्राचीन गंधकयुक्त गर्मजल सरोवर (कुंड) ने सोहना का नाम विश्व के मानचित्र पर अंकित कर दिया है। बताया जाता है कि भारतवर्ष में इससे ज्यादा तापमान का गर्मजल अन्य किसी स्थान पर नहीं है। वर्तमान में गर्मजल सरोवर को तीर्थस्थल के रूप में पहचाना जाता है।

**गर्मजल का रहस्य :** प्राकृतिक गंधाक्युक्त गर्मजल के उद्‌गम व खोज को लेकर विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां हैं। बताया जाता है कि विक्रम संवत 1584 चतुर्भुज नामक बंजारे ने गर्म पानी की खोज करके इस स्थान का नाम साखमजति महाराज रखा था। 1900 में केशवानंद महाराज ने पवित्र सरोवर की गुंबद पर अष्टधातु निर्मित कलश का निर्माण कराया था।

**गर्मजल सरोवर की मान्यताएं :** प्राकृतिक गर्मजल चरमरोगियों, खांसी, दर्द आदि बीमारियों के लिए रामबाण है। मरीज कई-कई महीने ठहरकर सरोवर में स्नान करके लाभ प्राप्त करते हैं। इसके अलावा शादी ब्याह, जन्ममरण के कार्यक्रमों में स्थानीय निवासी सरोवर के जल का इस्तेमाल करके पुण्य समझते हैं। परिवार में नवजात पुत्र की प्राप्ति पर कस्बेवासी सरोवर की गुंबद पर ध्वजा चढ़ाते हैं। बताया जाता है कि बच्चे की प्राप्ति न होने पर इस तीर्थस्थल पर मनोती मांगने पर इच्छा अवश्य पूर्ण होती है।

**मकर संक्रांति और गंगा स्नान पर विशेष :** वैसे तो पूरे वर्ष इस तीर्थ स्थल पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का ताता लगा ही रहता है। लेकिन वर्ष में दो दिन ऐसे आते हैं जिस दिन यहां स्नान करने वालों की संख्या दो से तीन गुणा बढ़ जाती है। जनवरी माह में मकर संक्रांति और नवंबर-अक्टूबर में आने वाला गंगा स्नान पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ होती है।

**तीर्थस्थल पर विवाद :** 1938 में तीर्थस्थल (गर्म कुंड) के स्वामित्व को लेकर कस्बे के हिन्दू व मुस्लिम जनता के मध्य विवाद हो गया था। मामला लाहौर हाईकोर्ट तक जा पहुंचा था। कई वर्षों तक चली अदालती जंग के बाद हाईकोर्ट ने मुगल सम्राट मोहम्मद जलालुद्‌दीन अकबर के दरबारी कवि अबुल फज्ल द्वारा रचित पुस्तक आइनादृए-अकबरी के तहत निर्णय हिन्दुओं के पक्ष में दिया था।

## गुडइयर इंडिया ने अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### यह पहल कोविड-19 महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करेगी

**गुडइयर** इंडिया लिमिटेड, अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत फरीदाबाद सिविल अस्पताल में पर्सनल प्रोटेक्टिव और क्वारेंटाइन वार्ड इक्विपमेंट उपलब्ध कराएं। यह पहल कोविड-19 महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करेगी, जो आज की जरूरत है। यह प्रोजेक्ट अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

साझेदारी के तहत, गुडइयर इंडिया लिमिटेड कोविड-19 के रोगियों के इलाज के लिए महत्वपूर्ण उपकरण दान करके फरीदाबाद सिविल अस्पताल की मदद कर रहा है। इनमें बेडसाइड वेंटिलेटर, मल्टीपारा मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर आदि उपकरण शामिल हैं। गुडइयर इंडिया लिमिटेड महत्वपूर्ण व्यक्तिगत सुरक्षा गियर जैसे कि पीपीई किट, एन 95 मास्क, 3 प्लाई मास्क और सैनिटाइजर प्रदान करके फ्रंटलाइन स्टाफ की मदद कर रहा है। फरीदाबाद में कोविड रोगियों के इलाज के लिए सिविल अस्पताल में सभी सुविधाएं मुहैया की जा रही है। यहां अच्छी तरह से प्रशिक्षित चिकित्सकीय और गैर-चिकित्सकीय कर्मचारियों और अनुभवी तकनीशियनों की एक टीम, कोविड रोगियों के इलाज के लिए 24×7 काम कर रही है।

अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन इन उपकरण के वितरण में मदद करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि अस्पताल में इनका उचित इस्तेमाल किया जाए। गुडइयर इंडिया के एमडी, संदीप महाजन ने कहा कि कोविड 19 के इन अभूतपूर्व समय में गुडइयर की मदद से बोझिल सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। हमारा उद्देश्य एक सुरक्षित और स्वस्थ देश को बनाने में मदद करना है, और अमेरिकेयर्स इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से, हम अपने आसपास के क्षेत्रों में कुछ सकारात्मक परिवर्तन लाने की उम्मीद करते हैं। ये वास्तव में चुनौतीपूर्ण समय हैं और इसलिए, महामारी के कारण हमारे सामने आई चुनौतियों को दूर करने के लिए हमें एक सहयोगी और सहभागी दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

सिविल अस्पताल फरीदाबाद के मुख्य सर्जन डॉ रणदीप सिंह पूनिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, कोविड -19 महामारी से लड़ने की दिशा में हर कदम का मतलब है कि हम एक और जान बचाने में सफल हुए है। कोविड -19 के खिलाफ हमारी लड़ाई में सिविल अस्पताल, फरीदाबाद की मदद करने के लिए हम गुडइयर इंडिया को धन्यवाद देते हैं।


## बीएसएफ जवान ने किया आत्महत्या का प्रयास

**सोहना।** भोंडसी स्थित बीएसएफ कैंप परिसर के क्वार्टर में सिपाही ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घायल सिपाही को पहले कैंप परिसर में स्थित अस्पताल और बाद में गुरुग्राम के आरटीमिश अस्पताल में दाखिल कराया है।

भोंडसी स्थित बीएसएफ कैंप बटालियन-95 के कंमाडेंट ने सिपाही द्वारा गले में फांसी लगाने कर जान देने का प्रयास करने की शिकायत दर्ज कराई है। कंमाडेंट राजेन्द्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि क्वार्टर नंबर 803 टाइप टू में रह रहे सिपाही सोनू कुमार ने बुधवार सुबह गले में फांसी का फंदा लगा लिया, लेकिन उसे तुरन्त प्रभाव से बचा लिया। कैंप परिसर के अस्पताल के डॉक्टरों ने सोनू कुमार को तुरन्त प्रभाव से गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। गुरुग्राम के आरटीमिश अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। सूत्रों के अनुसार सिपाही सोनू कुमार का तबादला दिल्ली स्थित बीएसएफ कंपनी में कर दिया था। जिससे निराश होकर सिपाही ने आत्महत्या का प्रयास किया।

## भारत में प्रिवेंटिव हेल्थकेयर में ज्यादा निवेश की आवश्यकता : डीएस नेगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**बजट** की तैयारियां जोरों पर हैं। इस दौरान हर सेक्टर वित्त मंत्री से कुछ उम्मीदें लगाए हैं। हेल्थकेयर सेक्टर को भी इस बार बजट से अधिक अपेक्षा है। आरजीसीआईआरसी (राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर) के सीईओ व सेवानिवृत्त आईएएस डीएस नेगी ने कहा, 'मौजूदा महामारी देखते हुए बजट 2021 से हमारी अपेक्षाएं हेल्थकेयर सेक्टर में खर्च के लिए ज्यादा आवंटन से जुड़ी हैं। सबको बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने की दिशा में आयुष्मान भारत निसंदेह बहुत सकारात्मक कदम है और इसे सफल बनाए रखने के लिए बजट में और ज्यादा प्रावधान करने की जरूरत होगी।

उन्होंने कहा कि भारत में 60 फीसद से ज्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र की है। इस लिहाज से हम सबसे युवा देश हैं। इसके बावजूद बीमारियों का दबाव भी हम पर ज्यादा है। विशेषतौर पर लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। हम उम्मीद करते हैं कि सरकार प्रिवेंटिव हेल्थ एवं वेलनेस सेक्टर के लिए बजट में अतिरिक्त व्यवस्था करेगी। अगर प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप हो और शुरुआती स्टेज में पता चल जाए तो कैंसर के 60 फीसदी मामलों का इलाज संभव है। इससे इस बीमारी के कारण पड़ने वाला खर्च कम किया जा सकता है। प्रिवेंटिव ओंकोलॉजी के लिए विशेष यूनिट बनाकर आरजीसीआईआरसी जैसे इंस्टीट्यूट सक्रियता से काम कर रहे हैं।

पूर्व में दिल्ली सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेट्री (हेल्थ एवं फैमिली वेलफेयर) रहे श्री नेगी ने कहा, 'भारत में आबादी के हिसाब से अस्पतालों में बेड की बहुत कमी है। निजी क्षेत्र को चिकित्सा सुविधाएं आधुनिक करने के लिए टैक्स छूट जैसे कदमों से बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सकेगी। इससे ज्यादा निवेश भी आएगा और ज्यादा रोजगार भी सृजित होंगे। श्री नेगी ने कोरोना महामारी के कारण आए बदलाव को भी रेखांकित करते हुए कहा कि इस महामारी ने अप्रत्याशित स्थिति पैदा कर दी थी। इसके पीछे के कारणों में पर्यावरण को हो रहा नुकसान भी शामिल है। दुनियाभर के देशों को इस दिशा में मिलकर प्रयास करना होगा। जलवायु परिवर्तन के कारण फसल चक्र प्रभावित हो रहा है और इससे महामारी से भी बड़ा संकट पैदा हो सकता है।

## कोविड वैक्सीन : स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी की



**सोहना।** स्वास्थ्य विभाग ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कोविड वैक्सीन टीकाकरण के लिए 8 केंद्र बनाए हैं। शुरुआत में छह केंद्रों पर वैक्सीन टीकाकरण की शुरुआत की जाएगी। जरूरत पड़ने पर दो अतिरिक्त केंद्रों पर भी टीकाकरण किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने सोहना ब्लॉक में कोविड वैक्सीन टीकाकरण को लेकर शहारी क्षेत्र में तीन और ग्रामीण क्षेत्र में पांच केंद्र बनाए हैं। इनमें दो केंद्र रिजर्व में रखे हैं। जिन्हें आवश्यता पड़ने पर ही चालू किया जाएगा। गुरुवार को नागरिक अस्पताल में एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में पशुपालन विभाग, सीडीपीओ खंड कार्यालय, पंचायत विभाग और सामाजिक संगठन साक्षी से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया।

नागरिक अस्पताल सोहना प्रशासन ने शहरी क्षेत्र में केडीएम पब्लिक स्कूल, शिव पब्लिक स्कूल और निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह महाविद्यालय परिसर में वैक्सीन टीकाकरण केंद्र बनाए हैं। प्रत्येक केंद्र पर कम से कम सौ लोगों को टीका लगाया जाएगा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघौला के प्रभारी डॉ. विकास ने बताया कि उन्होंने पांच केंद्रों में तीन निजी संस्थान और दो राजकीय स्कूलों का चयन किया है। जीडी गोयंका स्कूल, डीवीएम पब्लिक स्कूल और एशियन पब्लिक स्कूल शामिल है। राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल घंघौला और राजकीय मिडल स्कूल दमदमा को अतिरिक्त केन्द्र बनाया गया है।

## बच्चों में गंभीर कुपोषण चिंता का विषय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### कम्युनिटी मैनेजमेंट से ही है उम्मीद : सीमैम एसोसिएशन

**गंभीर** कुपोषण की रोकथाम में उपयोग किए जाने वाले रेडी-टू-यूज थेरेप्यूटिक फूड्स (आरयूटीएफ) के निर्माताओं के संगठन सीमैम एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने बच्चों में गंभीर कुपोषण (सिवीयर एक्यूट मालन्यूट्रीशन - सैम) के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी किए गए 5वें राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, एनएफएचएस-4 की तुलना में एनएफएचएस-5 में शामिल रहे 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 16 में ऐसे बच्चों का अनुपात बढ़ा है, जो गंभीर कुपोषण से ग्रस्त हैं।

बच्चों में सैम के बढ़ते मामलों की चुनौती से निपटने के लिए, सीमैम एसोसिएशन ने पोषण अभियान के तहत सामुदायिक स्तर पर सैम का सामना करने के लिए नए प्रोडक्ट विकसित करने में सरकार को पूरे समर्थन का भरोसा दिया है। इससे देश में सैम की गंभीर होती स्थिति को संभाला जा सकेगा। जिन राज्यों में गंभीर कुपोषण का अनुपात बढ़ा है, उनमें आर्थिक रूप से मजबूत राज्य जैसे गुजरात और महाराष्ट्र भी शामिल हैं। अन्य राज्यों में आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और लक्षद्वीप हैं। सीमैम एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षत खंडेलवाल ने कहा, एनएफएचएस-4 की तुलना में बाल स्वास्थ्य संकेतकों और टीकाकरण कवरेज में पर्याप्त सुधार एक सकारात्मक कदम है, लेकिन गंभीर कुपोषण वाले बच्चों का अनुपात बढ़ना एक ऐसे देश के लिए अच्छी बात नहीं है जो दुनिया में सबसे युवा आबादी के साथ एक प्रमुख सामाजिक-आर्थिक शक्ति के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। सीमैम एसोसिएशन प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की पहल को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न पोषण अभियानों में सरकार के साथ कदम मिलाकर चलने को तैयार है।

सीमैम एसोसिएशन ने कहा कि ऐसे फीडिंग प्रोटोकॉल को लागू करने की तत्काल जरूरत है, जिसमें घर में बने भोजन और उच्च गुणवत्ता वाले ऊर्जा से भरपूर न्यूट्रिशन सप्लीमेंट के साथ उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, अच्छी तरह से पोषित बच्चों की तुलना में सैम से पीड़ित बच्चों में जान जाने का जोखिम नौ गुना अधिक होता है। सीमैम एसोसिएशन ने देश में सैम की जटिल चुनौतियों से निटपने के लिए सरकार, थैरेप्यूटिक फूड निर्माताओं और सिविल सोसायटी के बीच सहयोग की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है।

# सद्भाव के साथ सभी धर्मों के लोगों ने मनाया मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व

*हिंदू-मुस्लिम एकता और सद् भाव के बेमिसाल इलाके मेवात में सभी त्योहार साझे मनाने की परंपरा रही है। सभी समुदाय के लोग के लोग एक दूसरों के त्योहारों को मिलजुल कर मनाते हैं। इसी क्रम में मकर संक्रांति और लोहड़ी का त्योहार जिला मेवात में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसकी विशेषता यह रही हिंदू और मुस्लिम दोनों जाति के लोगों ने बहुत प्रेम से हिंदू-मुस्लिम तहजीब को बरकरार रखते हुए तमाम स्थानों पर त्योहार मनाया।*

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



**हर** वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोहड़ी का त्योहार जिला मेवात में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसकी विशेषता यह रही हिंदू और मुस्लिम दोनों जाति के लोगों ने बहुत प्रेम और प्यार से हिंदू-मुस्लिम तहजीब को बरकरार रखते हुए नूंह शहर में गौंदाराम चौक पर यह त्योहार मनाया।

कार्यक्रम का आयोजन नूंह शहर निवासी सहित मुख्य रूप से जेजेपी नेता गणेश दास अरोड़ा, राजू कटारिया, बुजुर्ग तेजभान रहे। जेजेपी नेता नासिर हुसैन, युवा जेजेपी के जिला प्रधान वसीम अहमद, जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन खुशी से शामिल हुए। बड़ी धूमधाम से लोहड़ी का त्योहार मना कर आपस में मिठाई सहित मूंगफली और रेबडिया प्रसाद के रूप में लोगों, बच्चों के बीच बांटी गईं।

आयोजक वरिष्ठ नेता गणेश दास अरोड़ा व राजू कटारिया ने बताया कि अब भी मेवात में हिंदू मुस्लिम सभी मिलकर अपने तीज-त्योहार में शामिल होते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से यशपाल अरोड़ा, हरीश जैन मनोज सहित अनेक युवा व बच्चे शामिल भी हुए।

## धूमधाम से मनाया लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व

**ललित गर्ग।** पुन्हाना



**उत्साह** और खुशियों का पर्व लोहड़ी व मकर सक्रांति पर्व पुन्हाना में धूमधाम से मनाए गए। इस दिन विभिन्न स्थानों पर धार्मिक, सामाजिक संगठनों के लोगों ने एक-दूसरे को रेवड़ी व मूंगफली वितरित की और खुशियां मनाई। ढोल बाजे के साथ नाचते गाते हुए लोहड़ी पर्व मनाया गया। अगले दिन वीरवार को सुबह से हीं मकर सक्रांति पर्व मनाने की धूम शुरू हो गई। धार्मिक आस्था व श्रद्धा के साथ मकर सक्रांति पर्व मनाया गया। सक्रांति पर्व पर दान का बड़ा महत्व होता है। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। लोहड़ी का त्योहार जीवन में खुशहाली का संदेश लेकर आता है। लोहड़ी का पर्व 13 जनवरी को पौष महीने की आखिरी रात को मनाया जाता है। अग्नि जलाकर पारंपरिक रूप से यह पर्व मनाया जाता है, जहां महिलाओं और पुरुषों ने लोहड़ी की पवित्र अग्नि के चोरों तरफ लोक नृत्य कर त्योहार की खुशियां मनाते हैं और परिक्रमा कर अरदास करते हैं।

इस त्यौहार का उत्साह बढ़ाने के लिए लडके-लड़कियां अपनी-अपनी टोलियां बना कर घर-घर जा कर लोहड़ी के गीत गाते हुए लोहड़ी मांगते हैं। देर रात तक सभी समाज व वर्गो के लोगों ने लोहड़ी पर्व का आनन्द लिया। इस दिन खिचड़ी का विशेष महत्व है। लोगों ने गौशाला पहुंचकर गायो को गुड़-चना इत्यादि खिलाकर पुण्य कमाने का काम किया।

## मकर संक्रांति पर्व पर हुए भजन-उपदेश



आर्य समाज में भजन सुनते आर्यगण।

**पायनियर समाचार सेवा।** पुन्हाना

**शहर** के आर्य समाज सत्य सदन प्रांगण में मकर संक्रांति पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान सुरेंद्र आर्य व उप प्रधान लालाराम भारद्वाज ने मकर संक्रांति पर्व का ऐतिहासिक महत्व बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आर्य समाज प्रांगण में यज्ञ कर भजनों व उपदेशों का आयोजन किया गया।

आर्य समाज सत्य सदन के प्रधान सुरेंद्र आर्य व उप प्रधान लालाराम भारद्वाज ने मकर संक्रांति का ऐतिहासिक महत्व बताते हुए कहा कि मकर संक्रांति पर्व उन्नति व विकास की तरफ जाने का परिचायक है। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर उत्तर दिशा की तरफ बढ़ता है, जो की प्रगति का संदेश देता है।

### उत्तर दिशा की तरफ बढ़ता सूर्य मकर राशि में करता है प्रवेश

उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर्व पर हमें मिलजुल कर रहने की शिक्षा मिलती है। जिस तरह तिलों के अलग-अलग हजारों दानों को गुड अपनी और आकर्षित कर उन्हें इकट्ठा कर देता है। उसी तरह समाज हित में हमें जाति प्रथा और भेदभाव को भूलकर संगठित होकर समाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

इस दिन भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्यागे थे, जिन्हें इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त था। इस अवसर पर आए सभी आर्यजनों को प्रसाद वितरित कर पर्व की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलौनी राम, पवन बंसल, गगन मंगला, देवेंद्र कुमार, गिर्राज प्रजापति, दाताराम, मनोज कुमार सहित अनेक आर्यजन मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक ट्रैक्टर से टकराई , एक की मौत दो बच्चे घायल



**मेवात।** पिनगवां - शिकरावा मार्ग पर धुंध में सब्जी लेकर घर लौट से बाइक सवार एक परिवार के दो बच्चों सहित जामिया मिलिया इस्लामिया से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा छात्र ट्रैक्टर से टकरा गए। जिससे बाइक चालक अमन पुत्र सलाउद्दीन उम्र 17 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसके साथ बाइक पर सवार रिहान पुत्र आरिफ उम्र 11 वर्ष , मोनीष पुत्र नसीम प्रधान उम्र 13 वर्ष स्कूली छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नल्हड़ मेडिकल कालेज ले जाया गया , लेकिन उनकी तबियत नासाज देखकर उन्हें सफदरजंग अस्पताल दिल्ली रेफर कर दिया गया। जहां दोनों बच्चे मौत और जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। सड़क पर खराब खड़ा ट्रैक्टर घनी धुंध की वजह से दिखाई नही दिया , जिसकी वजह से सुबह करीब 8 बजे यह हादसा हो गया। मृतक तथा घायल तीनों ही बच्चे एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसा की खबर के बाद घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है। तीन एक ही परिवार के छात्रों के साथ घटी इस दुर्घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है। पिनगवां पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### देशी कट्टे के बल पर हजारों रुपये व मोटरसाइकल लूटे

**पुन्हाना।** देशी कट्टे के बल पर एक युवक से चार अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने हजारों रुपये की लूट के साथ उसकी मोटरसाइकल भी छीन ले गए। घटना की शिकायत स्थानीय थाना पुलिस को दी गई, पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक जल्द ही आरोपियों की पहचान करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शिकायतकर्ता तौफीक पुत्र ताहिर निवासी उटावड़, जिला पलवल ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी पुन्हाना शिकरावा रोड पर जाहिद मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है। बीती शाम वह अपनी मेडिकल स्टोर बंद करके अपनी मोटरसाइकल से घर की ओर जा रहा था कि गुलालता से सिरौली वाले मार्ग की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात चार लोगों ने पीछे से आकर मुझे रोक दिया। कहने लगे कि तुमने एक महिला का एक्सीडेंट किया है। मेरे मना करने पर उक्त व्यक्ति मेरे से झगड़ा करते हुए मेरी मोटरसाइकल छीन ली और मेरी कनपटी पर देशी कट्टा लगाकर मेरी जेब से 44 हजार रुपये, एटीएम, आधार कार्ड, आरसी इत्यादि निकाल लिये। जाते जाते जान से मार डालने की धमकी दे गए। पुन्हाना पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी कमल सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# महिलाओं को न्याय और दोषियों को मिलेगी सजा

### पीड़ित महिलाओं के लिए कारगर साबित हो रहा वन स्टॉप सेंटर : डीसी

**मोहम्मद मुस्तफा।** नूंह



डीसी धीरेंद्र खड़गटा

**महिलाओं** को सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार ने वन स्टॉप सेंटर योजना लागू की है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर बनाया गया है, जहां पर पीड़ित महिलाओं को न्याय और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। सेंटर पर पीड़िताओं को सभी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 181 भी जारी किया गया है। जिस पर महिला उत्पीड़न के बारे में सूचना देकर सुविधाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता, पुलिस सहायता, पांच दिन का अस्थाई आश्रय रहना व खाना आदि सुविधाएं नि: शुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। डीसी ने बताया कि योजना के तहत घरेलू हिंसा, मारपीट, दुष्कर्म, लैंगिक उत्पीड़न, भावनात्मक उत्पीडन्, बाल विवाह, महिला तस्करी, दहेज उत्पीड़न, एसिड अटैक, साइबर क्राइम, लावारिस महिलाएं आदि को शामिल किया गया है। महिलाओं के लिए इस योजना के बारे में नूंह सेंटर प्रभारी मोहम्मद अशफाक एडवोकेट वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं के लिए एक सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करता है।

उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक व मानसिक तौर पर तक सशक्त करने के लिए उनका मार्गदर्शन किया जाता है। वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को पुलिस मेडिकल कानूनी व मानसिक सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। उनका कानूनी मार्गदर्शन करने के साथ-साथ काउंसलिंग करने का कार्य भी किया जाता है।

उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां तथा सभी महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी योजना है। जिससे महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करेगी। महिलाओं को न्याय मिलेगा और दोषियों को सजा मिलेगी।

## मेरी फसल, मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कराएं

**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी की फसलों को मण्डी में बेचने के लिए 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल' पर 11 जनवरी 2021 से पंजीकरण शुरू हो चुका है। किसानों को फसलों को मण्डी में बेचने के लिए ''मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल'' पर पंजीकरण जरूर करवा लेना चाहिए।

इस पोर्टल पर किसानों को मण्डी से सम्बन्धित व अन्य जरूरी जानकारी भी उपलब्ध होंगी। उप कृषि निदेशक डा. महावीर सिंह ने बताया कि किसान अपने नजदीकी किसी भी अटल सेवा केन्द्र (सी.एस.सी.सेंटर) पर जाकर अपनी फसल का पंजीकरण करवा सकता है। पंजीकरण करवाने के लिए किसान को अपनी फसल का सही ब्यौरा, बैंक डिटेल, आधार कार्ड व मोबाईल नं. इत्यादि की सही जानकारी देना आवश्यक है ताकि फसल बेचते समय कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

# किसान आंदोलनः नूंह की सड़कों पर जाम हुआ आम

**मेवात।** जिले में जाम अब आम हो चुका है। जिले की किसी भी मुख्य सड़क से गुजरना टेढ़ी खीर है। सड़कों पर वाहनों की पहले ही कमी नहीं थी, लेकिन किसान आंदोलन के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग-8 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर किसानों के प्रदर्शन की वजह से पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रास्ता रोका हुआ है। जिसकी वजह से नूह जिले की सड़कों पर वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है। इन सड़कों पर छोटे वाहन कम बल्कि ट्रक, कंटेनर, ट्राला जैसे बड़े वाहन दिन भर आवागमन करते रहते हैं। वाहनों की संख्या अधिक होने तथा ट्रैफिक पुलिस के जवानों की संख्या कम होने की वजह से जिले की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से इन दिनों चरमराई हुई है।

बड़कली चौक से नूह शहर के बीच तकरीबन 20 किलोमीटर का रास्ता जाम की वजह से घंटे भर में तय हो पा रहा है। इससे समय व धन की बर्बादी भी लगातार बढ़ रही है।



अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम में फंसे वाहनों की लंबी कतार।

कुल मिलाकर किसान आंदोलन का असर नूंह जिले की सड़कों पर साफ-साफ देखा जा सकता है। जिससे राहगीरों को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

राजस्थान के अलवर तथा जयपुर, भरतपुर के अलावा उत्तर प्रदेश के आगरा इत्यादि जिलों से आने वाले वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग 2 तथा 8 पर किसान आंदोलन की वजह से सड़क बंद होने के कारण रूट डायवर्ट कर अब अधिकतर वाहन नूंह जिले की सड़कों से गुजर रहे हैं। जिसकी वजह से इलाके के लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

# मेवात से हुई सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन की नई पहल

### पीरियड चार्ट में घर की सभी महिला सदस्यों की होगी माहवारी की तारीख

**रिजवान कासिम।** मेवात





सेल्फी विद डाटर फाउंडेशन की प्रदेश स्तर अभियान पर नई पहल।

**किशोरियों** और महिलाओं को माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं व उस समय उनकी विशेष देखभाल की जरूरत को लेकर सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन ने अहम शुरुआत की है। इसके तहत माहवारी का चार्ट हर घर की दीवार पर लगाया जाएगा।

सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के संस्थापक सुनील जागलान कहते हैं कि माहवारी के विषय में जागरूकता का अभाव और समय से पीरियड का नहीं आना महिलाओं में कई प्रकार की बीमारियां लेकर आता है। पीरियड चार्ट में घर की सभी महिला सदस्यों के नाम के साथ हर महीने की महामारी की तारीख लिखी जाएगी। इससे घर के पुरुष सदस्य भी इस विषय पर जागरूक हो सकेंगे। अब प्रदेश भर के 150 परिवारों में इस अभियान को एक साथ शुरू करवाया गया है, जिसमें अकेले मेवात के करीबन 40 परिवारों ने भाग लिया है।

जागलान ने बताया कि जिन्होंने पहली बार महिलाओं के लिए महावारी के लिए सैनटरी बेल्ट की खोज की थी मैरी कर्नर, उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि स्वरूप सुनील जागलान ने यह अभियान उनको समर्पित किया है। सुनील जागलान कहते हैं कि महिलाओं को माहवारी के समय विभिन्न समस्याओं से गुजरना पड़ता है।

काफी महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन भी नहीं मिल पाते। गांव की महिलाएं हों या फिर शहर की, सेनेटरी नैपकिन मंगवाने में झिझक महसूस करती हैं। माहवारी के समय स्त्री थकान महसूस करती है।

# भूख हड़ताल पर बैठे अटोहां गांव के किसान

### किसानों का संघर्ष और कड़ा हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



केएमपी पर भूख हड़ताल पर बैठे किसान।



तीसरे दिन हड़ताल पर बैठे किसान।

**कृषि** कानूनों के विरोध में चल रहे आंदोलन को तेज करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। धरना स्थल पर किसानों की संख्या बढ़नी शुरू हो गयी है। बुधवार को देर शाम एमपी से 500 किसानों का जत्था धरना स्थल पर पहुंचा। किसानों की संख्या के अनुसार नए तंबू लगाए जा रहे हैं, लंगर व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। धरना स्थल पर किसानों को कोई परेशानी न हो इसके लिए नए टॉयलेट भी मंगवाएं जा रहे हैं।

धरना स्थल पर ग्वालियर से बाबा खडूर साहब के नेतृत्व में लंगर सेवा चलाई जा रही है। आगरा के गुरु का ताल गुरुद्वारे से बाबा प्रीतम सिंह के नेतृत्व में चाय, पकौड़े, ब्रेड की सेवा दी जा रही है। बाबा लखबीर सिंह पटियाले वाले के नेतृत्व में दवाइयां, बिस्तर, चाय व कढ़ी चावल की सेवा दी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी को दो माह का समय दिया है, इसलिए किसानों ने दो महीने के लिए इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। विभिन्न राज्यों से संगत बुलाई जा रही है। उनके रहने के लिए नए तंबू तैयार किए जा रहे हैं।

रजाई व गद्दे तैयार करने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा धरना स्थल के समीप ही जगह की सफाई करवाकर नए टॉयलेट भी लगवाए जा रहे हैं। सरदार जोगा सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद किसानों का संघर्ष और कड़ा हो गया है।

कोर्ट द्वारा गठित कमेटी में शामिल किए गए लोग पहले से ही कृषि कानूनों का समर्थन कर रहे हैं। व्यापक तैयारी किसान संगठन से जुड़े समाजसेवी स्वामी श्रृद्धानंद सरस्वती व भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव रतन सिंह सौरोत ने कहा कि सर्वोच्च न्यायाल में कोई किसान संगठन, कोई किसान, कोई यूनियन नहीं गई थी कि आप हमारी इस समस्या पर कोई पहल करो।

सरकार ने ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कराई। उसी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने जो समिति बनाई है, उस समिति के जो सदस्य हैं, वो किसान विरोधी हैं, बिलों के समर्थक है, सरकार के एजेंट है। इसलिए किसान संगठनों ने तय किया है कि उस समिति को किसान संगठन नहीं मानेंगे और ये आंदोलन यूं ही जारी रहेगा। जिले में केजीपी-केएमपी चौक स्थित नेशनल हाईवे-19 पर चल रहा किसानों का धरना 42वें दिन भी जारी रहा। जिसमें 25वें दिन 24 घंटे की क्रमिक भूख हड़ताल पर जिले के अटोंहा गांव के किसान फूल सिंह, भीम सिंह, सीताराम, केशव, हरि सिंह नंबरदार, मास्टर गजराज, योगेश, हुकम सिंह, सोनू चौधरी मथुरा, अरुण सौरोत अलीगढ़ व गंगाफल आदि शामिल हुए।

## सुनहेड़ा बॉर्डर पर किसानों ने डाला पड़ाव

### राजस्थान-हरियाणा सुनहेड़ा बॉर्डर सीमा पर दो राज्यों के किसानों के पड़ाव को हुआ तीसरा दिन

**मेवात।** तीन कृषि कानूनों के विरोध में राजस्थान-हरियाणा सीमा पर सुनहेड़ा बॉर्डर पर दो राज्यों के किसानों के पड़ाव को गुरुवार को तीसरा दिन हो गया है। मंगलवार को किसानों ने सुनहेड़ा बॉर्डर पर किसानों के समर्थन में कार्यक्रम किया था। उस दौरान हरियाणा पुलिस तथा सीआरपीएफ के जवानों की कड़ी तैनाती की गई थी। दरअसल किसानों ने दिल्ली कूच करने का अल्टीमेटम दिया था। जिसे देखते हुए मेवात जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाई तो किसानों को सड़क पर ही बैठना पड़ा। अभी इस पड़ाव को महज तीन दिन हुए हैं , लेकिन तीन दिन में ही काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

मंगलवार को जहां हरियाणा पुलिस तथा सीआरपीएफ के सैकड़ों जवानों की तैनाती के अलावा आला अधिकारी यहां दिखाई पड़ रहे थे, वहीं गुरुवार को नजारा बदला हुआ था। मंगलवार को जहां दोनों राज्यों के वाहनों का आवागमन किसानों के पड़ाव की वजह से नहीं हो पा रहा था तो गुरुवार को दोनों राज्यों में वाहन धड़ल्ले से आते-जाते दिखाई दिए। इसके अलावा किसान अब सड़क के एक तरफ अपना टेंट लगाकर बैठ गए हैं और भाषणबाजी का दौर चल रहा है। किसानों ने इसी जगह पर खाने-पीने का इंतजाम भी कर लिया है । पहले दिन जितने किसानों की संख्या थी , उसमें तीसरे दिन कमी जरूर देखने को मिली, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं थी।

#### कानून रद्द होने के बाद ही किसान लौटेगा घर

**किसानों** ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भले ही सुप्रीम अदालत ने तीनों कानूनों को स्टे कर दिया हो और इस पर 4 सदस्य कमेटी बना दी हो, लेकिन किसान अपनी मांगों को लेकर इसी तरह रहेगा और कानून रद्द होने के बाद ही किसान अपने घर लौटेगा। उन्होंने यह भी कहा कि गांव-गांव जाकर किसानों से पड़ाव में शामिल होने की अपील की जा रही है। जल्दी ही किसानों की संख्या में भारी इजाफा देखने को मिलेगा।

## बाइक की टक्कर युवक की मौत

**पुन्हाना।** पुन्हाना-जमालगढ रोड पर सिहरी गांव के पास एक बाइक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सफी मोहम्मद की मौत हो गई। मृतक के पिता द्वारा दी गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ खोया-पाया ◆

मैं, बबली कुमारी पुत्री श्री भगवान सिंह निवासी सलेमपुर लाल थाना ढोलना जिला एटा बयान करती हूं कि मेरी इन्टरमीडिएट वर्ष 2004 अनुक्रमांक - 0053618 का प्रमाणपत्र सहअंक वास्तव मे खो गये हैं।

◆ सूचना ◆

मेरे मुवक्किल आबिद पुत्र बल्लो निवासी म.नं. 302, गांव सारन, एनआईटी फरीदाबाद ने अपने पिता बल्लो व माँ जमीला व अपने भाईयों शकील व शाहिद के गलत व्यवहार से तंग आकर उपरोक्त से अपने सभी संबंध समाप्त कर लिये हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गॉव बादशाहपुर माच्छरी में दिनांक 19.01.2021 को भुतनी वाले तालाब व पुराने कण्डम सामान (कुर्सी, मेज, अल्मारी) की बोली रविदास चौपाल में सुबह 11:00 बजे की जाएगी। सिक्योरिटी राशि 5000/- रू होगी। बाकि नियम व शर्ते मौके पर सुना दी जाएगी। इच्छुक बोलीदाता दिनांक 19.01.2021 को समय पर पहुँचे।

**रण सिंह**
**सरपंच, ग्राम पंचायत**
**बादशाहपुर माच्छरी ( सोनीपत )**

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

**बड़ी है तेज सचमुच आजकल आरी कुबेरों की**
**जिसे देखो वही अब खेलता पारी कुबेरों की**
**तुम्हारे फैंसले से न्याय का विश्वास टूटा है**
**तुम्हारे फैंसले में है तरफ़दारी कुबेरों की**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000।
पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कोरोना से मुक्ति

## टीकाकरण की तैयारी

**कुछ** ही घंटे बाद पूरे भारत में 16 जनवरी से कोविड-रोधी टीका लोगों को मिलने लगेगा। उसके पहले लाभार्थियों में तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मी तथा फ्रंटलाइन वर्कर, अन्य बीमारियों वाले संकटग्रस्त समूह तथा 50 साल से अधिक आयु वाले लगभग 27 करोड़ लोग शामिल हैं। इसके लिए आम चुनाव की तरह युद्धकालीन स्तर पर व्यापक तैयारी की गई है, लेकिन इसमें शांति, सटीकता, क्षमता, टीमवर्क व समन्वय पर खास जोर है। राज्यों ने अपनी योजनायें बना कर उनके विस्तृत लाजिस्टिक विवरण तैयार किए हैं, दो वैक्सीनें ले जाने वाले विमान देश भर में उड़ कर यह महत्वपूर्ण सामग्री अनेक स्थानों पर पहुंचाएंगे। इसके बाद उसे छोटे शहरों व कस्बों तक भेजा जाएगा जहां टीकाकरण की तैयारी हो चुकी है। सभी राज्यों की पुलिस जीवनरक्षक टीका प्राप्त करने, इसका तेजी से परिवहन सुनिश्चित करने तथा इसकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। पूना में सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया-एसआईआई उत्पादन सुविधा से आक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोवीशील्ड वैक्सीन भेजे जाने के एक दिन बाद हैदराबाद की भारत बायोटेक में तैयार कोवैक्सिन को 11 शहरों को भेजा गया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-आईसीएमआर तथा राष्ट्रीय वाइरोलोजी संस्थान के सहयोग से तैयार इस वैक्सीन की 16.5 लाख खूराकें केन्द्र सरकार को दान दी गई हैं। कोरोनावायरस के खिलाफ 'नई महत्वपूर्ण एंटीबाडीज़' की खबरें आने वाले दिन ही चीन में संक्रमण के मामलों में रिकार्ड वृद्धि दर्ज की गई है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की जांच करने वाली टीम वहां जाने से एक दिन पहले हुआ है जो चीन से कोरोना वायरस संक्रमण फैलने के मूल स्थान की जांच करना चाहती है।



भारत में कोविड-रोधी टीकाकरण शुरू होने से हम इस महामारी के खिलाफ संघर्ष के निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहे हैं जिसने सारी दुनिया को अपंग बना कर अर्थव्यवस्थाओं को संकट में डाल दिया है।

वर्तमान समय में भारत में कोविड-19 संक्रमितों के सक्रिय मामलों की संख्या 2,14,507 है, 1,01,29,111 लोग अब तक इस बीमारी से ठीक हो चुके हैं, जबकि देश में एक दिन में 15,968 नए मामलों तथा 202 मौतों के आंकड़े सामने आए हैं। इस प्रकार भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में कुल संक्रमितों की संख्या 1,04,95,147 तथा मृतकों की 1,51,529 है। दुंनिया बहुत लंबे समय से वायरस के टीके की प्रतीक्षा कर रही थी। दुनिया की सबसे सस्ती वैक्सीनें भारत में उपलब्ध हुई हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत की वैक्सीनें 'सबसे सस्ती' इसलिए हैं क्योंकि उनको बाजार मूल्य पर नहीं बेचा जा रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने स्पष्ट किया है कि किसी व्यक्ति के पास टीकाकरण के लिए वैक्सीनों में से चयन का अधिकार नहीं है क्योंकि यह अनेक वैक्सीनों की उपलब्धता वाले देश में ही संभव है। करनाल, कोलकाता, चेन्नै व मुंबई में सरकार चिकित्सा भंडार विभाग-जीएमएसडी को वैक्सीन वितरण के लिए चार प्रमुख भंडारण केन्द्रों के रूप में प्रयोग किया जा रहा है जहां से 'चरणबद्ध रूप से' वैक्सीन अन्य स्थानों पर भेजी जाएगी। इस अभियान के ऐतिहासिक महत्व को समझते हुए केन्द्र सरकार ने राज्यों को सलाह दी है कि वे टीकाकरण कार्यक्रम में 'पूरी प्रक्रिया पर सर्वोच्च स्तर से निरंतर निगरानी व व्यक्तिगत जुड़ाव' पर जोर दें। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, वैक्सीन तैयार करने वाली विभिन्न दवा कंपनियां तथा वैक्सीनों का वितरण करने वाली विभिन्न राज्य सरकारें टीकाकरण अभियान में अपना सर्वोत्तम योगदान करेंगी। हमें यह उम्मीद भी है कि इस अभियान में कोई अप्रत्याशित दुर्घटना सामने नहीं आएगी तथा सभी अप्रत्याशित समस्याओं से फौरन निपटा जाएगा। हम प्रार्थना करते हैं कि यह अभियान पूरी तरह सफल हो। हम सबको चाहिए कि 'दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान' को सफल बनाएं ताकि करोड़ों भारतीयों के टीकाकरण का लक्ष्य यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र पूरा हो सके।

# ओली की अवसरवादिता

**संसद भंग होने के बाद चीन ने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी में औपचारिक विभाजन रोकने के लिए एक मिशन भेजा। अब ओली कह रहे हैं कि वे 'भारत के असली दोस्त' बनना चाहते हैं।**



**अशोक के मेहता**
(लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



नेपाली विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली इस समय भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की छठी बैठक के लिए नई दिल्ली में हैं। इसके लिए निमंत्रण पहले ही दिया गया था। इसके बाद नेपाली प्रधानमंत्री के.पी. ओली ने पार्टी में विद्रोह के चलते पिछले महीने संसद भंग कर चुनाव कराने के आदेश दिए और वे इस समय एक कामचलाऊ सरकार के मुखिया हैं। चीन-समर्थक नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी के भारत-विरोधी अति-राष्ट्रवादी अभियान से प्रचंड जनादेश पाने के कारण ओली सुर्खियों में आए थे। बाद में वे नई दिल्ली पर अनेक आरोप लगाने लगे जिसमें नेपाली क्षेत्र पर कब्जा तथा उनकी सरकार अस्थिर करने के प्रयास शामिल हैं। राजनय में कोई स्थाई मित्र या स्थाई शत्रु नहीं होता है, बस केवल हित स्थाई होते हैं। ओली ने भारत के प्रति मित्रतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया जिसका भारत ने उपयुक्त जवाब दिया है। इससे नेपाली अनुमान लगाने लगे हैं कि शायद संसद भंग करने का निर्णय भारत के समझाने पर लिया गया है और चीन का नुकसान भातर का लाभ है। हालांकि समय से पहले भंग संसद में ओली का बहुमत था, पर नेपाल की सर्वोच्च अदालत यह फैसला करेगी कि 'निर्वाचित सरकार' चुनाव कराने के समय बनी रह सकती है या नहीं। अब तक भारत ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि राजनीतिक घटनाक्रम 'नेपाल का आंतरिक मामला है और उसे यह निर्णय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत लेना है।' भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने काठमांडू में सरकार के मंत्रियों से मुलाकात की ताकि न्यूनतम संपर्क बने रहें। इस बीच एनसीपी का बड़ा गुट सड़कों पर ओली द्वारा संसद भंग करने के 'अलोकतांत्रिक' व 'असंवैधानिक' कदम को चुनौती दे रहा है। इसका नेतृत्व माधव नेपाल व प्रचंड कर रहे हैं जो संसदीय दल के नए नेता हैं तथा अन्य विपक्षी पार्टियां उनका साथ दे रही हैं। नेपाल में भारी निवेश कर चुका चीन एनसीपी में एकता स्थापित रखने में विफल रहा है, हालांकि उसने इसके लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था।

नेपाल में हिंद-प्रशांत रणनीति-आईपीएस व इससे जुड़े मिलीनियम चैलेंज कोआपरेशन के कारण चीन-अमेरिका प्रतिद्वंद्विता तेज हो रही है। इन दोनों को प्रचंड-नेपाल समूह चीन के मुकाबले उसके बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई में बाधा डालने के रूप में देखता है। भारतीय सीमा पर लंबे समय से व्याप्त गतिरोध तथा चीन के साथ टकराव ने उसे अमेरिका का स्वाभाविक साझीदार बना दिया है। लेकिन नेपाल के संदर्भ में मामला अलग है जहां द्विपक्षीय सहयोग त्रिपक्षीय हो सकता है। अमेरिका ने सामान्य रूप से भारत को नेपाल में नेतृत्व करने दिया है। 2015 में नेपाली संविधान को लेकर मची उठापटक तथा 2019 में कालापानी विवाद के बाद भारत ने नेपाल से थोड़ी दूरी बनाए रखी। ऐसा खासकर 2017 में एनसीपी की असाधारण चुनावी विजय के बाद हुआ। इसने एनसीपी को पांच साल का पूरा कार्यकाल दिया जिसके दौरान चीन ने अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत की। लेकिन एनसीपी में लंबे समय से सत्ता साझे का विवाद जारी था जिसके पीछे उसके नेताओं का अहंकार व महत्वाकांक्षा थी। इसने नई दिल्ली को राजनीतिक परिदृश्य बदलने का अवसर दिया। भारत के खिलाफ माहौल बदलने का प्रयास करने वाले चीन को ऐसा करने से रोकने में कुछ भी अनैतिक या गलत नहीं है, बशर्ते कि यह काम कुशलता से हो। पहली बार नेपाल के आंतरिक संकट में चीन को 'बहुत बड़े हस्तक्षेपकारी' की तरह देखा जा रहा है, जबकि पहले आमतौर से भारत को दोषी ठहराया जाता था। अच्छी बात है कि नेपाल में इस समय कोई खास भारत-विरोधी भावनायें नहीं हैं।

उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक ओली सरकार अभी कुछ समय सत्ता में रहेगी। नई दिल्ली ने ओली के साथ उचित समय पर सुलह का प्रयास किया है जो अमेरिका-समर्थक, आईपीएस-समर्थक, एमसीसी-समर्थक तथा एक समय भारत के प्रिय रहे हैं। रविवार को संसद में दिए उनके इस बयान पर विश्वास किया जाना चाहिए कि 'मैं भारत का असली मित्र बनना चाहता हूं।' सरकारों के बीच रूटीन कामकाज व संवाद जारी रहना चाहिए। 2004 में राजा ज्ञानेन्द्र के शाही विद्रोह के बाद भारत ने नेपाली सेना को सभी महत्वपूर्ण सैनिक सहायता बंद कर वहां लोकतंत्र कुचलने की निन्दा की थी। इसका लाभ माओवादियों ने उठाया, लेकिन जल्द ही भारत ने असली स्थिति समझ कर द्विपक्षीय संबंध बहाल किए। भारत ने सरकारी विभागों के बीच संवाद की गति और क्षमता बढ़ाई है। एक भारतीय अधिकारी की टिप्पणी है कि 'इतनी तेजी से इतना अधिक पहले कभी नहीं प्राप्त हुआ।'

नेपाली सर्वोच्च न्यायालय यह निर्णय करेगा कि इस मामले की सुनवाई संविधान पीठ करे या इस पर पूर्ण पीठ निर्णय करे। प्रधान न्यायाधीश चोलेन्द्र राना द्वारा पीठ की अध्यक्षता के बारे में विधिक व नैतिक सवाल है। चाहे संसद बहाल हो जाए या नए चुनाव हों, एनसीपी का असर और शक्ति पहले जैसी नहीं रहेगी। हमें दो एनसीपी या एक एनसीपी के पूर्व अवतार-सीपीएन यूएमएल और सीपीएन माओइस्ट सेंटर देखने को मिल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह विभाजन माओवादियों के बजाय सीपीएन यूएमएल में अधिक होगा। एनसीपी अब तक इसलिए नहीं बंटी थी कि ओली या प्रचंड इसे तोड़ने के आरोप से बचना चाहते थे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि प्रचंड-नेपाल गुट बड़ा है तथा वह मूल गुट है। उसे पार्टी का स्वामित्व तथा चुनाव निशान दिया जाना चाहिए, पर उसने विभाजन को स्वीकार नहीं किया है क्योंकि वे दो पार्टियों के रूप में पंजीकृत नहीं हैं। मामला न्यायपालिका के विचाराधीन होने के बावजूद ओली ने सार्वजनिक रूप से दावा किया है कि संसद को बहाल नहीं किया जाएगा, भले ही चार पूर्व प्रधान न्यायाधीशों ने इसके विलय को असंवैधानिक माना हो।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी तथा उसकी बहुमुखी प्रतिभा वाली राजदूत हाऊ यानकी हर हाल में औपचारिक विभाजन रोकना चाहती हैं। हालांकि, दोनों गुटों ने पार्टी एकता के लिए चीनी प्रयासों को खारिज नहीं किया है और बीजिंग का पैसा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इसके बावजूद जहां दोनों गुटों का झुकाव चीन की ओर है, एनसीपी के दो अलग समूह भारत के लिए मित्रतापूर्ण हो सकते हैं। 2015 व खासकर 2017 के बाद कम्युनिस्ट समूहों का चीन की ओर झुकाव बढ़ा। गृहयुद्ध के दौरान चीनियों ने माओवादियों का मजाक उड़ाते हुए कहा था कि उन्होंने 'माओ का नाम बदनाम' किया है और वे 'दुष्ट राज्य-विरोधी विद्रोही' हैं। ऐसा उनके सत्ता में पहुंचने तक रहा और उसके बाद चीन ने सुविधाजनक तरीके से वैचारिक निकटता की बात शुरू कर दी। 2008 में प्रचंड ने प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए मजबूर किए जाने के बाद स्वीकार किया था कि पहले वे सोचते थे कि भारत को संतुलित करने के लिए चीन जरूरी है, लेकिन बाद में समझ आया कि नेपाल के लिए भारत ज्यादा महत्वपूर्ण है। पूर्व प्रधानमंत्री माधव नेपाल को मजाक में माधव इंडिया कहा जाता था। आमतौर से काठमांडू में चलने वाले सत्ता के खेलों में भारत का आर्शीवाद प्राप्त किया जाता है। हालांकि, बीजिंग इस क्षेत्र में बाद में आया, पर वह भारत को हाशिए पर धकेल कर वर्चस्व स्थापित करने में सफल हुआ।

नए चुनाव लोकतांत्रिक शक्तियों के लिए सर्वोत्तम स्थिति होगी। खासकर माओवादियों के सफाए के बाद नेपाली कांग्रेस 2013 की तरह अकेली सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभर सकती है। नई दिल्ली को सभी पार्टियों व सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से नेपाली जनता के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने चाहिए। भारत में नेपाल पर लंबे समय से नजर रखने वाले लोगों ने सरकार को अवसरवादी ओली और उनकी कामचलाऊ सरकार के साथ संबंधों के खिलाफ चेतावनी दी है। उन्होंने भारत-नेपाल समझौतों व राजनीतिक संबंधों को संकट में डाला है। दूसरे शब्दों में इन पर्यवेक्षकों के अनुसार भारत को खामोश तमाशबीन बने रहना चाहिए। चीन भी भारत की यही भूमिका चाहता है।

# हरित ऊर्जा क्षेत्र का महत्व

> **हमारा स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध देश के संघर्ष में अग्रणी रहा है, लेकिन वर्तमान में यह तरलता संबंधी बाधाओं का सामना कर रहा है।**

**ध्रुब पुरुकायस्थ**
(लेखक यूसीसेफ के निदेशक हैं)



भारत का ऊर्जा क्षेत्र दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है और काफी मात्रा में निवेश आकर्षित कर रहा है। हालांकि, देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सेक्टोरल स्तर पर आनुपातिक एवं रूपांतरणकारी निवेशों की आवश्यकता होती है। प्रविष्टि की वर्तमान दर एवं अर्थव्यवस्था की कुल सेहत को देखते हुए जो कोविड-19 महामारी के चलते पतनशील हो गई थी, स्वच्छ ऊर्जा में निवेशों को बढ़ावा देने के लिए संक्रमण के वित्तीयन हेतु नए एवं वैकल्पिक रास्ते खोजना तथा निजी उद्योगों की सहभागिता को प्रोत्साहन देना अनिवार्य हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हरित ऊर्जा के क्षेत्र में टिकाऊ असर डालने के लिए भारी मात्रा में धन की आवश्यकता है। हमारा स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध देश के संघर्ष में अग्रणी रहा है, लेकिन वर्तमान में यह वर्तमान कोविड संक्रमण के चलते तरलता संबंधी बाधाओं तथा आपूर्ति अवरोधों का सामना कर रहा है। देश की बढ़ती आवश्यकताओं को संबोधित करने साथ ही साथ पर्यावरण को बचाने के लिए कदम उठाने हेतु उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों की ओर अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू पूंजी प्रवाह की आवश्यकता है। क्लाइमेट पॉलिसी इनीशिएटिव द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट हमें स्रोत से लेकर उपयोग करने वालों तक वित्त के मानचित्रण द्वारा भारत में हरित वित्त रुझानों के बारे में अद्वितीय जानकारियां मिलती हैं, इस प्रकार हमें यह जानने में मदद मिलती हे कि हम देश के आर्थिक एवं पर्यावरण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सही रास्ते पर चल रहे हैं या नहीं। ऐसी कवायद हमें जलवायु खर्च जुटाने, नए संसाधनों की व्यवस्था करने, घरेलू लोक वित्त के प्रशासन में पारदर्शिता व जवाबदेही लोकर निवेशकों के साथ भरोसा कायम करने में मददगार हो सकती है। अध्ययन यह परिलक्षित करता है कि हरित क्षेत्र हमारे संपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि से आगे जा रहा है। उदाहरण के लिए, भारत में हरित क्षेत्र निवेश 2016 और 2018 के बीच 24 प्रतिशत से बढ़ा, जबकि जीडीपी उसी अवधि में मात्र 7.4 प्रतिशत से बढ़ा था।

देश में हरित वित्त के प्रमुख ग्रहणकर्ताओं में से एक है विद्युत उत्पादन उद्योग (70 प्रतिशत), उसके बाद ऊर्जा दक्षता (20 प्रतिशत) और टिकाऊ परिवहन (10 प्रतिशत)। सहायता अनुदान और बजटीय आवंटन इस क्षेत्र का वित्तीयन करने हेतु सरकार द्वारा आमतौर से प्रयुक्त औजार है, जबकि वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिए जाने वाले कर्ज हरित ऊर्जा में संलिप्त निजी उद्योगों के लिए वित्त के प्रमुख स्रोत हैं। कुल में से, स्वच्छ ऊर्जा वित्तीयन का 85 प्रतिशत घरेलू स्तर पर पैदा किया जाता है, साथ में सरकारी वित्तपोषण के स्रोत एक मजबूत निजी क्षेत्र निवेश की रीढ़ होते हैं। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 2018 में 1 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर गया था। जबकि विदेशी अधोलेखन की भूमिका है, यह भारत सरकार, उसके अभिकरणों एवं घरेलू निजी बाजार के योगदानों के आगे बौना हो जाता है। देश में इसकी मूल्य श्रंखला पर हरित वित्तपोषण को परिभाषित करने एवं पता लगाने की पद्धतिशास्त्रीय बाधाओं के सामने, यह ग्रैन्यूलर आंकड़ों एवं अपोर्शन पब्लिक निजी, घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशों की खरीद के लिए यह बड़ी चुनौती है। आगे, हरित क्या होता है इस पर आम सहमति के अभाव में खासकर ऊर्जा दक्षता एवं बिजली पारेषण जैसे क्षेत्रों में यह समस्या होती है।

इसके अलावा, हम देश के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा एवं जलवायु संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक पूंजी के अभाव से ग्रसित हैं। भारत के राष्ट्रीय रूप से निर्धारित योगदान का आंकलन है कि देश को 2015-2030 के बीच 2.5 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता होगी, जलवायु कार्रवाई कार्यक्रमों के वित्तपोषण हेतु वार्षिक आवश्यकता लगभग 170 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष है। देश का स्वच्छ ऊर्जा वित्त प्रवाह वर्तमान समय में लगभग 19 बिलियन डॉलर प्रतिवर्ष है। नि:संदेह, एक टिकाऊ एवं रूपांतरणकारी प्रभाव पैदा करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है।

अत:, क्या किया जा सकता है? सर्वप्रथम, 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था प्राप्त करने तथा आत्मनिर्भर भारत की आकांक्षाएं हरित समाधानों पर आधारित होनी चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कई लाभ होते हैं जैसे कि सुरक्षित एवं बाधाओं से रहित नौकरियां मुहैया होना, आर्थिक वृद्धि को गति प्राप्त होना आदि। इसलिए हमें टिकाऊ वृद्धि के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की ओर बढ़ना होगा। यह पता लगाने के लिए भारतीय नीति नियंता कई अध्ययनों पर दृष्टि डाल सकते हैं कि वे प्राथमिकता वाले सामाजिक क्षेत्रों में निजी पूंजी को निकालने के लिए श्रेष्ठ उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हरित वित्तीयन का पता लगाने के लिए एक एकीकृत घरेलू मापन, रिपोर्टिंग एवं पुष्टीकरण प्रणाली का सृजन करना प्रतिबद्ध कार्रवाइयों के लिए प्रवेशि बिंदु की पहचान की ओर पहला कदम हो सकता है। जलवायु बजट संलग्नीकरण एवं एमआरवी का संयोजन देश की जलवायु निवेश रणनीति के लिए आने वाले दशकों में एक मजबूत आधारशिला बन सकता है। अंत में, प्रतिबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों द्वारा जलवायु प्रभाव कम करने के लिए की जाने वाली गतिविधियां 2017 से 2018 में दोगुनी हो गई थी। लोक उपक्रम केंद्र तथा राज्य सरकारों, बांड बाजारों एवं अंतरराष्ट्रीय विकास अभिकरणों के लिए धन का भुगतान करने हेतु महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

वे स्वयं विविध सार्वजनिक योजनाओं एवं पहलकदमियों के माध्यम से हरित वित्त के अहम स्रोत के तौर पर काम करते हैं। भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण एवं भारतीय सौर ऊर्जा निगम जैसे अभिकरणों ने भारत को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के अग्रणी बनने में मदद की है। इन बुरे दिनों में भी, हम भरोसा रखें कि देश का भविष्य उज्जवल है। इसे सच साबित करने के लिए, भविष्य भी हरा-भरा होना चाहिए।

## आप की बात

### टीकाकरण से जागा उत्साह

**लगातार** घट बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बीच आखिरकार टीकाकरण की शुरुआत की तारीख की घोषणा ने चिंतित और भय ग्रस्त लोगों में उत्साह का संचार किया है। आरंभिक दौर में स्वास्थ्य कर्मियों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को टीकाकरण की बात जायज है जो विगत 10 माह से संक्रमण के बीच अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रधानमंत्री की दो टूक भी उचित रही। स्वदेशी वैक्सीन नें दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं की लंबी कोशिशें आखिरकार उत्साह की खबर ले ही आई जिसके लंबे इंतजार में लोग भयभीत होकर काम कर रहे थे। 16 जनवरी से देश में टीकाकरण का प्रथम चरण आरंभ होगा जिससे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही उन सेवकों को प्राथमिकता दी जाएगी जो पिछले 10 माह से अपनी जान जोखिम में डालकर संक्रमितों की सेवा में लगे थे। 3 करोड़ लोगों का लक्ष्य लेकर शुरू होने वाला टीकाकरण नि:संदेह दुनिया के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं है क्योंकि भयानक संक्रमण के दौर से गुजरे देश को इतनी जल्दी और वह भी स्वदेशी वैक्सीन मिल जाएगी यह किसी ने सोचा तक नहीं था। हमारे शोधकर्ता आखिरकार उस मुकाम पर पहुंच गए जिसका इंतजार था।

– **अमृतलाल मारू**

### शराब पर प्रतिबंध आवश्यक

**मुरैना** में ज़हरीली शराब के सेवन से मृतक आंकड़ा 21 तक जा पहुंचा। और घटना की गम्भीरता को देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। और कार्यवाही को गतिशीलता प्रदान की। जहरीली शराब की इस तरह की घटनाएं पूर्व वर्षों में भी समाचार पत्रों में स्थान कायम करती रही। समझ से परे लगता है एक और हम आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते है। नशामुक्ति अभियान चलाकर नशामुक्त करने की रैलियां, गोष्ठियों का आयोजन करते है। परन्तु समस्या अनवरत बनी है। शराब के कारण हजारो जीवन लीला हर साल समापन हो जाती है। कहि परिवार इस शराब के नशीली पृवत्ति से परेशान है। लोगो का सामाजिक जीवन और आर्थिक परिस्थितियों पर घातक प्रभाव नशा पृवत्ति की ही देन है। शराब से परेशान गावों में भी विरोध , ज्ञापन जारी है। समाज मे सामाजिक जीवन स्तर को अगर ऊपर उठना है । लोगो की आर्थिक नीतियों को मजबूत बनाना है तो शराब बंदी बिल्कुल जरूरी है। शराब के कु प्रभाव से लोगो के लीवर , फेफड़े ,किडनी , और अन्य घातक जानलेवा बीमारियों को तो मौका मिलता ही है। साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों का सकुन जीवन भी बेकार हो जाता है।

– **योगेश जोशी**

### ...ताकि सबको मिले वैक्सीन

**हाल** ही में भारत सरकार द्वारा दो भारत में निर्मित कोरोना वैक्सीन को सीमित उपयोग के लिए मंजूरी दे दी है। इन दो टीकों के नाम कोविशील्ड और कोवक्सीन है। अब हमारे सामने सवाल यह खड़ा होता है कि इतने बड़े देश में इतनी बड़ी आबादी में सबको टिका कैसे लगाया जाए? हालांकि भारत को अपनी पूरी जनसंख्या के टीकाकरण की जरूरत तो नहीं होगी परंतु कम से कम 30 प्रतिशत से लेकर 40 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण करना ही होगा। अब टीकाकरण के सामने कई चुनौतियां भी है जैसे कि वैक्सीन का आवंटन कैसे हो, वैक्सीन सबको कैसे वितरित की जाए? यूरोप समेत कई देशों में कोरोना का टीका सरकारी कोष से लगने की उम्मीद है। परंतु वर्तमान स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि कहीं न कहीं हमें सरकारी वित्तीय सहायता मिलने की उम्मीद कम है। इन तमाम समस्याओं को लेकर भारत में टीकाकरण शुरू होने में मात्र दिन रह गए है।टीकाकरण की शुरुआती दिनों में तो दिक्कते आ सकती है परन्तु अब हमें आगे की राह को देखना होगा जिसके लिए हमें सुधार करने होंगे।

– **सुदर्शन सोराड़ी**

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**जब** 60 किसान शहीद हुए तब मोदी सरकार शर्मिंदा नहीं हुई मगर किसानों द्वारा ट्रैक्टर रैली आयोजित करने से शर्मिंदा हो रही है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस अध्यक्ष



**सीता** ने भगवान राम को बताया था कि वो भाग्यशाली थीं कि उनका अपहरण रावण ने किया था उसके चेलों ने नहीं वर्ना उनका हाल भी हाथरस की लड़की जैसा हुआ होता।

– **कल्याण बनर्जी**
तृणमूल सांसद



**लगता** है कि कल्याण ने माता सीता का नाम तृणमूल कांग्रेस की राजनीति में घसीटकर, 'तृणमूल हटाओ बांग्ला बचाओ' नारे को और अधिक बल दे दिया है।

– **विनोद बंसल**
राष्ट्रीय प्रवक्ता वीएचपी

# एसडीएम ने झुग्गी झोपड़ियों में बांटीं गर्म जैकेट

**रेवाड़ी।** झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से बचाने के लिए बीती रात प्रशासन की ओर से एसडीएम रविंद्र यादव ने गर्म जैकेट वितरित किए। एसडीएम रविन्द्र यादव ने कहा कि गरीब लोग किसी भी जाति अथवा संप्रदाय के हो प्रशासन हमेशा उनके दुख में सहभागी बनने के लिए प्रयत्नशील रहता है।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है। प्रशासन की ओर से हर वर्ष ठंड के मौसम में बेघर तथा बेसहारा लोगों को आवश्यक वस्तु उपल4ध कराई जाती है। सक्षम लोगों को भी उनकी सेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को ठंड से


झुग्गी झोपड़ियों में गरीब एवं असहाय लोगों को गर्म जैकेट वितरित करते एसडीएम रविन्द्र यादव।

बचाने के लिए जिला रैडक्रास सोसायटी कार्यालय व पटवार घर के समीप अस्थाई रूप से रैन बसेरा बनाया हुआ है।

इस अवसर पर जिला रैडक्रास सोसायटी सचिव वाजिद अली, रैडक्रास रक्तदान प्रदेश कार्यकारिणी सब कमेटी के सदस्य रमेश वशिष्ठ तथा सतीश भी उपस्थित थे।

# अब ई-लर्निंग चैनल से विद्यार्थियों को करेंगे शिक्षित

## उपायुक्त आर्य ने ई-लर्निंग चैनल का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**कोरोना** काल के चलते सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को अपना पाठ्यक्रम पूरा करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। जिला भिवानी में शिक्षा विभाग ने बच्चों की निर्बाध रूप से पढ़ाई के लिए ई-लर्निंग चैनल पाठ शुरु किया है, जिसके माध्यम से कक्षा नौवीं से 12 वीं तक विद्यार्थियों को उनका पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा ताकि बोर्ड की परीक्षाओं में बेहतर




परिणाम आए।

उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य ने पंचायत भवन में समग्र शिक्षा के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में ई-लर्निंग चैनल पाठ का शुभारंभ किया। इस दौरान उपायुक्त ने लैपटॉप के माध्यम से छात्रा भावना से बात भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त आर्य ने कहा कि कोरोना संक्रमण महामारी के चलते सभी शिक्षण संस्थान बंद हुए, जिसके चलते आमजन के साथ-साथ सबसे अधिक परेशानी विद्यार्थियों के समक्ष आई, लेकिन ऑनलाईन शिक्षा के माध्यम से राह आसान हुई है।

उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में ऑन लाइन पद्धति को अपनाया जा रहा है। विश्व में 1.2 मिलियन बच्चे ऑन लाइन माध्यम से शिक्षा हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सबसे अच्छा माध्यम है, जिससे इटरनेट के जरिये बच्चों हार्वड की पढ़ाई भी कर रहे हैं।

उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी शिक्षा अधिकारियों से आह्वान किया कि वे पूरी मेहनत के साथ शिक्षण कार्य करवाएं। बच्चों का भविष्य शिक्षक वर्ग पर ही निर्भर करता है। फिलहाल में भिवानी में कोरोना के महज 30 केस हैं। सामान्य अस्पताल में लैब भी स्थापित की जा चुकी है, जिससे 24 घंटे में ही टैस्ट की रिपोर्ट आ जाती है। उपायुक्त ने इस दौरान सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को नोट्स की हैंडबुक व पैन ड्राइव भी भेंट किए।

# किसान परेड़ में भिवानी से हजारों छात्र ट्रैक्टर से करेंगे दिल्ली कूच : प्रधान

## छात्र संघर्ष समिति सभी कॉलेज और यूनीवर्सिटी का दौरा करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**भिवानी** में वीरवार को छात्र संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इसके लिए छात्र संघर्ष समिति सभी कॉलेज व यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए छात्र नेता कमल सिंह प्रधान, पूर्व प्रधान बलवान सिंह, पूर्व प्रधान शमशेर तालु, पूर्व प्रधान विजय मोटू, पूर्व प्रधान विजय मोटू, पूर्व सरवर, पूर्व प्रधान रतनपाल पहाड़ी, पूर्व प्रधान महताब सिंह, पूर्व प्रधान अनिल कुमार, पूर्व प्रधान प्रीतम, देशमुख दादरवाल, जितेंद्र भोलू, अनिल शेषमा, सुभाष यादव, लीला प्रधान निनाण ने एक स्वर में कहा कि 26 जनवरी को किसान परेड़ में भिवानी जिला के हजारों छात्र ट्रैक्टर लेकर दिल्ली कूच करेंगे। इसके लिए छात्र संघर्ष समिति सभी कॉलेज व यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे। सभी पूर्व छात्र नेताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करते है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने जो कमेटी बनाई है, वो न्यायसंगत नहीं हैं। इसीलिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय से प्रार्थना करते है कि एक फैसला ये जारी किया जाए कि तीनों कृषि कानून रद्द किए जाते है और उसके बाद कमेटी का गठन हो, जिसमें किसानों की तरफ से भी किसान शामिल हो और कृषि अर्थशास्त्र शामिल हो, ताकि किसानों के हित में फैसला मिलकर लिया जा सकें।



## किसानों ने फूंकी कृषि कानूनों की प्रतियां

**भिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर छात्र युवा किसान मंच के बैनर तले गांव बिजलाना बास के किसानों ने तीन कृषि कानूनों की प्रतियां जलाई तथा केंद्र सरकार से तीनों कृषि कानून वापिस लेने की मांग की गई। इस मौके पर किसान छोटू डूडी ने विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता की और आंदोलनकारी किसानों की हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। किसान सभा खंड कैय के प्रधान छोटू पूनिया ने आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के लिए दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर छात्र नेता अशोक कुमार ने कहा कि सरकार बार-बार विपक्ष पर आरोप लगाती है कि वो किसानों को गुमराह कर रही है, जबकि सच्चाई इसके उलट है। मोदी सरकार किसानों को भी पूंजीपतियों के अधीन करना चाहती है। यदि अन्नदाता पूंजीपतियों के अधीन होता है तो देश के सामने भुखमरी की समस्या खड़ी हो जाएगी।

## 26 जनवरी की किसान परेड में पहुंचने के लिए किया दौरा

**भिवानी।** 26 जनवरी को होने वाली किसान परेड़ की तैयारियों को लेकर किसान नेताओं ने कमर कस ली है। रैली में पहुंचने के लिए किसानों को गांव-गांव जाकर न्यौता दिया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसान 26 जनवरी की परेड़ में हिस्सेदारी करें। इसी के तहत किसान नेता जागेंद्र तालु ने वीरवार को तोशाम व लोहारू के 52 वाली खरकड़ी में चल रहे किसानों के धरने पर पहुंचे तथा 26 जनवरी को किसान परेड़ में पहुंचने के निर्देश दिए। इस मौके पर किसान नेता जोगेंद्र तालु ने कहा कि आज वे किसानों के धरने पर पहुंचे है तथा किसानों को दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी की दिल्ली परेड़ में जिला से हजारों किसान पहुंचेंगे तथा केंद्र सरकार को तीन कृषि कानून वापस लेने को मजबूर कर देंगे।

# महायज्ञ कार्यक्रम में हुआ काव्य पाठ



**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**परम** हंस तपोभूमि योगाश्रम धाम के प्रांगण में त्रिदिवसीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के दूसरे दिन राष्ट्रीय कवियों ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सान्निध्य महाराज कृष्णानंद सरस्वती का रहा। बुजुर्ग सम्मान समारोह में शिक्षाविद् व विशिष्ठ समाजसेवी डाक्टर शिवनारायण शास्त्री की गरिमामय उपस्थिति में विशेष उद्बोधन किया।

काव्य पाठ की शुरूआत करते हुए राष्ट्रीय कवि व शिक्षाविद् डाक्टर रमाकांत शर्मा ने देश वंदना की शुरूआत की। उन्होंने अपने पाठ में पंक्तियों का गायन करते हुए कहा कि जय हो देश हमारे देश जन-गण-मन के प्यारे जय हो। उन्होंने वृद्धजनों को सम्मान देते हुए कहा कि वृद्ध हमारे लिए वट वृक्ष की छाया की तरह हैं और इनका जीवन अनुभव हमारे लिए अमृत के समान हैं। डा. रमाकांत शर्मा ने कहा कि कुछ न खोना रहे, इस नए वर्ष मैंने ही रोना रहे, कामना हमारी विश्व शांति की हो न कोरोना रहे इस वर्ष में।

यह पाठशाला दैनिक जीवन में भी कोई न कोई बच्चों को अपनी बातों से पढ़ाती रहती है। एक समय ऐसा भी आता है कि जब वृद्धावस्था ज्यादा ढलान की तरफ चली जाती है तब युवा पीढ़ी को दिए गए संस्कार युवाओं को वृद्धजनों की सेवा करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर युवाओं, बच्चों द्वारा महाराज कृष्णानंद सरस्वती के सान्निध्य में 65 बुजुर्ग, महिला व पुरुषों को गर्म टॉपी, मफलर, स्कार्फ देकर सम्मानित किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## मकर संक्रांति पर हुए भंडारे, दुकानदारों ने लगाई स्टाल



**भिवानी।** शहर में मकर सक्रांति का त्योहार धार्मिक उत्साह से मनाया गया। शहर में अनेक जगह भंडारे आयोजित किए गए। सुबह से ही कहीं पकोड़े तो कहीं रस मलाई, कहीं हलवा तो कहीं गुलाब जामुन और जलेबी की सुगंध लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती रही। कई स्थानों पर मटर पनीर की सब्जी व तंदूरी चपाती का भी लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। इसी के दादरी गेट पर क्षेत्रवासियों द्वारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ठठेरा समाज के पूर्व प्रधान बद्री नारायण एवं नवीन सैनी, राजकुमार सैनी ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। उन्होंनें कहा कि हमारा देश त्यौहारों का देश है इसमें हर त्यौहार का अपना महत्व है। मकर सक्रांति का त्योहार हमें ऋतु परिवर्तन का एहसास दिलाता है। इस त्यौहार पर शरद ऋतु का समापन की ओर होती है तथा बसंत का आगमन होता है। दूसरी ओर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में लोहड़ी व मकरसंक्रांति का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। लोहड़ी मिलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपरिषद के वाइस चेयरमैन मामन चंद वशिष्ट अतिथि पार्षद दलबीर सिंह उर्फ छोटू ने शिरकत की व अध्यक्षता राजकपूर श्योराण ने की। वाइस चेयरमैन मामन चंद ने लोहड़ी की ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी को लोहड़ी पर्व व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

## आधा दर्जन ग्रामीणों के खिलाफ अवैध खनन का मुकदमा दर्ज

**फिरोजपुर झिरका।** जिला खनिज एवं सम्पदा विभाग की ओर से बुधवार शाम को महू गांव के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ अवैध खनन कर प्रतिबंधित पहाड़ों को नुकसान पहुंचाने का फिरोजपुर झिरका पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। खनिज एवं सम्पदा विभाग की ओर से झिरका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन सप्ताह पूर्व विभाग की फ्लाइंग ने महू गांव के पहाड़ का दौरा किया था फ्लाइंग जब पहाड़ का निरीक्षण कर रही थी तो कुछ लोग पहाड़ से अवैध खनन कर पत्थर चोरी का कार्य कर रहे थे। फ्लाइंग उनके नजदीक पहुंचती उससे पहले उक्त पत्थर तशकर मोके से फरार हो गए, विभाग के अधिकारी ने बताया कि काफी जांच पड़ताल के बाद पता लगा है कि अवैध खनन करने वाले जाकर, कासु, शोयब, मजीद, राहिल, आंसू है जो विभाग के अधिकारियों के अलावा पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर निरतंर महू पहाड़ से अवैध खनन कर प्रतिबंधित पहाड़ को नुकसान कर पत्थर तश्करी का कार्य कर करते है। झिरका पुलिस थाना के जांच अधिकारी सीताराम एस आई ने बताया कि खनिज विभाग के अधिकारी की शिकायत ओर महू गांव के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू की है।

## कोविड-19: गृह सचिव के निर्देशों का कड़ाई से हो पालन

**नूंह।** उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के चेयरमैन धीरेन्द्र खड़गटा ने डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट-2005 के तहत आदेश जारी करते हुए सभी विभागों को गृह सचिव भारत सरकार द्वारा कोविड-19 के संबंध में जारी सभी हिदायतों की पालना सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कोविड-19 के बारे में दी गई सभी गाइडलाइन की पालना की जाए। अगर कोई भी व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट 2005 के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने बताया कि भले ही कोरोना के मामले घट रहे हैं लेकिन अभी तक हमें उसी तरह सभी प्रकार की सावधानियां बरतनी है। हम सबको सामाजिक दूरी का ध्यान रखना है तथा बाहर निकलते समय मास्क पहनना है। बिना मास्क बाहर घूमने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा जुर्माना वसूल किया जाएगा।

## कोहरे में ट्रक चालक ने पैदल चल रहे एक युवक को कुचला

**फिरोजपुर झिरका।** गुरुवार को कोहरे में सुलेला मोड़ पर जमालगढ़ के एक युवक को पैदल जाते समय कुचल दिया। जिसमे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। झिरका पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ सड़क दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। झिरका पुलिस के अनुसार जमालगढ़ निवासी शौकत निवासी दीन मोहम्मद बुधवार को पशुमेले में पशुओं के व्यापार के लिए अपने रिश्तेदार के पास झिरका में आया हुआ था। गुरुवार को सुबह लगभग 8 बजे वह अपने रिश्तेदार के यंहा से शौच के लिए सुलेला मोड़ पर सड़क किनारे पैदल जा रहा था कि पीछे से एक अज्ञात नम्बर के ट्रक ने कोहरे में शौकत को कुचल दिया। इससे उसकी मौके ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक सड़क दुर्घटना कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर झिरका पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल अल-आफिया में पहुंचा दिया। पुलिस ने मृतक के पिता दीन मोहम्मद की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ सड़क दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

## एमडी ने किया नूंह कार्यालय का दौरा

**नूंह।** हरियाणा पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम के प्रबन्धक निदेशक मनीराम शर्मा ने नूंह कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने पिछड़े वर्ग एवं दिव्यांगजनों को ऋण उपलब्ध कराकर स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी पिछड़े वर्ग से सम्बधित व्यक्ति एवं दिव्यांग जन बहुत कम ब्याज दर ऋण प्राप्त करने के लिए शाहपुर-नंगली रोड स्थित कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर लोगों जरुरतमंद व्यक्तियों को निगम की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने दस दिव्यांगजनों को ऋण स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर जिला प्रोजक्ट अधिकारी रामकिशन यादव, क्षेत्रीय अधिकारी सलीम अहमद,आन्नद कुमार, अमित कुमार, मनोज कुमार, आशीष गौरव कुमार, गौरव कुमार उपस्थित रहें।

# सामूहिक विवाह में 13 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में


विवाह सम्मेलन में बंधने से पहले निकाली गई दूल्हों की सामूहिक शोभायात्रा।

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

## समिति 15 सालों में 18 सम्मेलन कराकर करा चुकी है 364 जोड़ों का विवाह

**पिछले** 18 वर्षों से सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन सहित विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यों में लगी श्रीश्याम सेवा समिति (ट्रस्ट) की ओर से गुरुवार को शहर के मॉडल टाउन स्थित हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परिसर में सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान 13 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। जोड़ों के साथ आए लोगों को जहां समिति की ओर से भोजन कराया गया, वहीं उन्हें यथासंभव जरूरी सामान भी दिया गया।

गौरतलब है कि श्री श्याम सेवा समिति की ओर से पिछले 15 सालों से कई तरह के धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम कराए जाते हैं। इस समारोह में कुल 13 जोड़े आएं, जो परिणय सूत्र में बंधे। परिणय सूत्र में बंधने से पहले दूल्हों की शोभा यात्रा निकाली गई, जो शहर के रेलवे चौक से शुरू होकर प्रमुख बाजारों से होती हुई हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंची। बताया गया है कि यह संस्था पिछले 15 सालों में 364 जोड़ों का विवाह करा चुकी है। समिति की ओर से कराया गया यह 18वां समारोह था। उन्होंने बताया कि समिति की ओर से अभी तक 364 जोड़ों की शादी कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन में न केवल समिति, बल्कि शहर के बहुत से लोगों का हमेशा सहयोग रहा है। इधर समारोह में पहुंचे पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव ने कहा कि समिति की ओर से किया गया यह काम बेहद सराहनीय है। सबसे बड़ा दान कन्यादान होता है। ऐसे आयोजन करने से बहुत बड़ा पुण्य मिलता है। दो आत्माओं के मिलन के बाद उनके दिलों से निकली दुआएं, जीवन में बहुत महत्वपूर्ण काम करती है।

# भिवानी में 17 को आएगी विजय दिवस मशाल

**भिवानी।** दिल्ली से चली विजय दिवस मशाल 17 जनवरी को भिवानी में आएगी। यह मशाल नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पहुंचेगी। इस दौरान 1971 की लड़ाई में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

हिसार मिलिट्री स्टेशन कार्यालय 33 डिवीजन द्वारा दी गई जानकारी अनुसार वर्ष 2021, पूरे भारतवर्ष में स्वर्णिम विजय वर्ष जो कि सन 1971 में भारतीय सेना की पाकिस्तान पर जीत के 50वीं वर्षगांठ के रूप में मनाया जा रहा है । इसके तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 16 दिसंबर 2020 को नई दिल्ली में भारतीय सेना को जो विजय मशाल सौंपी थी, वह 17 जनवरी को भिवानी जिले में सेना द्वारा लायी जा रही है। यह मशाल शहीद स्मारक पर सुबह करीब 10.30 बजे पहुंचेगी। यह मशाल 1971 की लड़ाई में हिस्सा लेने वाले बहादुर सैनिकों के गांव में ले जाई जाएगी। जिला शहीद स्मारक पर 1971 के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।


# 40.41 लाख से अंबाला रोड पर बनेगा तीसरा स्वागत द्वार

## नगर निगम की सीमाओं पर बनाए जाने है चार स्वागत द्वार, तीन की टेंडर प्रक्रिया शुरू, चौथे की होगी जल्द

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

**नगर** निगम की सीमाओं पर मुख्य मार्गों पर बनाए जाने वाले चार स्वागत द्वारों के लिए निगम ने प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निगम की ओर से कुछ दिनों पहले जहां सहारनपुर रोड पर पांसरा व कुरुक्षेत्र रोड पर दामला के पास स्वागत द्वार बनाने का 99.84 लाख रुपये का टेंडर लगाया गया था, वहीं अब अंबाला रोड पर 40.41 लाख रुपये की लागत से कैल के पास स्वागत द्वार बनाने के लिए नगर निगम ने टेंडर कॉल की है। जल्द ही चौथे स्वागत द्वार का टेंडर लगाया जाएगा।





नगर निगम कार्यालय का बाहरी दृश्य व जानकारी देते मेयर मदन चौहान।

चारों स्वागत द्वारा का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।

बता दें कि नगर निगम की सीमाओं पर कुरुक्षेत्र-यमुनानगर स्टेट हाईवे पर दामला, सहारनपुर-यमुनानगर रोड पर पांसरा, अंबाला जगाधरी रोड पर कैल और जगाधरी पौंटा साहिब नेशनल हाईवे 73ए पर स्वागत द्वार बनाए जाने का प्रस्ताव हाउस की मीटिंग में पास हुआ था। इन स्वागत द्वारों के नाम महर्षि वाल्मीकि प्रवेश द्वार, संत गुरु रविदास प्रवेश द्वार, यमुना प्रवेश द्वार और गुरु गोबिंद सिंह प्रवेश द्वार रखा जायेगा। इन प्रवेश द्वारों पर जहां आने वाले लोगों के स्वागत सत्कार के लिए स्लोगन लिखे जाएंगे, वहीं सीमा से बाहर जाने वाले लोगों के लिए आभार भी व्यक्त किया जाएगा। इतना ही नहीं प्रवेश द्वार से शहर के अंदर की सड़कों का बंटवारा कर वन-वे, टू- वन-वे किया जाएगा।

> **हम** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रयासरत हैं। नगर निगम की सीमाओं पर जल्द ही चारों स्वागत द्वार बनाने का काम शुरू किया जाएगा। तीन स्वागत द्वारों के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बाकी बचे एक स्वागत द्वार के लिए भी जल्द ही टेंडर कॉल की जाएगी। **मदन चौहान, मेयर**




# सलेक्ट सिटी वॉक भारत में चकर शील्ड को इंस्टॉल करने वाला पहला मॉल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद/गुरुग्राम

## चकर शील्ड डीजी सेट से होने वाले उत्सर्जन को नियन्त्रित करने के लिए है एक रेट्रोफिट

**बढ़ते** वायु प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली के सबसे प्रशंसित एवं जिम्मेदार शॉपिंग सेंटर सलेक्ट सिटी वॉक ने डीजी सेट्स के लिए एमिशन कंट्रोल डिवाइस चकर शील्ड, अ रेट्रोफिट को इंस्टॉल किया है। इस इंस्टॉलेशन का उद्घाटन डॉ. विकास महात्मे, पद्मश्री संसद सदस्य (राज्य सभा) द्वारा किया गया।

प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर अभियान को समर्थन देते हुए सलेक्ट सिटी वॉक ने आईआईटी दिल्ली के स्नातकों द्वारा स्थापित स्टार्टअप चकर इनोवेशन के साथ साझेदारी की है। जिन्होंने डीजी सेट से निकलने वाले हानिकारक गैसों को कम करने के लिए एक पेटेंटेड टेक्नोलॉजी का विकास किया है। उत्सर्जन को नियन्त्रित करने के प्रयास में, स्वच्छ भविष्य की दिशा में एक ओर कदम बढ़ाते हुए सलेक्ट सिटी वॉक ने इस दिशा में बड़ा बदलाव लाने के लिए काम किया है। चकर शील्ड के इंस्टॉलेशन से डीजी सेट से होने वाले प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आएगी (लैब टेस्ट के मुताबिक 70-80 फीसदी) और साथ ही 1260 लीटर हवा को प्रदूषण से बचाया जा सकेगा। डीजल जनरेटर, जिन्हें आमतौर पर डीजी सेट कहा जाता है, ये शॉपिंग सेंटर के संचालन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो सलेक्ट सिटी वॉक्स के पावर बैकअप के लिए जरूरी हैं और हजारों आगंतुकों को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करते हैं।

युनाईटेड नेशन्स एवं वर्ल्ड वाईल्डलाइफ फंड द्वारा सम्मानित एवं विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त 'चकर शील्ड' का विकास चकर इनोवेशन द्वारा किया गया है। जो डीजी सेट के टेली पाइप में रेट्रोफिट किए जाने के बाद पार्टीकुलेट मैटर (पीएम 2.5 और पीएम 10), कार्बनमोनोऑक्साईड एवं हाइड्रोकार्बन उत्सर्जन में 80 फीसदी तक कमी लाते हैं। सलेक्ट सिटी वॉक परिसर में 5डीजी सेट 9 एमवीए क्षेमता के चकर शील्ड इन्सटॉल करने से पार्टीकुलेट मैटर या काले धुंए के उत्सर्जन में सालाना 378 किलोग्राम की कमी आएगी।

# बुजुर्ग अवस्था में जीवनशैली में बदलाव, नसों पर नियंत्रण और नियमित जांच महत्वपूर्ण

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

## बुजुर्गों को उच्च रक्तचाप जैसे जोखिम वाले कारकों के साथ तीव्र कोरोनरी सिंड्रोम को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए

**हाल** ही के अध्ययनों से पता चलता है कि बुजुर्ग रोगी तीव्र कोरोनरी सिंड्रोम (एसीएस) विकसित करने वाली आबादी का एक सबसे बड़ा बहुमत है। एसीएस के लिए दो सबसे आम जोखिम कारक उच्च रक्तचाप (38 प्रतिशत) और मधुमेह (30 प्रतिशत) हैं। इस स्थिति से बचने और इसे रोकने के तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समय की आवश्यकता है।

एसीएस एक छत्र शर्त है जिसका उपयोग लक्षणों के लिए किया जाता है जो दर्शाता है कि व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ रहा है या सीने में तेज दर्द हो रहा है। विशेष रूप से बुजुर्ग रोगियों के मामले में, अंतर्निहित (मुख्य ) जोखिम कारकों का प्रबंधन (मैनेज)करना बहुत महत्वपूर्ण है। इस बारे में वार्ता करते हुए, डॉ. चंद्रशेखर, एसोसिएट डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग का कहना है की, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम एक बड़ा स्वास्थ्य जोखिम है। इसमें दिल का दौरा (प्रमुख और मामूली दोनों) और साथ ही अस्थिर एनजाइना शामिल हो सकते हैं। जटिलता एथेरोस्क्लेरोसिस वाले लोगों में अधिक होती है (एक ऐसी स्थिति जहां पट्टिका धमनियों की दीवारों पर बनती है) और कॉमोरबिडिटीज वाले बुजुर्ग। ध्यान देने के लिए कुछ लक्षणों में सीने में दबाव, आराम करते समय या हल्की गतिविधि या दिल के कार्य का अचानक रुकना शामिल है। स्थिति को और अधिक बिगड़ने से रोकने के लिए समय-समय पर और प्रारंभिक निदान करना अनिवार्य है। इस तथ्य को देखते हुए जब बुजुर्गों में पहले से ही कम प्रतिरक्षा है, उन्हें शुरुआत में निवारक उपाय करना चाहिए। वाइटल नब्ज पर भी नजर रखनी चाहिए है। यह वर्तमान महामारी की स्थिति के दौरान अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। एसीएस के उपचार में सीने में दर्द और बैलून एंजियोप्लास्टी के बीच समय को 120 मिनट तक रखने के उद्देश्य से समय पर पुनरावृत्ति शामिल है।

## यज्ञ से पैदा होती अध्यात्मिक उर्जा : उपायुक्त

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने कहा कि भारतवर्ष में यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठनों के माध्यम से विश्व को कोरोना महामारी से निजात दिलाने के लिए दुआएं की जा रही है।

इस प्रकार के कार्यक्रमों से अध्यात्मिक उर्जा पैदा होती है और जो पूरे वातावरण को शुद्ध करती है। इसलिए सभी को समय-समय पर यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठनों का आयोजन करते रहना चाहिए। इससे समाज के लोगों को फायदा मिलता है और लोगों में सकारात्मक सोच भी पैदा होती है। उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ वीरवार को गीता धाम में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच एवं गीता धाम के तत्वाधान में मकर सक्रांति के पर्व पर विश्व को कोरोना महामारी से बचाने को लेकर आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम के दौरान बोल रही थी। इससे पहले उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़, श्रीगीता धाम कुरुक्षेत्र की संचालिका माता भिक्षु देवी, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ने प्रार्थना की।

## जजपा पूरी तरह से एकजुट नहीं कोई मतभेद : दुष्यंत

### पार्टी किसानों के साथ सरकार पूरा करेगी कार्यकाल

### प्रदेश में 24 फरवरी से पहले होंगे पंचायत चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दावा किया कि उनकी पार्टी में कृषि कानूनों को लेकर किसी तरह के मतभेद नहीं हैं। समूची पार्टी किसानों के हित में काम कर रहे है और पार्टी के तमाम नेता व कार्यकर्ता किसानों के साथ हैं।

गृहमंत्री अमित शाह तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद चंडीगढ़ पहुंचे दुष्यंत चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं खुद किसान हूं और जेजेपी किसानों के साथ है। जेजेपी ने कृषि कानूनों में बदलाव और किसानों को एमएसपी की गारंटी का समर्थन किया था। केंद्र सरकार कानूनों में संशोधन के लिए भी तैयार है और एमएसपी की गारंटी भी दी जा रही है। ऐसे में अब किसी तरह की अड़चन नहीं है।

उन्होंने दोहराया कि जिस दिन एमएसपी पर कोई संकट आया तो सबसे पहले मैं इस्तीफा दूंगा। जेजेपी विधायकों के बागी सुरों को लेकर पूछने पर दुष्यंत ने कहा कि पार्टी विधायकों व नेताओं में किसी तरह के मतभेद नहीं हैं।

विधायक भी संशोधन की मांग कर रहे थे और इसके लिए केंद्र सरकार इसके लिए राजी हो चुकी है। अब यह मामला कोर्ट में है। कोर्ट का फैसला सभी के लिए मान्य होगा।

हरियाणा में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के बारे में बोलते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं - जिला परिषद, ब्लाक समिति व ग्राम पंचायतों के चुनाव समय पर ही होंगे। मौजूदा पंचायतों का कार्यकाल 24 फरवरी तक है। इससे पहले नई पंचायतों का गठन होना है। विकास एवं पंचायत मंत्री होने के नाते दुष्यंत ने कहा कि इस बारे 200 नई पंचायतें बनी हैं। इनकी वार्डबंदी का काम अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में चुनाव लेट नहीं होंगे।

# परिवार पहचान पत्र से जुड़ेगी अंत्योदय सरल योजना

### सीएमओ के प्रोजक्ट निदेशक डा. राकेश गुप्ता ने किया रिव्यू



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में अंत्योदय सरल पोर्टल का और अधिक विस्तार करते हुए सभी नोडल अधिकारियों को 26 जनवरी तक परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) का एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी कार्यक्रम के परियोजना निदेशक डॉ. राकेश गुप्ता ने अंत्योदय सरल परियोजना में सभी विभागों की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि सभी सरकारी सेवाओं और योजनाओं को नागरिकों (जी2सी) तक एक एकीकृत मंच के माध्यम से समयबद्ध एवं बेहतर तरीके से पहुंचाने के दृष्टिकोण से अंत्योदय सरल मंच विकसित किया गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. गुप्ता ने सभी सरकारी योजनाओं के निर्बाध एकीकरण और राज्यभर में नागरिक सेवाओं के लिए इसे वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाना सुनिश्चित करने हेतु निरंतर कार्य करने के लिए टीम के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने हाल ही में अंत्योदय सरल पोर्टल के लिए 'एक्सीलेंस इन डिजिटल गवर्नेंस- स्टेट / यूटी', डिजिटल इंडिया अवार्ड्स 2020 की श्रेणी के तहत प्लेटिनम अवार्ड प्राप्त करने करने के लिए सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दक्षता और नागरिक केंद्रित प्रशासन सुनिश्चित करने की मुख्यमंत्री की परिकल्पना को पूरा करने के लिए 'ई-ऑफिस', 'परिवार पहचान पत्र' और 'मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली' जैसी अनेक ई-गवर्नेंस परियोजनाएं पूरा होने के चरण में हैं और राज्य सरकार 'पेपरलेस ऑफिस' की ओर बढ़ रही है।

बैठक में बताया गया कि 540 से अधिक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को सरल पोर्टल पर एकीकृत किया गया है, हर महीने पोर्टल पर छह लाख से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, हर महीने आवेदन की ट्रेकिंग के लिए लगभग 20 लाख संदेश भेजे जाते हैं और अंत्योदय पोर्टल हेल्पलाइन पर हर महीने औसतन एक लाख कॉल्स आती हैं।

## अध्यापकों ने नई शिक्षा नीति का विरोध कर जलाईं प्रतियां

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत विद्यालयों में लोहड़ी व मकर संक्रांति के अवसर पर नई शिक्षा नीति व नए कृषि कानूनों के विरोध में उनकी प्रतियां जलाई गई।

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला उपप्रधान फुल कुमार ने बताया कि गत 10 जनवरी को रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय कन्वेंशन में संगठन की ओर से यह निर्णय लिया गया था। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कन्वेंशन में लिए गए निर्णय के मुताबिक संगठन ने लोहड़ी के अवसर पर किसान आंदोलन का समर्थन व समस्त राज्य के हजारों विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विरोध व तीनों काले कानूनों की प्रतियां जलाई गई हैं। अध्यापक संघ प्रारंभिक दौर से ही शिक्षा नीति 2020 का विरोध करता रहा है । उन्होंने बताया कि शिक्षा नीति ने केवल असंवैधानिक रूप व चोर दरवाजे से केंद्र सरकार द्वारा थोपी गई शिक्षा नीति जन शिक्षा को महंगी करने और निजी करण को बढ़ावा देने का एक केंद्रीय रोड मैप है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कपास उत्पादक किसानों पर सरकार का दांव

### इजिप्ट की कपास को एमएसपी पर खरीदने की तैयारी

### केंद्र की सहमति, राज्य सरकार भेजगी प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

किसान आंदोलन के कारण चौतरफा विरोध झेल रही हरियाणा सरकार ने राज्य के कपास उत्पादक किसानों को खुश करने की तैयारी कर ली है। इजिप्ट की कपास को एमएसपी पर खरीदने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस योजना को लागू करवाने का श्रेय तो हरियाणा को मिलेगा लेकिन लाभ पड़ोसी राज्यों के किसानों को भी होगा। हरियाणा सरकार जल्द ही कपड़ा मंत्रालय को यह प्रस्ताव तैयार करके भेजगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके लौटे हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री के साथ भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई है। उनके निर्देश पर ही केंद्र को यह प्रस्ताव भेजा जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने बताया कि पंजाब व राजस्थान के कुछ हिस्सों में किसानों द्वारा इजिप्ट की कपास की खेती की जाती है। अन्य किस्मों के मुकाबले इसकी कीमत अधिक है।

दुष्यंत ने कहा कि इस बारे में पूरी रिपोर्ट तैयार करके केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी के पास भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि लम्बे रेशे वाली इस कपास की डिमांड बहुत है, लेकिन एमएसपी नहीं होने की वजह से किसान का उतना रुझान नहीं है। प्रदेश के काफी किसान इसकी खेती करते हैं, लेकिन फिलहाल वे ओपन मार्केट में ही इसे बेच रहे हैं। एमएसपी अगर मिलती है तो मिस्त्र की कपास खेती के उत्पादन को किसान बढ़ावा देंगे। सरसों के तेल की विदेशी मार्केट में डिमांड को देखते हुए इसके लिए भी पीएम नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह से दुष्यंत ने चर्चा की है।

## विधायक लीला राम ने पंजाबी समुदाय को दी 21 लाख की ग्रांट



**विधायक लीला राम को सम्मानित करते हुए पंजाबी समाज के गणमाण्य व्यक्ति**

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

### कैथल के लोगों की सेवा करना मेरा परम सौभाग्य : लीलाराम

**पंजाबी** सेवा सदन व पंजाबी सभा कैथल ने विधायक लीला राम के निवास स्थान पर सामाजिक सौहार्द के त्योहार लोहड़ी व मकर संक्रांति मनाई। इस मौके पर विधायक ने सभी जिला वासियों को मकर संक्रंति की बधाई देते हुए कहा कि इन त्योहारों को इकट्ठा मनाने से आपसी भाई-चारे को बल मिलता है। और अपनी परम्परा का निर्वहन भी ठीक प्रकार से होता है।

विधायक लीलाराम ने कहा कि क्षेत्र के लोग मेरे परिवार के लोग हैं उनके साथ मिलकर इस प्रकार से त्योहार मनाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि समूचे हलके के लोगों की सेवा करना मेरा धर्म भी है और कर्तव्य भी है। विधायक ने कहा कि इस पावन पवित्र त्योहार पर मैं हलके व प्रदेश के लोगों के लिए भगवान से उनके लिए मंगल कामना करता हूं। पंजाबी सभा ने विधायक लीला राम को सभा के लिए दिए 21 लाख रुपए ग्रांट देने के लिए धन्यवाद किया। लीला राम ने पंजाबी सभा को आश्वासन दिया कि वो समाज के लोगों के काम के लिए हमेशा तैयार है। इस मौके पर अशोक भारती, अनिल आहूजा, सतीश सोनी, राजकुमार मुखीजा, इंदरजीत सरदाना, तुलसीदास सचदेवा, नरिंदर निझावन, सुषम कपूर, सीता राम गुलाटी, धन सचदेवा, मनमोहन सुखीजा, मदन लाल कटारिया, सतीश राजपाल, योगराज बतरा, तुलसी मदान, रामकुमार कुकरेजा आदि मौजूद रहे।

## जिले के 180 गांवों को वाई-फाई से किया जा रहा लैस

**फिरोजपुर झिरका।** जिले के ग्रामींचल रहने वाले ग्रामीणों की इंटरनेट में आने वाली खराबी से हो रही परेशानी से अब जल्दी स्थाई रूप से छुटकारा मिलने वाला है। क्योंकि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से जिले के 180 गांवों को प्रधान मंत्री ग्रामीण वाई-फाई योजना के अंतर्गत केवल बिछाने का कार्य शुरू किया गया है।

नूह जिले के ग्रामींचल में बसे गांवो में आज भी सही ढंग से इंटरनेट सुविधा का लाभ नही उठा पा रहे है। जिसके कारण सरकार की योजनाओं का लाभ गांवो के लोगो तक पहुंचाने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सरकार की हर योजना अब ऑनलाइन है और ऑनलाइन ही लोगो को लाभ लेने के प्रशिक्षित किया जा रहा है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से जिले के 180 गांवों में केवल बिछा कर प्रधानमंत्री वाई-फाई योजना के लिए चिन्हित किया गया है।इसके पीछे सरकार का हर योजना का गांव में अंतिम छोर पर बसे लोगो तक घर बैठे लाभ पहुंचाना है। इस योजना के अंतर्गत अनेक गांवो में केवल बिछाने का काम शुरू किया जा चुका है।

## एंटी करप्शन ने मनाया लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व



**मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए क्लब के पदाधिकारी।**

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**एंटी** करप्शन एंड मिडिया इन्वेस्टिगेशन जिला कैथल इकाई की तरफ से संस्था के दफ्तर में लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्था के जिलाध्यक्ष सुशील बिंदलिश ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के सदस्य पंडित विजय शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रों से गणेश वंदना करके की गयी।

संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी राम प्रताप गुप्ता व विशिष्ट अतिथि डा. दिनेश अग्रवाल को सम्मान का प्रतीक पटका पहना कर सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में जिलाध्यक्ष सुशील बिंदलिश ने लोह ?ी व मकर सक्रांति पर्व की उपयोगिता पर प्रकाश डाला व संस्था की तरफ से सभी को इस पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में युवा कवि मोहित मित्तल, हिम्मत व कवयित्री मधु गोयल ने अपनी कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों तविषि, जन्नत गोयल, यश शर्मा ने अपने नृत्य कला से खूब रंग जमाया व दर्शको की वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि राम प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में एंटी करप्शन एंड मिडिया इन्वेस्टिगेशन संस्था की खूब प्रसंशा की व कहा की यह संस्था समाज सेवा के कार्य में हमेशा अग्रणी रहती है। संस्था के सभी सदस्यों ने म्यूजिक पर डांस करके उत्सव की सार्थकता को चरितार्थ किया। कार्यक्रम में संस्था की तरफ से मुख्य अतिथि राम प्रताप गुप्ता व अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## कांग्रेस की कार्यकारणी जल्द होगी घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस अनुसूचित विभाग की ब्लाक, जिला व प्रदेश कार्यकरणी की घोषणा जल्द कर दी जाएगी। ये निर्णय कांग्रेस भवन गुड़गांव में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में एआईसीसी नेशनल कोर्डिनेटर व हरियाणा के प्रभारी गोपाल डेनवाल की अध्यक्षता में लिया गया है।

जानकारी देते हुए अनुसूचित जाति विभाग हरियाणा की कार्यकारी अध्यक्ष रीना वाल्मीकि ने बताया कि बैठक में एससी विभाग व कांग्रेस पार्टी को कैसे मजबूत किया जाए और संगठन में आ रही दिक्कतों को लेकर भी मंथन हुआ। प्रभारी गोपाल डेनवाल ने भविष्य के एससी डिपार्टमेंट के कार्यक्रम बनाए। इसके अलावा बैठक में वर्तमान में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। सबकी तरफ से कहा गया कि ये सिर्फ किसानों का आंदोलन नहीं है, यह आम आदमी व मजदूर का भी आंदोलन है। हर कांग्रेस कार्यकर्ता व दलित समाज के हर एक आदमी ने इस आन्दोलन को हर तरह से मजबूत करना चाहिए। ये तीनों काले कानून हरियाणा प्रदेश व देश के गरीब व मजदूरों को परेशान करने वाले कानून है। बैठक में एआईसीसी नेशनल कोर्डिनेटर मनोज बागड़ी, रितु चौधरी, सुधीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# अभय के इस्तीफे पर दुष्यंत लाएंगे विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### पत्र में विधानसभा को संवेदनहीन बताने पर आपत्ति

### कहा विपक्ष लाए अविश्वास प्रस्ताव, हम हैं तैयार

**हरियाणा** विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता द्वारा इनेलो विधायक अभय चौटाला के इस्तीफे को अव्यवहारिक करार दिए जाने के बाद उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भी उन्हें इस मुद्दे पर घेर लिया है। दुष्यंत ने चाचा के इस्तीफे की शब्दावली पर आपत्ति जताते हुए विधानसभा के बजट सत्र में विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने के संकेत दिए हैं।

अभय ने जिस भाषा में इस्तीफा लिखा है, उसे कानून विशेषज्ञ भी इस्तीफा नहीं मान रहे हैं। अभय चौटाला ने स्पीकर को लिखे पत्र-कम-इस्तीफे में कृषि से जुड़े तीनों कानूनों को मुद्दा बनाया है। कानूनों को काले कानून बताते हुए उन्होंने कहा कि किसान पिछले करीब 50 दिनों से ठंड में दिल्ली बार्डर पर डटे हैं, लेकिन केंद्र सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है, %जिस प्रकार की परिस्थितियां बनाई गई हैं, उन्हें देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि विधानसभा के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में मैं कोई ऐसी भूमिका इन परिस्थितियों में निभा सकूं, जिससे किसानों के हितों की रक्षा की जा सके।

अभय ने इस पत्र के आखिरी में लिखा है कि 'अतऱ्एक संवेदनहीन विधानसभा में मेरी मौजूदगी कोई महत्व नहीं रखती'। इन सभी हालातों को देखते हुए यदि केंद्र सरकार इन तीन काले कानूनों को 26 जनवरी तक वापस नहीं लेती तो इस पत्र को विधानसभा से मेरा त्याग-पत्र समझा जाए। दुष्यंत ने कहा कि विधानसभा को संवेदनहीन बताते को पूरे हाउस का अपमान बताते हुए कहा कि अगले विधानसभा सत्र में अभय चौटाला के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर भाजपा-जेजेपी विधायकों के अलावा कांग्रेस विधायकों के भी हस्ताक्षर करवाए जाएंगे क्योंकि अभय ने पूरे सदन का अपमान किया है। यह विधानसभा की तौहीन है और इसे माफ नहीं किया जा सकता। चौटाला परिवार का बिखराव लगातार बढ़ता जा रहा है। इन दिनों दोनों में किसी तरह के संबंध नहीं हैं। अभय ने अपने बेटों के विवाह में भी अपने बड़े भाई डॉ अजय सिंह चौटाला के परिवार को निमंत्रण तक नहीं दिया।

बहरहाल, किसानों के बड़े वोट बैंक को देखते हुए अभय द्वारा चली इस सियासी चाल के परिणाम क्या होंगे, इस बारे में तो कह नहीं सकते लेकिन इस मुद्दे पर राजनीति जरूर गरमा गई है। हुड्डा पर पलटवार करते हुए कहा कि वे जब चाहें अविश्वास प्रस्ताव ले आएं, हम तैयार हैं।

## ऑनलाइन कक्षाओं में अनुशासित रहें विद्यार्थी : प्रो. रमेश

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोक्टर प्रो. रमेश भारद्वाज ने कहा है कि कोरोना वैश्विक महामारी को देखते हुए ऑनलाइन चल रही कक्षाओं में भी विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने की आवश्यकता है। जो भी विद्यार्थी विश्वविद्यालय के नियमों के विपरीत व्यवहार करेगा। उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रो. भारद्वाज ने कहा कि कोरोना काल शिक्षक एवं विद्यार्थी दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इस संकट के समय में ऑनलाइन होने के बाद भी सभी पाठयक्रम समय पर पूरे हुए हैं, विद्यार्थियों ने ऑनलाइन परीक्षाएं दी हैं व संयम का परिचय दिया है। इस सम्बन्ध में कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार एक कमेटी का गठन किया गया था। उस कमेटी की सिफारिशों के अनुसार अब सभी विभागों में ऑफिशियल ईमेल आईडी के आधार पर ही कक्षाएं होंगी। विभागाध्यक्षों की यह जिम्मेवारी होगी कि वे सभी विद्यार्थियों की ऑफिशियल ईमेल आईडी बनवाएं।

## मानसी जैन बनी जेसीआई कैथल स्टार महिला विंग की चैयरपर्सन

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



**कैथल स्टार महिला विंग की चैयरपर्सन मानसी जैन।**

**जेसीआई** कैथल स्टार की महिला विंग की बैठक आज यहां आयोजित की गई। इस बैठक में महिला विंग की सभी सदस्य मौजूद रहीं। जिस में वर्ष 2021 के लिए चेयरपर्सन बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। निवर्तमान महिला विंग की चेयरपर्सन वर्तिका बंसल ने मानसी जैन के नाम का अनुमोदन किया। उनके नाम के अनुमोदन पर सभी महिला विंग की सदस्यों ने अपनी सहमति जताई जिसके चलते मानसी जैन को जेसीआई कैथल स्टार की महिला विंग की चेयरपर्सन चुन लिया गया।

इस अवसर पर सपना बंसल को विंग की सचिव नियुक्त किया गया। अपनी नियुक्ति पर सर्वप्रथम मानसी जैन ने सभी महिला विंग की सदस्यों का धन्यवाद किया। मानसी जैन ने कहा कि जेसीआई कैथल स्टार महिला विंग सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा अग्रणी रही है। कोविड के कारण जो सामाजिक कार्य गति नहीं पकड़ पाए, इस वर्ष उन सामाजिक कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज में हर व्यक्ति की जिमेदारी बनती है कि वह समाज उत्थान के लिए कार्य करे। ऐसे में उन्हें गर्व है कि इन सामाजिक कार्यों में महिला विंग हमेशा आगे रही है और भविष्य में भी समाजसेवा के क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगी। इस अवसर पर इशिका गर्ग,नीलिमा खुरानिया, कंचन चुघ, बबिता गर्ग, मीनाक्षी अग्रवाल,बबिता मित्तल,मीनल सिंघल,प्रभा गोयल,सपना बंसल,रजनी गर्ग,सुमन बंसल ,सोनिया गोयल,सुरभि गुप्ता व रचना बंसल आदि उपस्थित थी।

## संक्षिप्त समाचार

### हर समर्थ व्यक्ति जरूरतमंदों की करे सहायता : रजवंत कौर



**कुरुक्षेत्र।** शुभकर्मन चैरिटेबल ट्रस्ट कुरुक्षेत्र की चेयरपर्सन रजवंत कौर ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद करने से मनुष्य को आत्मिक संतुष्टि मिलती है, इसलिए हर समर्थ व्यक्ति को जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता करनी चाहिए। वे मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर ट्रस्ट की ओर से गांव मथाना में ईंट भट्ठे पर काम करने वाले जरूरतमंद परिवारों को बूट और वस्त्र वितरण करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने बताया कि शुभकर्मन चैरिटेबल ट्रस्ट कुरुक्षेत्र द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रकल्प चलाए जाते हैं, ताकि समाज की मुख्यधारा और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की मदद हो सके। उन्होंने अन्य समाजसेवी व स्वयंसेवी संस्थाओं से भी आग्रह किया कि वे ऐसे पुनीत प्रकल्प चलाएं, ताकि जरूरतमंद लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद हो सके। उन्होंने इस प्रकल्प में सहयोग करने के लिए सभी दानी सज्जनों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, हरनूर सिंह, संदीप सिंह, कुलदीप सिंह, तमसदीप सिंह, सुनहरी देवी सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।

### प्रजापिता ब्रह्मकुमारी विवि में होगी ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता



**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मुख्यालय माउंट आबू के युवा प्रभाग की ओर से एक शांतिपूर्ण दुनिया विजन नामक ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी ने बताया कि प्रतियोगिता में पेंटिंग भेजने की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2021 निश्चित की गई है। ऑनलाइन प्रतियोगिता का परिणाम 27 जनवरी को घोषित किया जाएगा, जिसका लिंक सभी प्रतिभागियों को भेज दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले की आयु 15 वर्ष से 35 वर्ष है। प्रतिभागी अपनी पेंटिंग व्हटसअप नंबर 9466219107 पर भेज सकते है। पेटिंग का आइडिया कहीं से ना लिया गया हो, केवल आपकी किएशन होनी चाहिए। पेटिंग की एक फोटो और उसके साथ अपनी सेल्फी भी भेजे। पेटिंग में अपना नाम, आयु, शहर का नाम और मोबाइल नंबर भी हो। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वालों को इनाम व सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे।

### खाद्य पूर्ति व्यापार संघ ने जरूरतमंदों को दी साइकिल

**यमुनानगर।** लोहड़ी व मकर संक्रांति के त्योहार के अवसर पर खाद्य पूर्ति व्यापार संघ व श्री गुरु नानक सेवा मिशन द्वारा त्योहार मिलन समारोह का आयोजन छोटी लाईन यमुनानगर पर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर अध्यक्ष राजेश सेठ ने व्यापार संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग का व सभी पदाधिकारियों का फूलमाला डालकर स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन जूनियर जसपाल भट्टी गुरमीत सिंह चावला ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत एक जरूरतमंद व्यक्ति सोनू को अपना नया व्यापार शुरू करने के लिए नई साइकिल देकर की गई। त्योहार मिलन कार्यक्रम में खाद्य पूर्ति व्यापार संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने सभी को लोहडी व मकर संक्रांति की बधाई दी। कहा कि त्योहार सभी के सांझे होते हैं। मिलजुल कर त्योहार मनाने से समाज से भाईचारा बढ़ता है। इस मौके पर खाद्य पूर्ति व्यापार संघ के जिला अध्यक्ष कमलप्रीत सिंह, गुरु नानक सेवा मिशन के जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह दुआ, अंकित गोयल जगाधरी, रमनदीप सिंह, लोकेश बंसल, योगेश राजपूत, जेपी सिंह, विकास सहगल, सागर, मनीष गोयल, कर्मसिंह नरवाल, संदीप धीमान, डॉक्टर विशु, अश्विनी गर्ग, विकास नारंग, प्रदीप गोयल आदि उपस्थित रहे।

### युवा एकता क्लब ने लगाया शिविर, 57 ने किया रक्तदान



**रेवाड़ी।** जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से युवा एकता क्लब की ओर से गांव औलांत में मकर संक्रांति पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 57 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में डॉ रविन्द्र पाली ने बतौर मु2य अतिथि शिरकत की। शिविर में ब्लड बैंक टीम व रेडक्रास सोसायटी की टीम भी उपस्थित रही। डॉ रविन्द्र पाली ने सभी रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान का बहुत बड़ा महत्व है। इसलिए सभी को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में रक्तदान की बहुत महता है। सभी स्वस्थ व्यक्तियों को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए, ताकि रक्त की कमी की वजह से जा रही किसी की जिंदगी को बचाया जा सके।

### कुवि के शिक्षक क्लब में मकर संक्रांति पर हुआ हवन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक क्लब में गुरूवार को मकर संक्रान्ति के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुवि शिक्षक क्लब के प्रधान डॉ. सोमवीर जाखड़ ने मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार, सूर्य के उत्तरायन होने पर मनाया जाता है। इस पर्व की विशेष बात यह है कि यह अन्य त्योहारों की तरह अलग-अलग तारीखों पर नहीं, बल्कि हर साल 14 जनवरी को ही मनाया जाता है। यह पर्व हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में शामिल है। हर प्रांत में इसका नाम और मनाने का तरीका अलग-अलग होता है। इसके अलावा तिल और गुड़ का भी मकर संक्रांति पर बेहद महत्व है। इस मौके पर प्रो. नीलू सूद, कुटा प्रधान डॉ. परमेश कुमार, क्लब के सचिव डॉ. चन्द्रकांत, क्लब के उपप्रधान व लोक संपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. सुमन मेहंदिया, डॉ. सिम्मी वशिष्ट, डॉ. मधुदीप, डॉ. रीटा दहिया सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### महिला विंग ने धूमधाम से मनाया मकर सक्रांति पर्व



**कैथल।** जेसीआई कैथल स्टार की महिला विंग द्वारा मकर संक्रांति के पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। शक्ति नगर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने सांस्कृतिक व हरियाणवी पारंपरिक लोकगीत गाकर मकर संक्रांति के पर्व को मनाया। हरियाणवी लोकगीत व नृत्य में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली महिलाओं को उपहार देकर भी सम्मानित किया गया। इसमें निर्णायक की भूमिका स्थानीय मोहल्ले की महिलाओं ने निभाई। कार्यक्रम में महिला कमलेश ने काले रंग पे मोरनी रुदन करे, पर नृत्य करके खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर ईशा गर्ग थी। महिला विंग की चेयरपर्सन मानसी जैन व प्रोजैक्ट डायरेक्टर ईशा गर्ग ने कहा कि हमारा उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को इस तरह के कार्यक्रम करके महिलाओं को पर्सनैलिटी डेवलपमेंट टिप्स देने के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने के लिए आत्मविश्वास बढ़ाना है। इस मौके पर मानसी जैन चेयरपर्सन, ईशा गर्ग प्रोजेक्ट डायरेक्टर, नीलिमा खुरानिया, कंचन चुघ, बबीता गर्ग ,मीनाक्षी अग्रवाल ,कविता मित्तल, मीनल सिंघल, प्रभा गोयल, सपना बंसल, रजनी गर्ग सुमन बंसल,सोनिया गोयल, सुरभि गुप्ता, रचना बंसल उपस्थित रहीं।

### शारीरिक शिक्षकों ने धरने पर मनाई मकर संक्रांति

**भिवानी।** लघु सचिवालय के बाहर शारीरिक शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। इस दौरान उन्होंने मकर संक्रांति का पर्व भी धरने पर ही मनाया। आंदोलनकारियों की अध्यक्षता हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के जिला प्रधान दिलबाग जांगड़ा ने की। उन्होंने कहा कि वे लगातार सात माह से धरनारत हैं। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन को भी अब तीन माह बीत चुके हैं उनको शिक्षा विभाग में स्कूल सहायक के पद पर समायोजित नहीं किया गया है। जिसके चलते सभी शारीरिक शिक्षकों में सरकार के प्रति रोष बढ़ता ही जा रहा है।

जल्लीकट्टू देखने के बाद राहुल गांधी ने कहा

# तमिल संस्कृति को जीवंत स्वरूप में देखना बेहतरीन अनुभव

एजेंसी। मदुरै

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के पारंपरिक खेल आयोजन जल्लीकट्टू का साक्षी बनने के बाद कहा कि उनके इस दौरे का मकसद उन लोगों को संदेश देना था, जो सोचते हैं कि वे तमिल लोगों के साथ बुरा बर्ताव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह खेल तमिल संस्कृति का जीवंत स्वरूप है।

पोंगल के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में राहुल गांधी के साथ द्रमुक की युवा इकाई के सचिव उदयनिधि स्टालिन, कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के एस अलागिरी और पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी नारायणसामी भी मौजूद थे। जल्लीकट्टू, तमिलनाडु के ग्रामीण

**पोंगल त्योहार पर जल्लीकट्टू तमिलनाडु के ग्रामीण इलाकों का है एक परंपरागत खेल**



इलाकों का एक परंपरागत खेल है, जो पोंगल त्योहार पर आयोजित किया जाता है। इसमें लोग बैलों को पकड़ने एवं उन्हें काबू में करने की कोशिश करते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, मैं दिल्ली से यहां एक बहुत ही लोकप्रिय आयोजन देखने आया क्योंकि मैं मानता हूं कि तमिल संस्कृति, तमिल भाषा और तमिल इतिहास भारत के भविष्य के लिए जरूरी है तथा इनका सम्मान करने की जरूरत है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, मैं यहां उन लोगों को संदेश देने आया हूं जो सोचते हैं कि वे तमिल लोगों के साथ बुरा बर्ताव कर सकते हैं और तमिल भाषा एवं तमिल संस्कृति को अलग-थलग रख सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा, मुझे तमिलनाडु के लोगों से बहुत सारा प्यार और स्नेह मिला है। यह मेरा कर्तव्य है कि मैं तमिल लोगों के साथ खड़ा रहूं और उनके इतिहास, संस्कृति और भाषा का सम्मान करूं। कांग्रेस नेता ने जल्लीकट्टू के व्यवस्थित और सुरक्षित आयोजन की सराहना करते हुए कहा, तमिल संस्कृति और इतिहास को जीवंत स्वरूप में देखना बहुत ही बेहतरीन अनुभव रहा।

**संघ प्रमुख भागवत ने तमिलनाडु में पोंगल पूजा की**

चेन्नई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को चेन्नई में पोंगल समारोह में हिस्सा लिया और इस मौके पर पूजा अर्चना की। भागवत यहां एक स्वयंसेवक के घर भी गए और तमिल भाषा में लिखित एक प्राचीन काव्य थिरुक्कुरल की कुछ पंक्तियां उद्धृत कीं। मोहन भागवत ने इस अवसर पर गो पूजा भी की।

गौरतलब है कि दक्षिण भारत में पवित्र महीना थाइ के अवसर पर पोंगल त्योहार जोर-शोर से मनाया जाता है। यह विवाह एवं नए कारोबार शुरू करने के लिए शुभ माना जाता है। आरएसएस के एक स्वयंसेवक के घर जाने पर भागवत ने उस परिवार की एक लड़की को तमिल भाषा में लिखित एक प्राचीन काव्य थिरुक्कुरल की पंक्तियां बताईं। संघ प्रमुख ने जिन पंक्तियों को उद्धृत किया, उसका अर्थ है कि आग से जलने के जख्म तो भर जाएंगे लेकिन जुबान के जख्म नहीं।

## मुंबई में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 11 लोग गिरफ्तार

मुंबई। पुलिस ने मुंबई के घाटकोपर में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर ऋण बकाए के भुगतान के नाम पर कथित रूप से लोगों को ठगने के मामले में छह महिलाओं और पांच पुरुषों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 61 साल के एक मुंबई निवासी की शिकायत के आधार पर जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को कॉल सेंटर पर छापा मारा और परिसर से 132 सिम कार्ड, 11 कम्प्यूटर और सात मोबाइल फोन बरामद किए।

शिवाजी पार्क पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह कॉल सेंटर पिछले साल अप्रैल से काम कर रहा था और आरोपी कोविड-19 वैश्विक महामारी का फायदा उठाकर उन लोगों को कथित रूप से ठग रहे थे, जिन्होंने बैंकों और अन्य वित्तीय कंपनियों से ऋण लिया है। अधिकारी ने बताया कि ए आरोपी उन कंपनियों के कर्मी बनकर उधार लेने वालों को फोन करते थे और उन्हें बकाया राशि को तुलना में बेहद कम राशि लेकर ऋण का निपटान करने का प्रस्ताव देते थे। एक शिकायतकर्ता ने पिछले महीने पुलिस में शिकायत की कि उससे 39,200 रुपये ठगे गए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने लॉकडाउन के कारण आमदनी कम होने पर अपने ऋण के भुगतान को स्थगित करने का अनुरोध किया था। पिछले साल नंवबर में एक व्यक्ति ने उसे फोन करके 34,000 रुपये के उसके ऋण भुगतान को 17,000 रुपये में निपटाने का प्रस्ताव रखा। शिकायतकर्ता के इस पर राजी हो जाने के बाद आरोपी ने राशि एकत्र करने के लिए, एक व्यक्ति उसके घर भेजा। इसी तरह शिकायतकर्ता ने आरोपी को एक और ऋण के 1.4 लाख रुपये के बकाए के भुगतान को निपटाने के लिए 21,700 रुपये दिए।

पिछले महीने उस वित्तीय कंपनी का प्रतिनिधि शिकायतकर्ता के घर आया, जिससे उसने ऋण लिया था और कंपनी के प्रतिनिधि ने उससे ऋण के बकाए का भुगतान करने को कहा। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने उसे ऋण के निपटान का पत्र दिखाया, जिसके बाद यह पता चला कि यह पत्र फर्जी था।

## केंद्र सरकार नए कृषि कानूनों को रद्द करे : शिवसेना

मुंबई। शिवसेना ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आंदोलनरत किसानों की भावनाओं का सम्मान करने और नए विवादास्पद कृषि कानूनों को रद्द करने का आग्रह किया है। कहा कि ऐसा करने से उनका कद और बढ़ा हो जाएगा।

शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में केंद्र सरकार पर उच्चतम न्यायालय का इस्तेमाल कर किसानों के प्रदर्शन को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया गया। संपादकीय में कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र का यह दावा भी चौंकाने वाला है कि किसानों के प्रदर्शन में खालिस्तानी घुस हुए हैं। उसमें यह आरोप लगाया गया, यदि खालिस्तानियों ने विरोध प्रदर्शन में घुसपैठ की है, तो यह सरकार की ही विफलता है। सरकार विरोध को समाप्त नहीं करना चाहती है और आंदोलन को देशद्रोह का रंग देकर राजनीति करना चाहती है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को अगले आदेश तक नए कृषि कानूनों के लागू करने पर रोक लगा दी। दिल्ली के बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की यूनियनों और केंद्र सरकार के बीच गतिरोध को हल करने के लिए चार सदस्यीय समिति गठित करने का फैसला किया।

संपादकीय में कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बावजूद इस मुद्दे पर गतिरोध जारी है। किसान यूनियनों ने समिति के चार सदस्यों से बात करने से इनकार कर दिया क्योंकि उन्होंने पहले कथित रूप से कृषि कानूनों का समर्थन किया था। उन्हें किसानों की भावनाओं का सम्मान करते हुए कानूनों को खत्म कर देना चाहिए। मोदी का आज जितना बड़ा कद है, ऐसा करने से उनका कद और बड़ा हो जाएगा।

## महाराष्ट्र बर्ड फ्लू: परभणी में 3,400 से अधिक पक्षी मारे

औरंगाबाद (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के परभणी जिले में बर्ड फ्लू से 100 से अधिक मुर्गियों की मौत की पुष्टि होने के बाद 3,400 से अधिक पक्षियों को मारा गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि परभणी के मुरुंबा में पिछले सप्ताह करीब 900 मुर्गियों की मौत हो गई थी। जिला प्रशासन ने इसके बाद, जहां मुर्गियों की मौत हुई, उसके एक किलोमीटर तक के दायरे में पक्षियों को मारने का फैसला किया था।

परभणी के कलेक्टर दीपक मुगलिकर ने पीटीआई-भाषा से कहा, बुधवार को पक्षियों को मारा गया। कल रात तक 3,443 पक्षियों को मारा गया। उन्होंने बताया कि कुप्पा गांव से कुछ मृत पक्षियों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भी भेजे गए हैं। अधिकारी ने कहा, जिले में कहीं और से कोई प्रतिकूल खबर नहीं मिली है। मुरुंबा गांव के निवासी एक दम ठीक हैं।

## रक्षा अभ्यास में भारत की समुद्री तैयारियों की समीक्षा की गई

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने दो दिन के एक व्यापक रक्षा अभ्यास में शांति से लेकर युद्धकाल तक की आपात स्थितियों समेत समुद्री क्षेत्र में मौजूद सभी संभावित चुनौतियों से निपटने की भारत की तैयारियों की समीक्षा की।

अधिकारियों ने बताया कि इस रक्षा अभ्यास के दायरे में देश का 7516 किलोमीटर का तटीय क्षेत्र और विशेष आर्थिक क्षेत्र शामिल था। उन्होंने बताया कि द्विवार्षिक अखिल भारतीय तटीय रक्षा अभ्यास सी विजिल-21 का दूसरा संस्करण 12-13 जनवरी को आयोजित किया गया। भारतीय नौसेना ने बताया कि सभी हितधारकों ने इसमें पूरी निष्ठा से हिस्सा लेने से अभ्यास के परिकल्पित उद्देश्य पूरे किए गए।

अभ्यास में पूरे तटीय सुरक्षा तंत्र और भारतीय नौसेना तथा तटरक्षक बल के जमीन पर तैनात 110 से अधिक आयुध को शामिल किया गया, जिससे यह अभी तक सबसे व्यापक अभ्यास बन गया।

नौसेना ने एक बयान में कहा, सी विजिल के वैचारिक और भौगोलिक विस्तार में देश का पूरा तट और विशेष आर्थिक क्षेत्र शामिल था और इसमें शांति से लेकर युद्ध-काल तक की आपात स्थितियों में उत्पन्न हो सकने वाली चुनौतियों की समीक्षा की गई...

भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल ने मुम्बई आतंकवादी हमले के बाद भारत की तटीय सुरक्षा को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 नवम्बर 2008 को मुम्बई पर किए हमले में 166 से अधिक लोग मारे गए थे, जिसमें 10 देशों के 28 विदेशी नागरिक भी शामिल थे। सी विजिल-21 के तहत पहला अभ्यास जनवरी 2019 में किया गया।

## गूगल ने कई व्यक्तिगत ऋण ऐप को प्ले स्टोर से हटाया

नई दिल्ली। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने भारत में सैकड़ों की संख्या में व्यक्तिगत ऋण ऐप की समीक्षा की है। इनमें से कई को अपने प्ले स्टोर से हटा दिया है। प्रयोगकर्ताओं और सरकारी एजेंसियों ने कंपनी से इन ऐप को लेकर चिंता जताई थी। गूगल ने बृहस्पतिवार कहा कि जो ऐप उपयोक्ता सुरक्षा नीतियों का उल्लंघन कर रही थीं, उन्हें तत्काल प्ले स्टोर से हटा दिया गया है।

गूगल ने शेष ऐप के डेवलपर्स से कहा है कि वे यह दर्शाएं कि किस तरीके से स्थानीय कानूनों और नियमनों का अनुपालन कर रहे हैं। यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं तो उनको भी बिना किसी नोटिस के हटा दिया जाएगा। गूगल ने ब्लॉगपोस्ट में कहा, गूगल के उत्पादों तक सुरक्षित अनुभव प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारी वैश्विक उत्पाद नीतियां इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर डिजाइन और क्रियान्वित की गई हैं।

## नशीले पदार्थों संबंधी जांच: एनसीबी ने महाराष्ट्र के मंत्री के दामाद के घर छापा मारा

एजेंसी। मुंबई

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक के दामाद समीर खान के आवास पर बृहस्पतिवार को छापा मारा। खान को नशीले पदार्थों संबंधी एक मामले में एनसीबी ने बुधवार को गिरफ्तार किया था। इस मामले में ब्रिटिश नागरिक करण सजनानी और दो अन्य को पिछले सप्ताह 200 किलोग्राम मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारी ने बताया कि एनसीबी के एक दल ने बृहस्पतिवार को उपनगरीय बांद्रा में खान के आवास पर छापा मारा, जहां से कुछ भी जब्त नहीं किया गया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद, एनसीबी की टीम ने जुहू इलाके में भी छापा मारा और छापेमारी का अभियान जारी है। एनसीबी ने खान को कई घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

सूत्रों ने बताया कि ड्रग्स मामले के एक आरोपी और उनके बीच 20,000 रुपये का कथित ऑनलाइन लेन-देन का मामला सामने आने के बाद एजेंसी ने उन्हें तलब किया। गौरतलब है कि एजेंसी ने मंगलवार को मुंबई के प्रसिद्ध मुच्छड़ पानवाला दुकान के एक मालिक रामकुमार तिवारी को गिरफ्तार किया था।

**दामाद की गिरफ्तारी के बाद नवाब मलिक ने कहा: कानून से ऊपर कोई नहीं**



मुंबई। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक, जिनके दामाद को ड्रग्स मामले में एनसीबी ने गिरफ्तार किया है, ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और कानून को बिना किसी भेदभाव के लागू किया जाना चाहिए। ट्विटर पर एक पोस्ट में, राकांपा नेता ने किसी घटना का उल्लेख किए बिना कहा कि कानून अपना काम करेगा और न्याय होगा। मलिक के दामाद समीर खान को स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बुधवार को यहां ड्रग्स से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने पहले बताया कि एनसीबी को खान और ड्रग्स मामले के एक आरोपी के बीच 20,000 रुपये के कथित ऑनलाइन लेन-देन का पता चला था। इस मामले में ब्रिटिश नागरिक करण सजनानी और दो अन्य को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। मलिक ने ट्वीट कर कहा, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और इसे बिना किसी भेदभाव के लागू किया जाना चाहिए। कानून अपना काम करेगा और न्याय होगा। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने कहा, मैं न्यायपालिका का सम्मान करता हूं और उसमें विश्वास रखता हूं।

**एलएंडटी को घरेलू बाजार में कई ऑर्डर मिले**

नई दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की निर्माण इकाई को विभिन्न कारोबारी खंडों में घरेलू बाजार से कई ऑर्डर मिले हैं। हालांकि, कंपनी ने इन अनुबंधों के मूल्य का खुलासा नहीं किया है। कंपनी को मिले ऑर्डर उल्लेखनीय श्रेणी के हैं। अनुबंधों के वर्गीकरण के अनुसार इस तरह इन ऑर्डर का मूल्य करीब 1,000 करोड़ रुपये से 2,500 करोड़ रुपये है।

शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसकी निर्माण इकाई को विभिन्न कारोबारी खंडों में प्रतिष्ठित ग्राहकों से उल्लेखनीय ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने कहा कि उसके भवन और कारखाना कारोबार को एक डेवलपर से मुंबई में कार्यालय स्थल के निर्माण का ठेका मिला है। इसके अलावा उसे हरियाणा सरकार से जींद में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का अनुबंध मिला है। कंपनी ने कहा कि इसके तहत उसे अस्पताल के भवन, अकादमी ब्लॉक और आवासीय भवन का निर्माण करना है।

## अमेरिकी रक्षा विभाग सत्ता का सुचारू हस्तांतरण कर रहा सुनिश्चित : पेंटागन

वाशिंगटन। पेंटागन के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी रक्षा विभाग (डीओडी) सत्ता का सुचारु हस्तांतरण सुनिश्चित कर रहा है। विभाग इस संबंध में बिडेन प्रशासन के साथ पूरा सहयोग कर रहा है। रक्षा विभाग और कार्यवाहक रक्षा मंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ काश पटेल ने बुधवार को फॉक्स न्यूज के लिए लिखे एक ऑप एड में ये बात कही।

पटेल ने कहा कि बिडेन टीम ने शुरू में 130 बैठकों का अनुरोध किया था, जो बाद में बढ़कर 225 कर दी गई। यह संख्या पूर्व प्रशासनों की तुलना में कहीं अधिक है। अब तक, रक्षा विभाग ने 213 बैठकें पूरी कर ली है, जिनमें विभाग के 550 से अधिक वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। पेंटागन में सबसे उच्च रैंकिंग वाले भारतीय मूल के अमेरिकी अधिकारी पटेल ने कहा कि विभाग ने सूचना के लिए 261 अनुरोधों और सत्ता हस्तांतरण से जुड़ी 43 प्रारंभिक पुस्तकों का आग्रह भी पूरा किया है। उन्होंने कहा कि यह सब कोविड-19 संकट के बीच पूरा किया गया, जिसके कारण पेंटागन अपने कार्यबल की केवल 40 प्रतिशत क्षमता के साथ काम कर रहा है। पटेल ने बिडेन-हैरिस की सत्ता हस्तांतरण टीम के आरोपों का खंडन किया कि पेंटागन उनके साथ सहयोग नहीं कर रहा है।

उन्होंने कहा, क्रिसमस से कुछ समय पहले, कार्यवाहक रक्षा मंत्री क्रिस मिलर ने एक दिन (18 दिसंबर, 2020) के लिए इस प्रक्रिया को रोक दिया था ताकि हमारा वरिष्ठ नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर ध्यान केंद्रित कर सके। उन्होंने कहा कि सत्ता हस्तांतरण से जुड़ी गतिविधियां फिर से बहाल कर दी गईं हैं और तब से 20 से अधिक बैठकें हुई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

**यूपी के मुख्यमंत्री ने दी मकर संक्रांति की शुभकामनाएं**

गोरखपुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को गोरखनाथ मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त में बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी अर्पित की। राज्य के लोगों को मकर संक्रांति के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने त्योहार के दौरान लोगों से कोविड-19 संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने की भी अपील की। उन्होंने कहा, यह सूर्य की उपासना का पर्व है और किसानों के लिए खुशी एवं उत्साह का भी अवसर है। मकर संक्रांति पर खिचड़ी चढ़ाने का चलन है। किसान अपनी मेहनत से जो फसल पैदा करता है, उसे अपने ईष्टदेव को अर्पित करता है। उन्होंने कहा, सनातन धर्म में, मकर संक्रांति एक बहुत ही शुभ दिन है और सभी अच्छे कार्य इसके साथ शुरू होते हैं। यह मकर संक्रांति भी खुशखबरी लेकर आई है क्योंकि 16 जनवरी से कोविड-19 टीकाकरण शुरू होगा। यह खुशी का त्योहार है लेकिन हमें इस दौरान दो गज दूरी, मास्क है जरूरी के मंत्र को नहीं भूलना चाहिए।

**सीबीआई ने अपने अफसरों के खिलाफ दर्ज किए मामले**

नई दिल्ली। सीबीआई ने बैंक के साथ धोखाधड़ी करने की आरोपी कंपनियों की मदद करने के संबंध अपने कई अधिकारियों के खिलाफ आधिकारिक पद के कथित दुरुपयोग एवं भ्रष्टाचार के मामले दर्ज किए और बृहस्पतिवार सुबह एक तलाश अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उसे शर्मिंदा करने वाले इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है, जिसमें उसके अपने ही अधिकारी बैंकों से धोखाधड़ी करने की आरोपी उन कंपनियों से कथित रूप से रिश्वत लेने को लेकर जांच के दायरे में हैं, जिनके खिलाफ एजेंसी जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि कम से कम पांच स्थानों पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, ऐसा बताया जा रहा है कि इनमें से कुछ अधिकारी आरोपी कंपनियों से कथित रूप से नियमित भुगतान ले रहे थे।

**सपा नेता के गोदाम से मिला सरकारी राशन, दो गिरफ्तार**

बदायूं (उप्र)। उत्तर प्रदेश में राजस्व विभाग और आपूर्ति विभाग की टीम ने बुधवार को जिले के अलापुर में समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता के गोदाम से सरकारी राशन का 550 बोरी चावल बरामद किया। अधिकारियों ने इस बारे में बताया। अधिकारियों ने बताया कि जांच के लिए गई टीम ने जब गोदाम के पास एक कोटेदार के यहां राशन की जांच की तो वहां पर कम चावल मिला। बदायूं के जिलाधिकारी कुमार प्रशांत ने बताया, राशन कोटेदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। राशन कोटेदार पांच दुकानों का संचालन कर रहा था। घपला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी रामेंद्र प्रताप सिंह ने बताया, जिलाधिकारी के निर्देश पर छापा मारा गया। फहीमुद्दीन को पकड़ लिया गया है। उनके घर और ट्रक से 550 बोरी चावल बरामद किया गया है। एक अन्य कोटेदार के यहां से राशन कम मिला है। छापे के दौरान फहीमुद्दीन के भाई को भी गिरफ्तार किया गया, जबकि ट्रक चालक फरार है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव ने कहा कि फहीमुद्दीन सपा के जिला सचिव हैं और उनके गोदाम से अवैध राशन मिलने के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

**ट्विटर के सीईओ ने ट्रंप पर लगे प्रतिबंध का बचाव किया**

सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)। ट्विटर के सीईओ जैक डोर्सी ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कंपनी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय का बचाव किया है और इसे सही फैसला बताया है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि यह एक खतरनाक उदाहरण कायम कर सकता है। डोर्सी ने कहा कि यह प्रतिबंध वैश्विक सार्वजनिक बातचीत के लिए एक खुली और स्वस्थ जगह बनाने में ट्विटर की विफलता को दिखाता है। हालांकि कंपनी के सह-संस्थापक ने यह नहीं बताया कि ट्विटर या ऐसी अन्य बड़ी कंपनियां भविष्य में इस तरह के विकल्पों से कैसे बच सकती हैं।

**बेंगलुरु सर्वाधिक बढ़ता प्रौद्योगिकी केंद्र, मुंबई छठे स्थान पर**

लंदन। बेंगलुरु दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में उभरा है। लंदन में बृहस्पतिवार को जारी एक ताजा शोध के अनुसार 2016 से बेंगलुरु दुनिया का सबसे तेजी से आगे बढ़ता परिपक्व प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र रहा है। इस सूची में बेंगलुरु के बाद यूरोपीय शहरों....लंदन, म्यूनिख, बर्लिन और पेरिस का नंबर आता है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई सूची में छठे स्थान पर है। लंदन एंड पार्टनर्स ने डीलरूम.कॉम के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। आंकड़ों के अनुसार कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में निवेश 2016 के 1.3 अरब डॉलर से 5.4 गुना बढ़कर 2020 में 7.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में इसी अवधि में निवेश 1.7 गुना बढ़कर 70 करोड़ डॉलर से 1.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में निवेश तीन गुना बढ़कर 3.5 अरब डॉलर से 10.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। हमारे दोनों शानदार शहर उद्यमिता और नवोन्मेषण में परस्पर मजबूती साझा करते हैं। इससे प्रौद्योगिकी निवेशकों तथा कंपनियों के लिए बड़ी संख्या में अवसरों का सृजन होता है। भट्ठचा ने कहा, लंदन के भारत के शहरों के साथ मजबूत व्यापारिक और निवेश संबंध हैं।

**बाल यौन शोषण: बर्खास्त भाजपाई से अश्लील वीडियो मिले**

जालौन (उप्र)। उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बाल यौन शोषण मामले में बर्खास्त भाजपा नेता के जब्त लैपटॉप, डीवीडी और हार्ड डिस्क से कई अश्लील वीडियो मिले हैं। पुलिस ने इस बारे में बताया। कोंच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) इमरान खान ने बृहस्पतिवार को बताया, कोंच कस्बे के भगत सिंह नगर से बाल यौन शोषण मामले में गिरफ्तार रामबिहारी राठौर (65) के घर से जब्त किए गए लैपटॉप, डीवीडी और हार्ड डिस्क में 15-20 अश्लील वीडियो मिले हैं। इन वीडियो में अलग-अलग बच्चों से आरोपी अश्लील हरकत करते हुए नजर आया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की साइबर क्राइम की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। एसएचओ ने कहा, राठौर पहले छोटे-छोटे बच्चों को रुपए का लालच देकर अपने जाल में फंसाता था, फिर उनका यौन शोषण कर वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करता था। वह बच्चों को धमकाकर उनका यौन उत्पीड़न करता था। राठौर को बुधवार को जेल भेज दिया गया।

## ओली ने भारत के निर्देश पर नेपाली संसद को भंग किया : प्रचंड

काठमांडू। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के एक धड़े के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड ने बुधवार को प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली पर भारत के इशारे पर सत्तारूढ़ दल को विभाजित और संसद को भंग करने का आरोप लगाया।

यहां नेपाल एकेडमी हॉल में अपने धड़े के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रचंड ने कहा कि प्रधानमंत्री ने निकट अतीत में आरोप लगाया था कि एनसीपी के कुछ नेता भारत की शह पर उनकी सरकार को गिराने की साजिश रच रहे थे। प्रचंड ने कहा कि उनके धड़े ने बस इसलिए ओली को इस्तीफा देने के लिए बाध्य नहीं किया क्योंकि इससे एक संदेश जाता कि ओली का बयान सच है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, (लेकिन) अब क्या ओली ने भारत के निर्देश पर पार्टी को विभाजित कर दिया और प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया? उन्होंने कहा कि सच नेपाल की जनता के सामने आ गया। प्रचंड ने आरोप लगाया, ओली ने भारत की खुफिया शाखा रॉ के प्रमुख सामंत गोयल के बालुवाटार में अपने निवास पर किसी भी तीसरे व्यक्ति की गैरमौजूदगी में तीन घंटे तक बैठक की जो स्पष्ट रूप से ओली की मंशा दर्शाता है।

**राष्ट्रपति ने अनुशंसा पर उसी दिन प्रतिनिधि सभा को भंग कर नए चुनावों का भी कर दिया ऐलान**

उन्होंने प्रधानमंत्री पर बाहरी ताकतों की गलत सलाह लेने का आरोप लगाया। प्रचंड ने कहा कि प्रतिनिधि सभा को भंग करके ओली ने संविधान एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को एक झटका दिया जिसे लोगों के सात दशक के संघर्ष के बाद स्थापित

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव किया पारित

एजेंसी। वाशिंगटन

**ट्रंप अमेरिकी इतिहास में दो बार महाभियोग का सामने करने वाले राष्ट्रपति बने**



अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कार्यकाल समाप्त होने में महज कुछ दिन पहले प्रतिनिधि सभा ने पिछले सप्ताह कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) में हुई हिंसा के मद्देनजर उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित कर दिया। इसके साथ ही ट्रंप अमेरिका के इतिहास में पहले ऐसे राष्ट्रपति बन गए हैं, जिनके खिलाफ दो बार महाभियोग चलाया जा रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी के नियंत्रण वाली प्रतिनिधि सभा में इस प्रस्ताव को 197 के मुकाबले 232 मतों से पारित किया था। रिपब्लिकन पार्टी के भी 10 सांसदों ने इसके समर्थन में मतदान किया। चार सांसदों ने मतदान नहीं किया।

इस महाभियोग प्रस्ताव में निवर्तमान राष्ट्रपति पर अपने कदमों के जरिए छह जनवरी को राजद्रोह के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि ट्रंप ने अपने समर्थकों को कैपिटल बिल्डिंग (संसद भवन) की घेराबंदी करने के लिए तब उकसाया, जब वहां इलेक्टोरल कॉलेज के मतों की गिनती चल रही थी और लोगों के धावा बोलने की वजह से यह प्रक्रिया बाधित हुई। इस घटना में एक पुलिस अधिकारी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। भारतीय मूल के चारों अमेरिकी सांसदों एमी बेरा, रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति और प्रमिला जयपाल ने महाभियोग के समर्थन में मतदान किया। इससे पहले, प्रतिनिधि सभा ने मंगलवार को एक प्रस्ताव पारित करके देश के निवर्तमान उपराष्ट्रपति माइक पेंस से अपील की थी कि वह निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पद से हटाने के लिए 25वां संशोधन लागू करें। इस प्रस्ताव को मंगलवार को 205 के मुकाबले 223 मतों से पारित किया गया था।

यह संशोधन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की हत्या के मद्देनजर 50 साल से अधिक समय पहले पारित किया गया था। यदि कोई राष्ट्रपति पद पर सेवा देने के लिए उपयुक्त नहीं रह जाता, तो उसकी जगह किसी और की नियुक्त किए जाने का प्रावधान करने के लिए इस संशोधन का उपयोग किया जाता है। महाभियोग प्रस्ताव को अब सीनेट में भेजा जाएगा, जो ट्रंप को पद से हटाने के लिए सुनवाई करेगी और मतदान करेगी। सीनेट 19 जनवरी तक के लिए स्थगित है। इसके एक दिन बाद 20 जनवरी को जो बिडेन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। ट्रंप को कार्यकाल समाप्त होने से पहले व्हाइट हाउस नहीं छोड़ना पड़ेगा, क्योंकि सीनेट का नियमित सत्र अभी नहीं चल रहा है और नियमित सत्र से पहले सत्र आरंभ करने के लिए सीनेट को सर्वसम्मति की आवश्यकता होगी। प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने कहा, हम जानते हैं कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने हमारे देश के खिलाफ यह राजद्रोह, यह हथियारबंद विद्रोह भड़काया। उन्हें पद से हटाया जाना चाहिए। डेमोक्रेटिक नेता बाइडन ने रिपब्लिकन नेता ट्रंप के खिलाफ प्रतिनिधि सभा में महाभियोग प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद एक बयान में कहा, यह आपराधिक हमला पूर्वनियोजित और समन्वित था। इसे उन राजनीतिक अतिवादियों और घरेलू आतंकवादियों ने अंजाम दिया, जिन्हें ट्रंप ने भड़काया था। यह अमेरिका के खिलाफ हथियारबंद राजद्रोह था और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

बिडेन ने कहा कि प्रतिनिधि सभा के सदस्यों ने अमेरिकी संविधान के तहत उन्हें मिले अधिकार का इस्तेमाल किया और राष्ट्रपति को जवाबदेह बनाने एवं उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए मतदान किया। बिडेन ने कहा, हमारा देश कोरोना वायरस महामारी से जूझ रहा है और अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ा है। मुझे उम्मीद है कि सीनेट का नेतृत्व इस देश के लिए आवश्यक मामलों पर काम करते हुए, महाभियोग की सुनवाई करेगा। जब प्रतिनिधि सभा में महाभियोग संबंधी कार्यवाही चल रही थी, तब ट्रंप ने बिडेन के शपथ ग्रहण समारोह से पहले देशभर में हथियारबंद हिंसा की आशंकाओं के बीच अपने समर्थकों से शांति बनाए रखने की अपील की।

ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस द्वारा जारी बयान में कहा, और प्रदर्शन हो सकने की खबरों के मद्देनजर, मैं अपील करता हूं कि कोई हिंसा न हो, कोई कानून न तोड़ा जाए और किसी प्रकार की तोड़-फोड़ न की जाए। सदन में बहुमत के नेता स्टेनी होयर ने कहा कि राष्ट्रपति ने जो काम किया, उसके खिलाफ सदन को सीनेट की ओर से तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। सीनेट में बहुमत के नेता मिच मैकॉनल ने यह नहीं बताया कि सीनेट में सुनवाई किस तारीख को होगी, लेकिन उन्होंने एक बयान में कहा कि बिडेन के राष्ट्रपति पद संभालने से पहले ऐसा होने की संभावना नहीं है। इससे पहले, प्रतिनिधि सभा ने 18 दिसंबर, 2019 में ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के आरोप को पारित किया था, लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाली सीनेट ने फरवरी 2020 में इन आरोपों से बरी कर दिया था।

# दिल्ली में हफ्ते में 4 दिन लगेगा टीका

## एक केंद्र पर एक दिन में करीब 100 लोगों को लगेगी वैक्सीन, राजधानी में होंगे 81 सेंटर : सीएम केजरीवाल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के खिलाफ टीकाकरण अभियान 16 जनवरी शनिवार से देशभर में शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस अभियान को शुरू करेंगे। राजधानी में भी वैक्सीनेशन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को वैक्सीन लगाई जाएगी। एक केंद्र पर एक दिन में करीब 100 लोगों को वैक्सीन लगाई जाएंगी और पूरी दिल्ली में 81 केंद्रों पर रोजाना 8100 लोगों को वैक्सीन दी जाएगी। पहले चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन दी जाएंगी, इसके लिए 2 लाख 40 हजार स्वास्थ्यकर्मी अभी तक पंजीकरण कर चुके हैं। अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कोविड वैक्सीनेशन को लेकर दिल्ली सरकार की तरफ से की गई तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में अधिकारियों ने तैयारियों का पूरा खाका पेश किया।

इसके बाद केजरीवाल ने डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में कोरोना की वैक्सीन लगने का काम शुरू होने जा रहा है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने अपनी सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आज सुबह उन्होंने अपनी टीम के साथ सारी तैयारियों का जायजा लिया। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सभी टीमें लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए तैयार हैं। पहले दिन यानि 16 जनवरी को 81 जगहों पर वैक्सीन लगाई जाएंगी। एक-एक जगह पर 1 दिन में लगभग 100 लोगों को वैक्सीन लगाई जाएंगी। हफ्ते में 4 दिन सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को लोगों को वैक्सीन लगाई जाएंगी। बुधवार और शुक्रवार को कोरोना वैक्सीन लगाने का काम नहीं होगा, क्योंकि इन दो दिनों में नियमित रूप से दूसरी बीमारियों के लिए वैक्सीन लगाई जाती हैं।

ऐसे में वह नहीं चाहते हैं कि दूसरी बीमारियों के लिए जो नियमित रूप से टीकाकारण किया जाता है, उसका काम प्रभावित हो। रविवार को अवकाश होने के कारण वैक्सीनेशन का काम नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरुआत में विभिन्न इलाकों में 81 केंद्रों पर वैक्सीनेशन का कार्य शुरू कर रहे हैं। कुछ दिनों में इसको बढ़ाकर 175 केंद्र कर दिए जाएंगे और इन 175 केंद्रों को कुछ दिनों में बढ़ाकर 1000 केंद्र बनाने की योजना है।

केंद्र सरकार से उन्हें अभी तक 2 लाख 74 हजार वैक्सीन की डोज मिली हैं। एक व्यक्ति को दो डोज लगेंगी। इसके अलावा केंद्र सरकार 10 प्रतिशत डोज अतिरिक्त देती है, ताकि टूट-फूट होने पर उपयोग में लाई जा सके। उम्मीद करते हैं कि अगले कुछ दिनों के अंदर स्वास्थ्य कर्मियों के लिए वैक्सीन के डोज की और जरूरत पड़ेगी वह भी जल्द आ जाएंगी। पिछले एक साल से कोरोना की वजह से सब लोग बहुत ज्यादा परेशान हैं, बहुत ज्यादा दुखी और तकलीफ में है। इन वैक्सीन के आने के बाद वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि अब देश दुनिया के लोगों को कोरोना वायरस से मुक्ति मिलेगी।

## पिछले 24 घंटे में आए कोरोना के 340 मामले

**नई दिल्ली।** राजधानी में धीरे-धीरे कोरोना संक्रमण की रफ्तार थम रही है। गुरुवार को दिल्ली में केवल 340 कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आए। पिछले 24 घंटे में 71325 कोरोना टेस्ट किए गए। वहीं आधा प्रतिशत से कम की पॉजिटिव रेट रहा। गुरुवार को 390 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



दिल्ली सरकार करीब 96 लाख कोविड-19 टेस्ट करा चुकी है। अभी दिल्ली में केवल 2037 सक्रिय मरीजे बचे है। वहीं कुल मौतों का आंडा 10722 पहुंच गया है।

## बेशक आप सरकार कोविड-19 से निपटने में अत्यधिक सक्रियता से काम करेगी: हाईकोर्ट




*नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि उसे कोई संदेह नहीं है कि कोविड-19 पर एक समिति की सिफारिशों पर गौर कर रही शहर की आप सरकार राष्ट्रीय राजधानी में महामारी से और मरीजों के इस रोग से उबरने के बाद पेश आने वाली समस्याओं से निपटने में अत्यधिक सक्रियता से काम करेगी। न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की पीठ ने दिल्ली सरकार द्वारा दाखिल की गई एक स्थिति रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद यह टिप्पणी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली सरकार एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों पर विचार कर रही है, जिसमें कोविड से उबरने के बाद जूझ रहे लोगों को टेलीमेडिसीन सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना शामिल है।*

## मकर संक्रांति पर उड़ी-उड़ी रे पतंग...



फोटो: रंजन डिमरी।

## स्कूलों ने शुरू की तैयारियां सैनिटाइज हुए परिसर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**10वीं** और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्कूलों को फिर से खोलने के आदेश के बाद विद्यालयों ने तैयारियां शुरू कर दी है। स्कूल परिसर को पूरी तरह सैनिटाइज किया जा रहा है। वहीं छात्रों की बीच उचित दूरी और संक्रमण न फैले इसकी व्यवस्था की जा रही है। प्रधानाचार्यो ने 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्कूलों को फिर से खोलने के सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय और अच्छा माहौल मिलेगा।

मॉडर्न पब्लिक स्कूल, शालीमार बाग की प्रधानाचार्य अल्का कपूर ने कहा, "छात्रों को स्कूल बुलाने के निर्णय से उन्हें अपनी आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, स्कूल प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए ऐसे कई कदम उठाएंगे कि छात्र संक्रमण से सुरक्षित रहें। छात्रों के आने-जाने का सबसे सुरक्षित तरीका यही होगा कि छात्रों को उनके माता-पिता और अभिभावकों के निजी वाहनों द्वारा स्कूल पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा, एक समय में, केवल कुछ छात्र ही कक्षा में उपस्थित होंगे जिससे स्कूल अधिकारियों को छात्रों के बीच उचित शारीरिक दूरी बनाए रखने और संक्रमण के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी। दिल्ली सरकार ने बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर 18 जनवरी से 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए स्कूलों को फिर से खोलने की अनुमति दी है। हालांकि, सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि शारीरिक उपस्थिति अनिवार्य नहीं है और छात्र अभिभावकों की सहमति से ही स्कूल जाएंगे।

## दिल्ली सरकार ने तीनों निगमों को जारी किए 938 करोड़ रुपये

### भाजपा ने एमसीडी को बनाया दिवालिया : मनीष सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आर्थिक तंगी से जूझ रहे दिल्ली नगर निगमों के कर्मचारियों के वेतन के लिए दिल्ली सरकार ने 938 करोड़ जारी किया है। निगम नेता ना खा जाएं। सिसोदिया ने कर्मचारियों की पीड़ा देखकर मुख्यमंत्री के आदेश पर दिल्ली सरकार ने अन्य योजनाओं से निकालकर इन रुपयों का इंतजाम किया है। मनीष सिसोदिया व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 14 साल पहले एमसीडी की सत्ता में आई बीजेपी ने तीनों नगर निगमों को पूरी तरह दिवालिया बना दिया।



कर्मचारियों की सैलरी के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा को कटघरे में खड़ा करती रही है। अब दिल्ली सरकार ने सीधे तौर पर भाजपा व नगर निगम को निशाने पर लिया है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने 14 सालों में एमसीडी को दिवालिया बना दिया है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे इन पैसों पर नजर रखें। कहीं केजरीवाल सरकार की तरफ से भेजे गए इन पैसों को भी भाजपा उत्तरी दिल्ली नगर निगम के बैंक खाते में मात्र 12 करोड़ रुपए बचे हैं जबकि पूर्वी नगर निगम के पास मात्र 99 लाख रुपये हैं। एमसीडी पर दिल्ली सरकार का 6276 करोड़ रुपया बकाया है। अब नगर निगम के पास अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक के पैसे नहीं हैं। साफ-सफाई, बिल्डिंग नक्शे संबंधी काम के लायक भी नहीं रह गई है एमसीडी। सफाई कर्मियों, शिक्षकों, मेडिकल स्टाफ इत्यादि को वेतन नहीं मिल रहा है।

## 'बच्चों में सवाल पूछने की आदत डालने वाले शिक्षक हो तैयार'



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि ऐसे शिक्षक तैयार करने हैं, जो बच्चों में सवाल पूछने की आदत डाल सकें। टीचर्स ही समाज को बदल सकते हैं। इसलिए उनके अंदर वो जज्बा लाना है।

टीचर्स ट्रेनिंग के जरिए हमें यह मुकाम हासिल करना है। उन्होंने यह बात बृहस्पतिवार को एससीईआरटी और डाइट के पुनर्गठन पर आयोजित कार्यक्रम में कही। सिसोदिया ने कहा कि एससीईआरटी को टीचर्स ट्रेनिंग में अहम भूमिका निभानी है। किसी भी देश में शिक्षा का स्तर किस ऊंचाई तक बढ़ सकता है, यह बात सिर्फ टीचर्स के प्रयासों पर निर्भर करती है। दुनिया के जिन देशों में एजुकेशन काफी शानदार हो रही है, उनमें यही देखा गया है। उन देशों ने अपने टीचर्स की ट्रेनिंग पर काफी ध्यान दिया है। दिल्ली सरकार ने भी पिछले कई वर्षों में टीचर्स ट्रेनिंग पर बहुत काम किया है। अब एससीईआरटी में पोस्ट और सैलरी बढ़ाई है ताकि

### एससीईआरटी, डाइट पुनर्गठन की दिशा में उठे महत्वपूर्ण कदम

प्रतिभा को सम्मान मिल सके। उन्हें यूजीसी स्केल दिया गया है। देश में एकमात्र दिल्ली है जहां एससीईआरटी को यह सम्मान मिला है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर अच्छे मुकाम तक पहुंचाने में टीचर्स की सबसे अहम भूमिका होती है। इसके लिए अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर, अच्छा माहौल और वेतन सुविधा आदि जरूरी है।

## बुद्ध नगर में सीवर प्रणाली में होगा सुधार : चड्ढा

**नई दिल्ली।** बुद्ध नगर में सीवर व्यवस्था में बड़े स्तर पर सुधार होगा। साथ ही मैनहोल भी बनाए जाएंगे। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष और राजेंद्र नगर के विधायक राघव चड्ढा ने बुद्ध नगर के डी-ब्लॉक में मैनहोल और सीवर लाइन के काम का उद्घाटन किया। उन्होंने इलाके के लोगों को भरोसा दिया कि यह काम तय समय पर पूरा किया जाएगा।

राघव चड्ढा ने कहा कि सीवेज की समस्या का समाधान तभी हो सकता है, जब हर घर तक चालू सीवरेज लाइन हो। वह क्षेत्र में रहने वालों विश्वास दिलाते है कि सीवेज लाइन से जुड़ी समस्या पांच महीने के भीतर खत्म हो जाएंगी।

## शीतलहर जारी, सुबह में कोहरा व छाए रहे बादल

**नई दिल्ली।** राजधानी मृं न्यूनतम तापमान गिरकर दो डिग्री सेल्सियस हो जाने के कारण भीषण शीत लहर की चपेट में आ गई है तथा राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह घने से मध्यम कोहरे के कारण पालम में दृश्यता स्तर 100 मीटर और सफदरजंग में 201 रहा। लोधी रोड और रिज मौसम स्टेशनों ने क्रमश: 2.4 और 3.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि मैदानी इलाकों में चल रही ठंडी और उत्तरी-उत्तरपश्चिमी हवाओं के कारण उत्तर भारत में तापमान और गिर गया है।

## बर्ड फ्लू निरीक्षण में शिक्षकों की नहीं लगेगी ड्यूटी

### शिकायत मिलने के बाद डिप्टी सीएम ने दिया सभी डीएम को आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में बर्ड फ्लू की स्थिति के मद्देनजर शिक्षकों को निरीक्षण ड्यूटी में नहीं लगाया जाएगा।

ऐसी शिकायतें मिली थी कि शिक्षकों को बाजारों और अन्य स्थानों का औचक निरीक्षण कर यह देखने को कहा गया था कि बर्ड फ्लू के मद्देनजर दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा या नहीं। सिसोदिया ने ट्वीट किया, बर्ड फ्लू के मद्देनजर कुछ जिलों से शिक्षकों को निरीक्षण की ड्यूटी में लगाए जाने की शिकायतें मिली थी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शिक्षकों को इस ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है।

जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि बिना इजाजत के शिक्षकों को ऐसी ड्यूटी में ना लगाएं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गाजीपुर पोल्ट्री बाजार को खोलने का बृहस्पतिवार को निर्देश जारी किया। बाजार से लिए गए 100 नमूनों में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं होने के बाद उन्होंने यह आदेश दिया। एक दिन पहले राष्ट्रीय राजधानी में नगर निगमों ने दुकानों और रेस्तरांओं के पोल्ट्री या प्रसंस्कृत चिकन बेचने तथा रखने पर रोक लगा दी थी। राष्ट्रीय राजधानी में कौवों और बत्तखों के नमूनों में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के तीन दिन बाद ए परिणाम आए हैं।

कौवों और बत्तखों के नमूनों में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली सरकार ने सोमवार को शहर के बाहर से लाए जाने वाले प्रसंस्कृत एवं पैकेटबंद चिकन की बिक्री पर रोक लगा दी थी। 10 दिन के लिए थोक पोल्ट्री बाजार भी बंद कर दिया था। पिछले एक सप्ताह में संजय झील में कई बत्तख और शहर के विभिन्न पार्कों में कई कौए मृत पाए गए हैं।

## जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े और कंबल

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ाके की ठंड में आजादपुर, राजौरी गार्डन, जगतपुर चौक सिग्नेचर ब्रिज शरणार्थी शिविरों व सड़क पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच गर्म कपड़े तथा कंबल बांटे परिषद के दिल्ली प्रदेश मीडिया प्रमुख आशुतोष सिंह ने बताया की लगातार पड़ रही ठंड के मद्देनजर संगठन के कार्यकर्ताओं ने लोगों से अनुरोध किया है जो कपड़े या कंबल आदि उनके उपयोग में नहीं आ रहे हैं उन्हें दान में दे दें। साथ ही नए कंबलों व कपड़ों आदि का वितरण भी हो रहा है। आजादपुर के पास स्थित एक बस्ती में कंबल वितरण कार्यक्रम में त्रीनगर इकाई के संयोजक सागर ने कहा इस बार कई दिन पहाड़ी क्षेत्रों से भी कम तापमान चला गया ऐसे में छात्रों ने चंदा इकट्ठा कर नए कंबल लिए और जरूरतमंदों लोगों के बीच वितरित कर रहे हैं।

## एनडीएमसी की अनूठी पहल, प्लास्टिक लाओ मास्क पाओ

### सचिव डॉ बी.एम मिश्रा, वित्तीय सलाहकार पुष्कल उपाध्याय व यूएनडीपी के प्रतिनिधि प्रभजोत सोढ़ी ने की शुरूआत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने कोविड-19 महामारी के प्रति लोगों को अनूठे तरीके से जागरूक करने की पहल की है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के साथ मिलकर एनडीएमसी ने खान मार्केट में प्लास्टिक लाओ, मास्क पाओ अभियान शुरू किया है। इससे लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई बनाए रखने के साथ-साथ कोरोना के प्रति सतर्क रहने और मास्क पहनने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के चेयरमैन धर्मेंद्र ने इस अनूठी मुहिम की सराहना करते हुए इसे कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए उचित व्यवहार को बढ़ावा देने के साथ ही प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने बताया कि आज तक चरखा पार्क क्योस्क में 2 मेट्रिक टन प्लास्टिक कचरे को जमा किया जा चुका है और उसके बदले लाने वाले को मास्क बांटे गये है।

इस अभियान का मकसद कोविड -19 से बचने के लिए मास्क के इस्तेमाल पर जोर देना है और उस बेकार कचरा प्लास्टिक के बदले उपयोगी उत्पादों में पुनर्प्राप्त करने और रीसायकल करने की आवश्यकता पर बल देना है। इसके अलावा प्लास्टिक कचरे को अलग-अलग करने को प्रोत्साहित करके समाज को इस जिम्मेदारी की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। इस अभियान



के तहत प्लास्टिक के जिम्मेदार उपयोग और इसके निपटान को बढ़ावा देने के लिए चरखा संग्रहालय कनॉट प्लेस तथा खान मार्केट में दो संग्रह केंद्र स्थापित किये गए है। खान मार्केट संग्रह केंद्र में 80-100 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा रोजाना एकत्रित करने का लक्ष्य है ।

व्यवहार परिवर्तन पर खान मार्केट में एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, इसके बाद गणमान्य अतिथियों से सफाई सेवकों और कचरा इकठ्ठा करने वालों को प्लास्टिक कचरे के बदले मास्क वितरित किये गए।

सफाई कर्मचारी इस पहल के अंतर्गत जागरूक और प्रोत्साहन करने के लिए प्रत्येक दुकान पर जायेंगे।इस क्योस्क से आगंतुकों को बेकार प्लास्टिक उत्पादों को लाने और उसके बदले कपड़े के मास्क के प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही इसके लिए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रतिज्ञा भी लेने के लिये उनको प्रेरित किया जाएगा । इन मिनी कलेक्शन सेंटर में स्कूल, कॉलेजों और छात्रों की भागीदारी सहित सामुदायिक गतिविधियों की पूरी श्रृंखला के साथ इसे सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक खोला जाएगा।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष

स्वभाव में चिड़चिड़ापन देखने को मिलेगा। घर के लोगों से विवाद हो सकता है। काफी दिनों के बाद किसी परिचित व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। आप अपने रिश्ते में एक नए आयाम की तलाश करने जा रहे हैं। आपके पार्टनर का व्यवहार कुछ उखड़ा हुआ रहेगा। आज का दिन आपकी सेहत के लिहाज से काफी अच्छा है। कुछ अधिक सोचने के कारण आपको तनाव हो सकता है जिससे सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**

**भाग्यांक: 3**

**विशेष:** गोशाला में आटे का दान कर दे।

### वृष

परिवार से पूर्ण रूप से सहयोग प्राप्त होगा। अपने व्यवहार पर नियंत्रण रखे। भाग्य का साथ मिलेगा। आज के दिन आप अपने आसपास सभी को अपनी सोच और किसी भी स्थिति को सही समझने की योग्यता से प्रभावित करेंगे। अपने कार्यस्थल की किसी बड़ी समस्या या किसी दोस्त की परेशानी का हल निकालेंगे। आपके लिए रोमांचक समय है। लोग खुद आपकी ओर सहायता लेने के लिए आएंगे।

**( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )**

**भाग्यांक: 2**

**विशेष:** मंदिर जाकर कुबेर भगवान के दर्शन करें।

### मिथुन

आपका भाग्य प्रबल रहेगा। कार्य क्षेत्र में शुभ फलों की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों की सेवा करने से मानसिक शांति प्राप्ति होगी। सेहत को लेकर सावधान रहें। आज के दिन का आप खूब आनंद उठाएंगे, लेकिन बेहतर यही होगा कि कुछ समय निकालकर अपने कल के शेष कार्यों को पूरा कर लें। अपने कार्यक्रम की योजना अपने परिजनों के कार्यक्रम के अनुसार ही बनाएं।

**( का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा )**

**भाग्यांक: 9**

**विशेष:** मखाने की खीर बनाकर महालक्ष्मी को अर्पित करें।

### कर्क

छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा हैं। परीक्षा में सफलता मिल सकती है। घर के किसी सदस्य के सेहत में खराबी देखने को मिल सकती है। धार्मिक कार्यों की तरफ रूचि बढेगी। प्रभु की आराधना करने से मानसिक व आत्मिक शांति मिलेगी। आपका शरीर भी अब इसी पैटर्न पर काम करता है और आपको कई बार ऐसी शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड सकता है।

**( ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )**

**भाग्यांक: 3**

**विशेष:** पुरुष माथे पर सफेद रंग का टीका लगाएं।

### सिंह

परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आज आपकी योग्यता के अनुसार आपको फलों की प्राप्ति होगी। शरीर में आलस्यभाव की प्रवृत्ति बनी रहेगी। आज का दिन प्रशासनिक नौकरियों में या किसी भी क्षमता में सरकार के लिए काम कर रहे लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। जो भी विस्तारपूर्ण काम काज जो काफी समय से लंबित था, उसे करने के लिये आज प्रयत्न करे। अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें।

**( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )**

**भाग्यांक: 2**

**विशेष:** नीले रंग से परहेज करें।

### कन्या

शिक्षा के क्षेत्र में विपरीत फल मिल सकते हैं। आज आप स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रह सकते है। बुजुर्गों का कहना मानने से शुभ फलों की प्राप्ति होगी। आप दूसरों की देखभाल बहुत अच्छे से करते हैं लेकिन अपनी सेहत के बारे में लापरवाह हैं। इससे बहत जल्दी आपका संतुलन बिगड़ जाएगा और आप मानवता की सेवा करने का अपना लक्ष्य भी पूरा नही कर पाएंगे। खुद को तरोताजा करें।

**( टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो )**

**भाग्यांक: 9**

**विशेष:** चावल की खीर बनाकर छोटी कन्या में बाटे।

### तुला

दिन मिला जुला रहेगा। रिश्तेदारों एवं मित्रों पर धन खर्च होगा। नया काम प्रारंभ न करें। यह करने परेशानी हो सकती है। आज कोई आध्यात्मिक प्रवृति वाला व्यक्ति आपके बचाव में आएगा, आपका मार्गदर्शन करेगा। आप उसकी नेक सलाह मान सकते हैं। दोपहर बाद दिन अच्छा गुजरेगा,दोस्तों के साथ समय बीतेगा। दाम्पत्य जीवन सुखी रहेगा। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक: 3**

**विशेष:** श्री सुक्तम का पाठ करें।

### वृश्चिक

आज का दिन चुनौतियों से भरा रहेगा। आपके परिवार के सदस्यों से किसी न किसी बात को लेकर मतभेद पैदा हो सकते है। आज आप अपनी मेंहनत से अपनी हर दिक्कत को आसान कर लेगे। वाहन चलाते समय सावधानी रखे। आज के दिन आपका भाग्य आपके साथ है। आज आप ऐसा भी कुछ कर सकते हैं जिसके बारे में आपने कभी सोचा भी ना हो। आपके सभी प्रयासों में भाग्य आपका साथ देगा।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक: 4**

**विशेष:** चांदी के आभूषण की खरीदारी करें।

### धनु

आप में जोश और उत्साह देखने को मिलेगा। प्रतियोगिता क्षेत्र में अप्रत्याशित सफलता मिल सकती है। इस समय में आपको कार्यक्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिलेगी। अपने पिता के साथ अच्छे संबंध बना कर रखे। मेहनत से काम करें और जमकर आनंद उठाएं। दिन की शुरुआत सामान्य होगी लेकिन अंत दोस्तों और परिवार के साथ जश्न से होगा। दफ्तर में किसी सहयोगी से मदद मिलेगी।

**( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )**

**भाग्यांक: 1**

**विशेष:** बुजुर्ग महिला को चरण स्पर्श करें।

### मकर

आज का दिन बेहद शानदार रहेगा। किस्मत का साथ मिलेगा। समस्या का हल निकलेगा। परिवार के किसी सदस्य के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। समय पर कार्य पूरे होंगे। गैरजरूरी कार्यों में खर्च न करें। ऑफिस में किसी से अनबन हो सकती है। पदोन्नति की सूचना मिलेगी। जीवनसाथी के साथ प्यार बढ़ेगा। आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी।

**( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )**

**भाग्यांक: 1**

**विशेष:** खटाई वाली चीजों से परहेज करें।

### कुंभ

भाग्य का सहयोग प्राप्त होगा। घर में खुशनुमा माहौल रहेगा। आज किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में आकर कोई भी ऐसा काम न करें जिसमें मान सम्मान की हानि उठानी पडें। आपकी शांतिपूर्ण मन स्थिति में किसी दूसरे के सवालों से बाधा पहुंचेगी। कुछ लोग यह जानना चाहते हैं कि आपके निजी जीवन में क्या चल रहा है। लेकिन आप इन सबकी उपेक्षा कर दें और केवल अपने काम पर ध्यान दें।

**( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )**

**भाग्यांक: 8**

**विशेष:** लक्ष्मी मंदिर में मां लक्ष्मी की आराधना करें।

### मीन

सेहत को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। आपकी योग्यता के अनुसार ही आपको सफलता मिलेगी। पिछले कुछ समय से अपने कॅरियर तथा निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय आ गया है । आपको कोई बड़ी सफलता हाथ लगेगी। आपको प्रयासों व परिश्रम को आपके सीनियर ध्यान से देखेंगे और वे आपके जबरदस्त समर्थक भी बन जाएंगे। आपके दुश्मन आज असहाय अनुभव करेंगे।

**( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )**

**भाग्यांक: 6**

**विशेष:** जल में गोमूत्र मिला कर घर में पोछा लगाएं।

# बुमराह की चोट पर नजर, अंतिम एकादश में जो खेलेगा वो भारत का प्रतिनिधित्व करने का हकदार होगा: राठौड़



एजेंसी। ब्रिसबेन

**भारतीय ब**ल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की पेट की मांसपेशियों में खिंचाव पर नजर रखी जा रही है, लेकिन दौरा करने वाली टीम में चोटिल खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट के लिए उन्होंने बड़े बदलाव का संकेत दिया। भारतीय टीम प्रबंधन आधे फिट बुमराह को भी खिलाकर जोखिम नहीं लेगा क्योंकि वह इस तेज गेंदबाज को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की निर्णायक पांच फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला में खिलाना चाहता है।

राठौड़ ने श्रृंखला के अंतिम मैच की पूर्व संध्या पर कहा, चोटों की अब भी निगरानी की जा रही है। हमारा मेडिकल स्टॉफ खिलाड़ियों के साथ काम कर रहा है। मैं अभी इस स्थिति में नहीं हूं कि इस समय टिप्पणी कर सकूं। उन्होंने कहा, हम उन्हें उतना समय देना चाहेंगे जितना दे सकते हैं और शुक्रवार सुबह ही आपको पता चल पाएगा कि अंतिम एकादश में कौन खेलेगा। स्टार स्पिनर आर अश्विन और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल भी पूरी तरह फिट नहीं हैं। दिलचस्प बात है कि राठौड़ की अंतिम एकादश पर एक अन्य टिप्पणी में उन्होंने कहा था कि मैदान पर जो भी खिलाड़ी उतरेंगे, वे भारत के लिए खेलने के हकदार होंगे। उन्होंने कहा, चोट के साथ या बिना चोटों के, भारत जो अंतिम एकादश मैदान पर उतारेगा, वे सभी इसमें होने के हकदार होंगे। ये सभी टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका पाने के हकदार हैं और अगर वे अपनी काबिलियत के हिसाब से खेलते हैं तो मुझे नहीं दिखता कि वे अच्छा क्यों नहीं करेंगे। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने संकेत दिया कि वाशिंगटन सुंदर और शारदुल ठाकुर दोनों खेलने की दौड़ में है, उन्होंने कहा, इसलिए हम फिर से अपनी प्रक्रिया और अपने खिलाड़ियों का समर्थन कर रहे हैं। जहां तक बुमराह पर सही जानकारी मुहैया करने का संबंध है तो ऐसा लगता है कि टीम प्रबंधन की मिलकर रणनीति यही है कि आस्ट्रेलिया खिलाड़ियों को यह महसूस नहीं कराया जाए कि उनके लिए सबसे खतरनाक खिलाड़ी दौड़ से पहले ही बाहर है।

राठौड़ ने एक अन्य सवाल पर कहा, मेडिकल टीम उसकी देखरेख कर रही है इसलिए हम शुक्रवार सुबह तक का इंतजार करेंगे कि वह खेलने के लिए फिट है या नहीं। जब उनसे घुमाकर पूछा गया तो क्या भारत आधे फिट गेंदबाज को मैदान पर उतारने का खतरा ले सकता है तो राठौड़ ने जवाब दिया, वह तभी खेलेगा जब वह फिट होगा। राठौड़ ने भी इस सवाल पर कहा, मेडिकल टीम से मिली सलाह पर निर्भर करता है कि हम उसे खिलाने पर फैसला करेंगे या नहीं। अगर वह खेल सकता है तो वह खेलेगा और वह नहीं खेल सकता तो वह नहीं खेलेगा। यह पूछने पर कि क्या ऋषभ पंत और रिद्धिमान साहा दोनों को खेलने का मौका मिलेगा तो उन्होंने कहा, अब भी चोटों की काफी चिंताएं हैं। उन पर नजर रखे हुए हैं और रिहैब प्रक्रिया में वे कैसा करते हैं, इन सभी सवालों का जवाब शुक्रवार को ही मिल सकता है जब हमें पता चलेगा कि इस मैच में अंतिम एकादश में कौन खेलने जा रहा है।

## लगातार खेल रहे बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में मिले आराम: गंभीर

**नई दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का पूरा ख्याल रखना चाहिए और जरूरत पड़ने पर इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला में उसे आराम दिया जाना चाहिए। इंडियन प्रीमियर लीग से लगातार पांच महीने से खेल रहे बुमराह चोट के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में निर्णायक चौथा टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। उनके पेट की मांसपेशी में खिंचाव आ गया है।



गंभीर का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच फरवरी से चेन्नई में शुरू हो रही श्रृंखला में बुमराह को सारे मैच खेलने के लिए मजबूर करना ज्यादती होगी। उन्होंने स्टार स्पोटर्स से कहा, उसकी अच्छी देखभाल करनी होगी क्योंकि वह लंबे समय तक गेंदबाजी की कमान संभालने वाला है। उसका फिट रहना बहुत जरूरी है। गंभीर ने कहा, भारतीय टीम जब इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेलेगी, तो उसे चारों मैच खेलने के लिए कहना ज्यादती होगा। मुझे पता है कि ईशांत शर्मा फिट नहीं है, उमेश यादव और मोहम्मद शमी फिट नहीं हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि भारत में बुमराह और खतरनाक गेंदबाज साबित होंगे। उन्होंने कहा, उसने अभी तक भारत में टेस्ट नहीं खेला है। मुझे यकीन है कि भारतीय टीम प्रबंधन ने उसका पूरा ख्याल रखा है। वह इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया में खेला है। वह भारत में और भी खतरनाक साबित होगा क्योंकि विकेट धीमे हैं और वह रिवर्स स्विंग बखूबी करा सकेगा।

# रहाणे के चोटिल रणबांकुरों के लिए आसान नहीं होगा आखिरी तिलिस्म

एजेंसी। ब्रिसबेन

**सिडनी** में हार की कगार पर पहुंचकर मैच बचाने के साथ आस्ट्रेलिया का मानमर्दन करने वाली भारतीय टीम के सामने गाबा की जीवंत पिच पर चुनौती कड़ी होगी क्योंकि उसके शीर्ष खिलाड़ी चोटों के कारण निर्णायक टेस्ट खेलने के लिए उपलब्ध नहीं है। आस्ट्रेलिया को बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने के लिए जीत की जरूरत है, लेकिन भारत का काम ड्रॉ से भी चल जाएगा। सिडनी में दर्द के बावजूद अपार धैर्य और जुझारूपन का प्रदर्शन करने वाले रविचंद्रन अश्विन, हनुमा विहारी और ऋषभ पंत ने लाखों क्रिकेटप्रेमियों के दिल जीते। जसप्रीत बुमराह ने पेट की मांसपेशी में खिंचाव के बावजूद खेला और अंगूठा टूटा होने के बावजूद रविंद्र जडेजा उसी तरह खेलने को तैयार थे, जैसे तीन दशक पहले टूटी कलाई के साथ मैल्कम मार्शल खेले थे। इन्होंने हर आक्रमण का माकूल जवाब दिया। चाहे वह आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की ओर से हो या दीर्घा में बैठकर नस्लीय टिप्पणियां कर रहे दर्शकों की ओर से या स्टम्प के पीछे अपशब्दों की बौछार करने वाले खिलाड़ी से।

नई भारतीय टीम हर तरह की प्रतिकूल परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है और यही वजह है कि नियमित कप्तान विराट कोहली को इस पर नाज है। अब इस टीम को नए दशक के पहले टेस्ट में ऐसे मैदान पर खेलना है जहां आस्ट्रेलिया 1988 से नहीं हारा है। टीम में जडेजा या बुमराह नहीं है और विकेट काफी कठिन है। वहीं मयंक अग्रवाल नेट अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए और अश्विन कमर के दर्द से जूझ रहे हैं। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम इस पर शुक्रवार को फैसला लेंगे। मेडिकल टीम चोटिल खिलाड़ियों के साथ काम कर रही है। बुमराह फिट होगा तो खेलेगा, नहीं होगा तो बाहर रहेगा। दूसरी ओर आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन इस बात से खुश होंगे कि निर्णायक टेस्ट गाबा पर खेला जा रहा है। आस्ट्रेलियाई टीम में भी विल पुकोवस्की चोट के कारण बाहर हैं जिनकी जगह मार्कस हैरिस ने ली। पेन ने कहा, हमें यहां खेलना पसंद है क्योंकि यह विकेट शानदार है। मुझे पता है कि यह विकेट कैसी होगी। उन्होंने परोक्ष रूप से भारतीय टीम को चेतावनी दी है, लेकिन भारतीय बल्लेबाजी की त्रिमूर्ति अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और रोहित शर्मा इस चुनौती का सामना करने को तत्पर होंगे। सिडनी के संकटमोचक विहारी टीम में नहीं है, लेकिन उन्होंने एक मिसाल कायम की है और पंत से उसी प्रदर्शन के दोहराव की उम्मीद होगी।



### चार गेंदबाजों के साथ उतर सकता है भारतीय खेमा

भारतीय खेमा पांच की बजाय चार गेंदबाजों के साथ उतर सकता है। अग्रवाल के फिट होने पर वह तीसरे नंबर पर उतरेंगे जबकि रोहित और शुभमन गिल पारी का आगाज करेंगे। उसके बाद पुजारा और रहाणे आएंगे। रविंद्र जडेजा की जगह पृथ्वी साव या रिधिमान साहा नहीं ले सकते लेकिन हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर के नाम पर विचार हो रहा है। गेंदबाजी चिंता का सबब है क्योंकि नवदीप सैनी और मोहम्मद सिराज को कुल जमा तीन टेस्ट का अनुभव है। शारदुल ठाकुर ने दो साल पहले अपने पहले टेस्ट में दस गेंद डाली थी। राठौड़ ने बुमराह को लेकर तस्वीर साफ नहीं करते हुए आस्ट्रेलिया को सोच में डाल दिया है लेकिन सभी को पता है कि यह तेज गेंदबाज खेलने की स्थिति में नहीं है। रहाणे के रणबांकुरे इतिहास रचने की दहलीज पर है और तमाम विषमताओं के बावजूद आसानी से घुटने टेकने वालों में से कतई नहीं हैं। इसका अहसास मेजबान टीम को बखूबी है।

### टीमें

**भारत :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, मयंक अग्रवाल, पृथ्वी साव, रिधिमान साहा, ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, नवदीप सैनी, मोहम्मद सिराज, शारदुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, टी नटराजन, वाशिंगटन सुंदर।

**आस्ट्रेलिया :** टिम पेन (कप्तान), डेविड वॉर्नर, मार्कस हैरिस, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू वेड, कैमरन ग्रीन, पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जोश हेजलवुड।

# गावस्कर अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र लेकिन उसका मुझ पर कोई असर नहीं: पेन

एजेंसी। ब्रिसबेन



**आस्ट्रेलिया** के कप्तान टिम पेन का सुनील गावस्कर के साथ वाकयुद्ध में पड़ने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि उनकी कप्तानी को लेकर भारत के इस महान बल्लेबाज के आकलन से वह रत्ती भर भी चिंतित नहीं हैं। सिडनी टेस्ट के दौरान पेन ने रविचंद्रन अश्विन पर छींटाकशी की थी, जिसके बाद गावस्कर ने कहा था कि राष्ट्रीय टीम के कप्तान को यह शोभा नहीं देता और बतौर कप्तान पेन के दिन गिनती के बचे हैं। यह पूछने पर कि क्या उन्होंने गावस्कर की टिप्पणी सुनी है, पेन ने कहा, मैंने सुना लेकिन मैं इसमें पड़ना नहीं चाहता। मेरा सुनील गावस्कर के साथ वाकयुद्ध का कोई इरादा नहीं है।

उन्होंने कहा, वह अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन मुझे रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ता। सनी को जो कहना है, वह कहते रहें लेकिन आखिर में मेरा इससे कोई लेना देना नहीं है। पेन ने अपने आचरण के लिए सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली थी। उन्होंने कहा कि अब आगे से वह चेहरे पर मुस्कुराहट लिए खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा, अपने पूरे कॅरियर में 99 प्रतिशत मैं इत्मीनान से रहा हूं। उससे ही मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाता हूं। उस दिन मैं आवेग में आ गया था। उन्होंने कहा, मैने दर्शकों की तरफ देखा और मुझे महसूस हुआ कि मैं टेस्ट मैच में टीम की कप्तानी कर रहा हूं। मैंने हमेशा इसका सपना देखा था। मैं काफी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलूंगा और जीतने के इरादे से ही खेलूंगा। यह पूछने पर कि क्या वह छींटाकशी जारी रखेंगे। पेन ने कहा, मैं स्वाभाविक खेल दिखाऊंगा। मैं हमेशा शांतचित्त होकर खेलता आया हूं। उस दिन थोड़ा भटक गया था। थोड़ा बहुत हंसी मजाक चलता है लेकिन स्टम्प माइक से सजग रहना होगा। अंपायरों, अधिकारियों और खिलाड़ियों के प्रति थोड़ा और सम्मान दिखाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि ऋषभ पंत का बल्लेबाजी गार्ड मिटाने की कोशिश के बेवजह विवाद का स्टीव स्मिथ पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि पिछले तीन साल में उसने क्या क्या झेला है। उसके बाद वह सीधे फॉर्म में लौटा और एशेज में शानदार प्रदर्शन किया। वह मानसिक रूप से काफी दृढ है।

## पुकोवस्की बाहर, आखिरी टेस्ट के लिए हैरिस टीम में



**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की कंधे की चोट से उबर नहीं पाने के कारण भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट से बाहर हो गए जिनकी जगह मार्कस हैरिस को टीम में रखा गया है। कप्तान टिम पेन ने कहा कि पुकोवस्की फिटनेस टेस्ट में खरे नहीं उतर सके। भारत के खिलाफ सिडनी में तीसरे टेस्ट में उन्हें चोट लगी थी। पेन ने कहा, विल पुकोवस्की शुक्रवार को नहीं खेलेगा। उसने सुबह अभ्यास की कोशिश की लेकिन कर नहीं सका। उसकी जगह मार्कस हैरिस टीम में है। वह पारी की शुरुआत करेगा। हैरिस पूरी श्रृंखला में टीम के साथ रहे हैं लेकिन आखिरी बार टेस्ट उन्होंने पिछले साल एशेज में खेला था। वह अब तक नौ टेस्ट में 385 रन बना चुके हैं। निर्णायक टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में यही बदलाव किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़ौदा, हिमाचल और उत्तराखंड की आसान जीत

**वड़ोदरा।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज लुकमान मेरिवाला के पांच विकेट की मदद से बड़ौदा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप सी में गुरुवार को यहां छत्तीसगढ़ को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। मेरिवाला ने आठ रन देकर पांच विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी का न्यौता पाने वाले छत्तीसगढ़ को 17.3 ओवर में 90 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ की तरफ से सलामी बल्लेबाज शशांक चक्रधर ने सर्वाधिक 20 रन बनाए। बड़ौदा ने 12.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। अनुभवी केदार देवधर (नाबाद 44) और विष्णु सोलंकी (नाबाद 42) ने दूसरे विकेट के लिए 86 रन की अटूट साझेदारी की। यह बड़ौदा की लीग चरण में तीसरी जीत है। उसने इससे पहले हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड को हराया। ये दोनों टीमें हालांकि गुरुवार को अपने मैच जीतने में सफल रही। हिमाचल प्रदेश ने गुजरात को 26 रन से हराया। हिमाचल ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर ऋषि धवन (43), दिग्विजय रांगी (नाबाद 35) और प्रशांत चोपड़ा (35) के उपयोगी योगदान से पांच विकेट पर 141 रन बनाए। एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने महाराष्ट्र को छह विकेट से हराया। महाराष्ट्र ने केदार जाधव (61) के अर्धशतक की मदद से चार विकेट पर 141 रन बनाए। उत्तराखंड ने चार विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसके लिए जय बिस्टा ने नाबाद 69 रन बनाए।

### यूपी की लगातार तीसरी हार, पंजाब का विजय अभियान जारी

**बेंगलुरू।** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए में गुरुवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा, जबकि पंजाब ने अपना विजय अभियान जारी रखकर नाकआउट में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। जम्मू कश्मीर ने मुज्तबा युसुफ (14 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी और अब्दुल समद (नाबाद 54) के अर्धशतक की मदद से उत्तर प्रदेश को 30 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाई गई उत्तर प्रदेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 124 रन ही बना पाई। सुरेश रैना खाता भी नहीं खोल सके। कप्तान प्रियम गर्ग ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। जम्मू कश्मीर ने 15 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। समद ने शुभम खजूरिया (नाबाद 34) रन के साथ तीसरे विकेट के लिए 89 रन की अटूट साझेदारी की। उधर पंजाब ने अभिषेक शर्मा (62 गेंदों पर 107) के शतक तथा हरप्रीत बरार के चार विकेट की मदद से रेलवे को 117 रन से पराजित किया।

### 'डिफेंस पर मेहनत कर रही है भारतीय महिला हॉकी टीम'

**ब्यूनस आयर्स।** साल भर में पहला मैच खेलने की तैयारी में जुटी ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर ने गुरुवार को कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने से पहले पेनल्टी कार्नर तब्दील करने और डिफेंस पर मेहनत कर रही है। भारतीय टीम दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के खिलाफ आठ मैचों के दौरे की शुरुआत रविवार से करेगी। गुरजीत ने कहा, अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीम से उसकी धरती पर खेलना आसान नहीं है लेकिन हमारा फोकस अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर होगा। हम पिछले 11 महीने से फिटनेस पर काफी मेहनत कर रहे हैं और लक्ष्य सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करना था। अर्जेंटीना जैसी टीम के सामने हम अपनी क्षमता का आकलन कर सकते हैं। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, हम यहां दस दिन से हैं और मैदान पर पहले सत्र में अभ्यास किया। पेनल्टी कार्नर तब्दील करने और बचाने पर फोकस रखा। डिफेंस पर काफी ध्यान देना होगा। गुरजीत ने कोरोना महामारी के बीच प्रोटोकॉल का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम हॉकी इंडिया और अर्जेंटीना महासंघ के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने सुरक्षित बायो बबल तैयार किया। हम अच्छे होटल में है जो मैदान से 20-25 मिनट की दूरी पर है।

### श्रीलंका की पहले टेस्ट में खराब शुरुआत

**गॉल।** कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन के बाद दस महीने में अपनी धरती पर पहला टेस्ट खेल रही श्रीलंका क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरुआती दिन लंच तक पांच विकेट 65 रन पर गंवा दिए। अनुभवी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने एक ओवर में दो विकेट लिए जबकि आफ स्पिनर डोम बेस ने दूसरी ही गेंद पर विकेट चटकाया। इससे पहले श्रीलंका के कप्तान दिनेश चांदीमल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। श्रीलंका के नियमित कप्तान दिमुथ करूणारत्ने अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण नहीं खेल सके। लंच के समय चांदीमल 22 और एंजेलो मैथ्यूज 17 रन बनाकर खेल रहे हैं। करूणारत्ने की जगह उतरे लाहिरू तिरिमन्ने चार रन बनाकर ब्रॉड की गेंद पर आउट हुए। एक गेंद बाद कुसाल मेंडिस भी अपना विकेट गंवा बैठे। बेस ने कुसाल परेरा को पहली स्लिप में जो रूट के हाथों लपकवाया।

## आस्ट्रेलियाई ओपन: चार्टर्ड उड़ानों से मेलबर्न पहुंचकर पृथकवास में रहेंगे क्वालीफायर

**मेलबर्न।** परंपरागत तारीखों से तीन सप्ताह विलंब से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के क्वालीफायर यहां से करीब 12000 किलोमीटर दूर खेले गए और अब आठ फरवरी से सत्र के इस पहले ग्रैंडस्लैम के लिए 16 पुरुष और 16 महिला क्वालीफायर चार्टर्ड उड़ानों से यहां पहुंचेंगे। कोरोना महामारी के कारण पृथकवास प्रोटोकॉल के मद्देनजर टूर्नामेंट तीन सप्ताह देर से शुरू हो रहा है। क्वालीफायर 15 चार्टर्ड उड़ानों से यहां पहुंचकर 14 दिन पृथकवास में रहेंगे।

महिला क्वालीफायर मुकाबले दुबई और पुरुष क्वालीफायर दोहा में खेले गए। महिला क्वालीफायर में दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन युगल चैंपियन हंगरी की टिमिया बाबोस और ब्रिटेन की फ्रांसिस्का जोंस भी है। जोंस के दुर्लभ आनुवांशिक लक्षण हैं यानी वह दोनों हाथ में तीन अंगुलियों और एक अंगूठे, दाहिने पैर में तीन अंगुलियों और बाएं पैर में चार अंगुलियों के साथ पैदा हुई थी। पुरुष क्वालीफायर में स्पेन के 17 वर्ष के कार्लोस अलकारेज शामिल हैं।

## कोरोना संक्रमण के 62 मामले आने के बाद जापान रग्बी सत्र टला

**टोक्यो।** जापान की शीर्ष रग्बी लीग छह टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ में कोरोना संक्रमण के 62 मामले सामने आने के बाद अगले महीने के लिए टाल दी गई है।

जापान रग्बी फुटबॉल यूनियन ने गुरूवार को यह जानकारी दी। सत्र इस सप्ताह के अंत में शुरू होना था। जापान में इस महीने कोरोना संक्रमण के मामलों में इजाफा हुआ है जिससे छह महीने बाद होने वाले टोक्यो ओलंपिक पर भी असर पड़ सकता है।

# ओलंपियन और पैरालंपियन को अपने केंद्रों में कोच नियुक्त करेगा साइ

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) अपने विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में ओलंपियन और पैरालंपियन खिलाड़ियों को कोच और सहायक कोच के तौर पर नियुक्त करने को तैयार है। साइ ने यह कदम उनके योगदान को मान्यता देने के तहत उठाया है जिसके लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसमें 23 सहायक कोच और चार कोचों के लिए पद बनाए गए हैं। साइ द्वारा जारी बयान के अनुसार ओलंपियन और पैरालंपियन सहायक कोच के तौर पर आवेदन करने योग्य हैं और पदक विजेता सीधे कोच पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं जो ग्रुप ए पद के अंतर्गत आते हैं।

बयान के अनुसार जो एथलीट अब भी सक्रिय हैं और अपना खेल कॅरियर जारी रखना चाहते हैं तो कोच पद पर नियुक्त हुए ओलंपियन और पैरालंपियनों को अपनी ट्रेनिंग तब तक जारी रखने की अनुमति दी जाएगी जब तक वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इच्छा के अनुरूप प्रदर्शन बरकरार रखते हैं। खेलमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, खेल मंत्रालय और साइ का हमारे खेल नायकों की उपलब्धियों को मान्यता देने का निरंतर प्रयास रहा है और साथ ही यह सुनिश्चित करने का भी कि वे सम्मान और आराम की जिंदगी गुजार सकें। उन्होंने कहा, ओलंपियन और पैरालंपियन को रोजगार देने का सरकार का फैसला उनकी देश के प्रति सेवा की सराहना करने और साथ ही खेलों से कोचिंग के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को आकर्षित करने का भी तरीका है।

# अश्विन ही ले सकते हैं 800 विकेट, लियोन उतने काबिल नहीं: मुरलीधरन

एजेंसी। सिडनी



**महान** स्पिनर मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि मौजूदा पीढी के स्पिनरों में सिर्फ रविचंद्रन अश्विन ही 700-800 विकेट तक पहुंच सकते हैं और आस्ट्रेलिया के नाथन लियोन वहां तक पहुंचने के काबिल नहीं हैं। मुरलीधरन के नाम टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक 800 विकेट हैं, जबकि शेन वॉर्न (708) दूसरे और अनिल कुंबले (619) तीसरे स्थान पर हैं।

मुरलीधरन ने लंदन के टेलीग्राफ अखबार के लिए माइकल वॉन के कॉलम में कहा, अश्विन के पास मौका है क्योंकि वह बेहतरीन गेंदबाज है। उनके अलावा कोई और गेंदबाज 800 तक नहीं पहुंच सकता। नाथन लियोन में वह काबिलियत नहीं। वह 400 विकेट के करीब है लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए काफी मैच खेलने होंगे। अश्विन ने 74 टेस्ट में 377 विकेट लिए हैं, जबकि लियोन 99 टेस्ट में 396 विकेट ले चुके हैं। मुरलीधरन ने कहा, टी-20 और वनडे क्रिकेट से सब कुछ बदल गया। जब मैं खेलता था तब बल्लेबाज तकनीक के धनी होते थे और विकेट सपाट रहते थे। अब तो तीन दिन में मैच खत्म हो रहे हैं। मेरे दौर में गेंदबाजों को नतीजे लाने और फिरकी का कमाल दिखाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ते थे। उन्होंने कहा, आजकल लाइन और लैंग्थ पकड़े रहने पर पांच विकेट मिल ही जाते हैं क्योंकि आक्रामक खेलते समय बल्लेबाज लंबा नहीं टिक पाते। मुरलीधरन ने वॉर्न, कुंबले, सकलेन मुश्ताक, मुश्ताक अहमद और बाद में हरभजन सिंह के समय में क्रिकेट खेली। उन्होंने कहा, उस समय स्पिनरों को विकेट के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती थी। यही वजह है कि दूसरी गेंदें तलाशने पर काम करते थे। अब टी-20 के आने से विविधता में बदलाव आया है।

### डीआरएस होता तो मेरा नाम और भी विकेट होते



मुरलीधरन ने डीआरएस के आने के बाद सिर्फ एक श्रृंखला 2008 में भारत के खिलाफ खेली और उनका मानना है कि उस समय इस तकनीक के इस्तेमाल से उनके विकेट और अधिक होते। उन्होंने कहा, मैं यही कहूंगा कि डीआरएस होता तो मेरे नाम और भी विकेट होते क्योंकि तब बल्लेबाज पैड का इस्तेमाल इतनी आसानी से नहीं कर पाते। उन्हें संदेह का लाभ मिल जाता था।

# थाईलैंड ओपन: साइना दूसरे दौर में हारी चोटिल श्रीकांत ने दिया वाकओवर

एजेंसी। बैंकॉक



**भारत** की स्टार शटलर साइना नेहवाल गुरुवार को महिला एकल के दूसरे दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरंगफान से हारकर थाईलैंड ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। साइना पहला गेम जीतने में सफल रही, लेकिन इसके बाद वह लय बरकरार नहीं रख पाई और 68 मिनट तक चले मैच में 23-21, 14-21, 16-21 से हार गई। यह विश्व में 12वीं रैंकिंग की बुसानन के हाथों साइना की लगातार चौथी हार है।

पुरुष एकल में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत को दाएं पांव की पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आठवीं वरीयता प्राप्त मलेशियाई ली जी जिया को वाकओवर देना पड़ा। इससे पहले पुरुष युगल में भारत के सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी इंडोनिशया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान से 19-21, 17-21 से हारकर बाहर हो गए। साइना और बुसानन के बीच लंबी रैलियां देखने को मिली, लेकिन थाई खिलाड़ी ने अच्छे शॉट लगाए जिनका उन्हें फायदा मिला। पहले गेम में साइना एक समय 6-5 से आगे चल रही थी लेकिन ब्रेक तक बुसानन 11-9 से बढ़त पर थी। साइना ने हालोंकि इसके बाद वापसी की और 17-17 से स्कोर बराबर करने के बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को बराबरी की टक्कर दी। बुसानन का ढीला रिटर्न नेट पर उलझने के कारण साइना ने पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में साइना ने कुछ गलतियां की जिसका फायदा उठाकर बुसानन 11-6 से आगे हो गई। इसके बाद भी उन्होंने अपनी बढ़त कायम रखी और भारतीय खिलाड़ी के शॉट बाहर मारने पर मैच बराबरी पर ला दिया। बुसानन तीसरे और निर्णायक गेम में भी शुरू से हावी हो गई। साइना ने वापसी की कोशिश भी की लेकिन ब्रेक तक थाई खिलाड़ी को 11-7 से अच्छी बढ़त हासिल थी।



**सबसे पहले मेकअप प्रोडक्ट्स लेने से पहले इस बात का ख्याल रखें कि आप की स्किन टाइप क्या है।**

# मास्क के साथ मेकअप में इन बातों का रखें ध्यान

कोविड-19 के इस समय में मास्क हमारी जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जिंदगी भले ही ढर्रे पर लौटने लगी है, लेकिन मास्क ने हमारे आधे चेहरे को ढक रखा है। ऐसे में ऑफिस जाना हो, दोस्तों के साथ बाहर निकलना हो या किसी शादी की पार्टी वगैरह में जाना हो, मेकअप करते समय मास्क आड़े आने लगता है। इसलिए यह जानना जरूरी है कि मास्क के साथ हमारा मेकअप कैसा होना चाहिए ताकि हम ऑलटाइम खूबसूरत भी दिखें और सावधानी के लिए मास्क का साथ भी न छूटे।

## जरूरी है लॉन्ग लास्टिंग मेकअप

मास्क के साथ मेकअप करते समय हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखना ताकि मास्क के कारण आए पसीने से मेकअप जल्दी खराब न हो या फिर मेकअप का कुछ हिस्सा मास्क में लगा न रह जाए। मेकअप करने से पहले हमेशा अपनी स्किन टाइप का ख्याल रखें। नियमित रूप से स्किन की क्लीनिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग करें। हर रोज चेहरे की क्लीनिंग जरूरी है ताकि चेहरा साफ रहे और गंदगी से पैदा होने वाली स्किन प्रॉब्लम्स या स्पॉट्स न हो। इसी तरह स्किन को मॉइस्चराइज करना भी बहुत जरूरी है। प्रदूषण की वजह से चेहरे पर काफी डेड स्किन आ जाते हैं। ऐसे में अगर हम अच्छा मॉइश्चराइजर यूज करते हैं तो स्किन हेल्दी बनी रहती है और आपका मेकअप सही ढंग से टिक पाता है। इसके बाद प्राइमर लगाना न भूलें। प्राइमर आपकी स्किन पर लगाए गए मेकअप को लंबे समय तक लॉक रखने में मदद करता है। यदि आपकी स्किन ऑयली है और आप मास्क लगाती हैं तो मेकअप मास्क में आ जाता है। ऐसे में प्राइमर लगाकर आप इस समस्या से बच सकती हैं क्योंकि प्राइमर आप के ओपन पोर्स को बंद कर देता है और मेकअप को लोंगलास्टिंग बनाता है यानी फिर मेकअप ज्यादा देर तक टिकता है।

## मेकअप टिप्स

अब हम बात करेंगे मेकअप की। सबसे पहले मेकअप प्रोडक्ट्स लेने से पहले इस बात का ख्याल रखें कि आपकी स्किन टाइप क्या है। उसके अनुरूप ही हमें प्रोडक्ट्स यूज करने चाहिए। यदि आप की स्किन ड्राई है तो क्रीमबेस्ड प्रोडक्ट यूज करें और यदि स्किन ऑयली है तो वाटरबेस्ड प्रोडक्ट परफेक्ट रहेंगे।

प्रदूषण के कारण स्किन डार्क हो जाती है या फेस पर पिंपल्स होते रहते हैं। ऐसे में कलर करेक्टिंग का प्रयोग करें। यदि स्किन कहीं से डार्क है तो ऑरेंज कलर करैक्टर लगाएं और यदि स्किन कहीं से रेड है यानी पिंपल के रेड स्पॉट हैं तो ग्रीन कलर करैक्टर का प्रयोग करें। इससे स्किन के स्पॉट हट जाते हैं। अब इसके ऊपर फाउंडेशन के लेयर लगाएंगे तो दाग बिल्कुल ही नजर नहीं आएंगे। अंत में कंसीलर का उपयोग करें। कंसीलर हमेशा अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ लगाएं। लाइट कलर के कंसीलर से स्किन ग्रे या वाइट नजर आने लगती है। फाउंडेशन भी सेम कलर का यूज करना चाहिए। इससे स्किन आकर्षक और नेचुरल नजर आती है। इसके बाद आप लूज पाउडर से अपना मेकअप लॉक करें, जो लड़कियां ऑफिस, कॉलेज या दोस्तों के साथ आउटिंग पर जा रही हैं वे कंपैक्ट पाउडर यूज कर सकती हैं। कंपैक्ट पाउडर चेहरे से आयल हटाता है मगर टचअप बार-बार देना पड़ता है। इसलिए जब आप लंबे समय के लिए किसी पार्टी वगैरह में जा रही हों और आप को लोंगलास्टिंग मेकअप चाहिए तो लूज पाउडर का प्रयोग करें। इससे मास्क के बावजूद आप का मेकअप खराब नहीं होगा। जिनकी ऑयली या कॉम्बिनेशन स्किन है वे पाउडर प्रोडक्ट यूज करें लेकिन जिनकी स्किन ड्राई है वे लिक्विड प्रोडक्ट यूज करें क्योंकि ड्राई स्किन पर मॉइश्चराइजर लगाने की जरूरत पड़ती है। मास्क के साथ मेकअप करते समय इसे जितना ब्लॉक कर के रखा जा सके उतना अच्छा है।

फेस पर मेकअप के बहुत सारे लेयर न लगाएं। आप जो भी मेकअप लगा रही हैं उसे फिंगर, ब्रश या स्पंज से अच्छे से ब्लेंड कर लें। इससे वह आप के चेहरे पर पूरी तरह अब्जॉर्ब हो जाएगा और लेयरिंग नहीं दिखेगी। यदि ऐसा नहीं किया तो मेकअप का कुछ हिस्सा मास्क में लग जाएगा, जो भद्दा दिखेगा। उदाहरण के लिए यदि ऑयली स्किन पर मेकअप के बहुत से लेयर लगाएं गए हैं तो मास्क लगाकर हटाने से चेहरे पर मेकअप फटा हुआ सा नजर आएगा और कुछ मेकअप हट कर मास्क पर आ भी जाएगा। इसलिए मेकअप हमेशा ब्लेंड करना जरूरी है। पूरा मेकअप करने के बाद मेकअप फिक्सर स्प्रे का इस्तेमाल करें। यह मेकअप को लॉक कर देता है जिससे मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है जैसे आप किसी शादी की पार्टी में जा रहे हैं तो लंबे समय तक मास्क पहनने की वजह चेहरे पर पसीना आएगा। ऐसे में मेकअप फिक्सर के प्रयोग से मास्क के बावजूद मेकअप खराब नहीं होगा और यह मास्क पर आएगा भी नहीं।

कोरोना में फेस मास्क के साथ स्किन का ख्याल रखें। मास्क लगाने से पसीना आ जाता है ऐसे में यदि मेकअप नहीं लगाया है तो हमेशा अपने साथ रोज वाटर या फेशियल वाइप्स रखें और फेस को वाइप करती रहें।

## आंखों के साथ क्रिएटिविटी

कोविड के समय में लड़कियां मैचिंग या सेम कलर के फेस मास्क लगाती हैं। ऐसे में फेस मेकअप और लिप शेड्स लाइट रखें। आइज को हाइलाइट करें। मास्क के साथ अपनी आंखों का मेकअप मैच करें। आइब्रोज अच्छे से ग्रूम करें। ड्रेस से मैचिंग सेम कलर का आईशैडो लगा सकती हैं। कोहल काजल का इस्तेमाल कर सकती हैं इस से आंखें कजरारी नजर आती हैं। विंग आइलाइनर लगाएं इससे आंखों पर फोकस जाता है। आंखें बड़ी-बड़ी नजर आती हैं। आंखों के ऊपर, आइब्रो के नीचे हाइलाइटर लगा सकती हैं इससे आंखों की खूबसूरती बढ़ जाती है। फॉल्स आईलैशेस का इस्तेमाल करें। इससे आंखें आकर्षक नजर आएंगी। यदि आप की आंखें छोटी है और मास्क भी लगाया हुआ है तो आप फॉल्स आईलैशेस का प्रयोग करें। यह आप की आंखों को उभारता है और आकर्षक बनाता है। अपने साथ हमेशा एक मस्कारा रखें ताकि जब जरुरत हो आई मेकअप को टच अप दे सकें। चीक्स पर हाइलाइटर या ब्लशर लगाएं।

# सर्दियों में इन होममेड फेस स्क्रब की मदद से पाएं एक निखरी त्वचा

जब स्किन की केयर की बात आती है तो उसमें केवल क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग ही काफी नहीं है, बल्कि आपको अपनी स्किन को एक्सफोलिएट करना बेहद जरूरी होता है। इससे आपकी डेड स्किन दूर होती है और स्किन की गहराई से क्लीनिंग होती है। इतना ही नहीं, स्क्रबिंग आपके चेहरे की अनइवन स्किन टोन को दूर करने से लेकर उसे क्लीन करने में मदद करता है।

## शहद, नींबू का रस और ओट्स



स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, ओट्स एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरे होते हैं, जिससे रेडनेस व इरिटेशन दूर होती है। ओट्स को शहद और नींबू के रस के साथ मिलाकर एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट बनाया जा सकता है। इसके लिए आप तीन टेबलस्पून कच्चा शहद लेकर उसमें एक छोटा चम्मच नींबू का रस और दो टेबलस्पून ओट्स को मिलाकर चेहरे पर लगाएं। एक-दो मिनट तक इसे ऐसे ही छोड़ें और फिर गर्म पानी में कपड़े को भिगोकर उससे चेहरे को साफ करें।

## नारियल तेल, नींबू का रस और चीनी

चीनी एक बेहतरीन स्किन एक्सफोलिएटर मानी गई है। इसकी मदद से स्क्रब बनाने के लिए आप तीन बड़े चम्मच नारियल का तेल लेकर उसमें एक छोटा चम्मच नींबू का रस और दो बड़े चम्मच चीनी को मिक्स करें। अब चेहरे को साफ करके इसे अप्लाई करें। एक-दो मिनट बाद चेहरे को वॉश करें।

## शहद, सिरका और चीनी

ठंड के मौसम में अगर आप स्किन के रूखेपन को दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में आप इस होममेड फेस स्क्रब का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप तीन बड़े चम्मच कच्चा शहद लेकर उसमें एक छोटा चम्मच सिरका व दो बड़े चम्मच चीनी को मिक्स करें। अब इसे चेहरे पर अप्लाई करें। आखिरी में आप चेहरे को वॉश करें।

## कॉफी स्क्रब

कॉफी में मौजूद कैफीन रक्त परिसंचरण में सुधार करता है और त्वचा में चमक और स्फूर्ति लाने के लिए उत्तेजित करता है। इतना ही नहीं, इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट यूवी क्षति से बचाता है और मॉइश्चर लॉस से बचाता है। कॉफी स्क्रब बनाने के लिए तीन चम्मच ग्राउंड कॉफी में आधा कप दही मिलाएं। अगर आपकी स्किन रूखी है तो आप दही की जगह फुल फैट मिल्क का यूज करें। अब इसे एक मिक्सर में ब्लेंड करें और पांच मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। मिश्रण के गाढ़ा हो जाने पर इसमें एक चम्मच शहद डालें और अच्छी तरह मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें।

# फटी एड़ियां : अब कल की बात

हमारे शरीर का हर हिस्सा हमारी खूबसूरती को बयां करता है, लेकिन ध्यान सिर्फ चेहरे की तरफ ही जाता है और बाकी हिस्सों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिन में एड़ियां भी शामिल हैं, जो बेजान और रूखी होने की वजह से फट जाती हैं और कभी-कभी तो स्थिति इतनी बदतर हो जाती है कि खून निकलने की नौबत भी आ जाती है। हालांकि सर्दियों के मौसम में यह परेशानी अधिक बढ़ जाती है और कभी-कभी तो असहनीय पीड़ा होती है। अगर आप भी इसी परेशानी से गुजर रही हैं और अपनी एड़ियों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो यह जानकारी आप ही के लिए है।



## क्यों फटती हैं एड़ियां

आप की एड़ियों के फटने के कई कारण हो सकते हैं, जहां मौसम में बदलाव इसका कारण समझा जाता है, वहीं लंबे समय तक खड़े रहना, नंगे पांव चलना, पैरों को पानी में अधिक रखना, गलत फुटवियर पहनना आदि भी इसके कारण हो सकते हैं या फिर डायबिटीज, थॉयराइड, मोटापा आदि भी एड़ियां फटने का कारण हो सकते हैं।

## एड़ियों को यों खूबसूरत बनाएं

वैसलीन, पैट्रोलियम जैली एड़ियों के लिए वरदान हैं। इन्हें लगाते ही एड़ियां बिलकुल सॉफ्ट हो जाती हैं। नीबू का रस और वैसलीन मिला कर उससे फटी एड़ियों पर रोजाना रात में सोने से पहले हलकी मसाज करें। इससे एड़ियां जल्द ही ठीक होने लगेंगी।

## नारियल का तेल

नारियल का तेल सिर्फ बालों के लिए ही नहीं, बल्कि एड़ियों की स्किन को भी मॉइस्चराइज करने का काम करता है। यह डेड स्किन को हटाकर गहराई तक जा कर नमी प्रदान करता है। अगर आप मुलायम और चमकदार एड़ियां पाना चाहती हैं तो रोजाना रात में एड़ियों में नारियल का तेल लगाएं और फिर मोजे पहन लें।

## तिल का तेल

तिल का तेल खाने के साथ-साथ एड़ियों को भी ठीक करता है। इसमें कई पोषक तत्वों के साथ ऐंटीबैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं, जो स्किन की गहराई में जाकर उन्हें हील करते हैं। स्किन को रिपेयर करने के लिए यह बेहतरीन विकल्प है।

## सरसों का तेल

सरसों के तेल से भी आप अपनी फटी एड़ियों की समस्या से छुटकारा पा सकती हैं। इसके लिए बस नहाने से 30 मिनट पहले एड़ियों की अच्छी तरह सरसों के तेल से मालिश करें। नहाने के बाद भी पैरों में तेल लगाएं।

## मोम

मोम और नारियल के पेस्ट से भी फटी एड़ियों के दर्द से काफी राहत मिलती है। इसके लिए आप थोड़ा मोम लें और उसमें सरसों या नारियल का तेल डालकर पिघला लें। इसके बाद जब मिक्स्चर हलका ठंडा हो जाए तो एड़ियों में लगा लें। इसे आप रात में लगाएंगी तो आप को दर्द से ज्यादा राहत मिलेगी।

## क्रीम

अगर आप के पास समय की कमी है और आप एड़ियों की दरारों को भरने के लिए घरेलू नुस्खे नहीं अपना सकती हैं, तो बाजार में ऐसी बहुत सी क्रैक हील क्रीम्स भी मौजूद हैं, जिन में बोरोलीन, क्यूटिमैक्स, क्रैक क्रीम, एमोलीज, खादी हर्बल फुट क्रैक क्रीम आदि शामिल हैं।

## हील मेट क्रीम

अगर आप कोई ऐसी क्रीम ढूंढ़ रही हैं, जो कुछ दिनों में ही फटी एड़ियों से आपको राहत दिला दे, तो हील मेट क्रीम सबसे बेहतर है, जो 3 दिनों में फटी एड़ियों से राहत देती है। इसमें कैलैंड्यूला ग्लिसरीन, जैसमीन, कोकम बटर, लैनोलीन, पैट्रोलियम जैली और यूरिया आदि चीजों का मिश्रण है, जो आपकी एड़ियों को गहराई से हील करेगा और उन्हें मुलायम और सुंदर बनाएगा।

## कैसे करें इस्तेमाल

रात में सोने से पहले पैरों को अच्छी तरह से गुनगुने पानी से साफ कर लें और फिर कपड़े से पोंछ कर सुखा लें। अब एड़ियों पर हील मेट क्रीम लगाएं और 15 मिनट के लिए ऐसे ही खुला रहने दें। इसके बाद मोजे पहन कर सो जाएं।

## विटामिन ई कैप्सूल

विटामिन ई कैप्सूल जहां चेहरे पर ग्लो लाता है, वहीं एड़ियों पर लगाने से वहां की स्किन को पोषण भी देता है, साथ ही हाइड्रैट भी करता है।

# बेसन के फेस पैक से पाएं पांच सौंदर्य लाभ

कई महिलाएं आज भी ऐसी हैं जिन्हें पार्लर में खर्च करना पसंद नहीं आता। वे घर पर ही फेस पेक बनाकर अपने चेहरे की देखभाल करती हैं। ऐसे में अधिकतर महिलाएं और लड़कियां किचन में से बेसन इस्तेमाल जरूर करती हैं। बेसन का पेस्ट या फेस पेक सभी प्रकार की त्वचा पर सूट करता है।

**मुरझाई त्वचा के लिए :** सूर्य की पराबैंगनी किरणों या फिर प्रदूषण के कारण पैदा होने वाली त्वचा समस्याओं निपटने के लिए बेसन का पैक लगाना फायदेमंद है। साथ ही यह त्वचा के असमान रंग, दाग धब्बे और मुरझाई त्वचा में भी जान डालने के लिए बेहद लाभकारी है।

**तैलीय त्वचा के लिए :** तैलीय त्वचा को सामान्य रखने और खूबसूरती को बढ़ाने के लिए बेसन में गुलाबजल मिलाकर प्रयोग करें। इस पैक को लगभग 1 घंटे तक त्वचा पर लगाए रखें और पानी से धो लें। इसके अलावा आप बेसन में दही या मलाई भी मिक्स कर सकते हैं। इसे चेहरे पर 20 मिनट लगाना सही होगा।



**रूखी त्वचा :** रूखी त्वचा को नमी प्रदान करने के लिए बेसन के साथ दूध की मलाई, शहद और एक चुटकी हल्दी डालकर पेस्ट बनाएं और लगाएं। इससे त्वचा मॉइश्चराइज होगी और चेहरे का रूखापन दूर होकर चेहरा दमक उठेगा।

**धूप से झुलसी त्वचा:** त्वचा पर होने वाली टेनिंग के लिए बेसन काफी प्रभावी है। यह मृत त्वचा को हटाकर त्वचा की चमक को फिर से स्टोर करता है। इसके लिए 4 चम्मच बेसन में 1 चम्मच नींबू, 1 चम्मच दही और 1 चुटकी हल्दी मिलाएं। झुलसी हुई त्वचा पर इसे सूखने तक लगाएं और फिर ठंडे पानी से धो लें। रोजाना इसे करने से बहुत जल्द टेनिंग खत्म होकर त्वचा साफ और चमकदार हो जाएगी।

**रोमछिद्र खुलना :** त्वचा के रोमछिद्र या पोर खुलने से त्वचा में गंदगी जल्दी प्रवेश करती है, जिससे मुहांसे या अन्य समस्याएं भी होती है। इससे बचने के लिए बेसन में कुकंबर का रस और गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर लगाना फायदेमंद होता है। 12 घंटे इस पेस्ट को लगाने के बाद ठंडे पानी से धो लें। सप्ताह में 3 बार इसे आजमाने से त्वचा के रोमछिद्र बंद होते हैं और कसाव आता है।

# सर्दियों में संतरे के छिलके से ऐसे करें त्वचा की देखभाल!

**सर्दी** के मौसम में त्वचा की खास देखभाल करना बेहद जरूरी है। इस मौसम में त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है। इसके अलावा चेहरे की चमक और खूबसूरती भी कम होने लगती है। ऐसे में लोग तरह-तरह के तरकों को भी अपनाते हैं। जहां कुछ लोग महंगे-महंगे प्रॉडक्ट्स का प्रयोग करते हैं तो कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। हालांकि, खूबसूरती को बरकार बनाएं रखने के लिए विटामिन सी को बेहतरीन माना गया है।

त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि संतरे में भरपूर्ण मात्रा में विटामिन सी मौजूद होता है। इसलिए ये त्वचा के लिए काफी लाभदायक हो सकता है। वहीं, संतरे का छिलका भी त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इसमें मौजूद कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम और एंटी-बैक्टीरियल गुण त्वचा की कई समस्या को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। सर्दियों में होने वाली त्वचा संबंधित समस्या को संतरे के छिलके से सही किया जा सकता है।

**ऐसे में बनाएं संतरे का छिलकों का पाउडर :** संतरे के छिलके का पाउडर बनाने के लिए आपको दो से चार संतरों की जरूरत होगी। सबसे पहले इसके छिलके को छीलकर धूप में सूखाने के लिए रख दें। जब ये काफी ज्यादा सूख जाए तो इसे मिक्सी में पीस लें। बरीक पीसे संतरे के छिलके के पाउडर का एक चम्मच खाली कटोरी में डालें। अब इसमें थोड़ा गुलाब जल और 2 बड़ा चम्मच हल्दी भी मिला जें। इन सबकों अच्छे से मिला लें, इस तरह से एक पेस्ट तैयार हो जाएगा।

**ऐसे करें पाउडर का चेहरे पर इस्तेमाल :** संतरे के छिलके से बने पाउडर का चेहरे पर इस्तेमाल करने के लिए पहले फेस को पानी से धोए। इसके बाद इसे आंखों और होठों से थोड़ा बचाकर पूरे चेहरे पर लगा लें। इसे 15 मिनट तक ऐसे ही लगाकर छोड़ दें। इसके बाद हल्के गुनगुन पानी से फेस को धो लें और साफ कपड़े से फेस को साफ कर लें। इससे आपके चेहरे पर निखार नजर आने लगेगा।



**संतरे के छिलके का पाउडर बनाने के लिए आपको दो से चार संतरों की जरूरत होगी। सबसे पहले इसके छिलके को छीलकर धूप में सूखाने के लिए रख दें। जब ये काफी ज्यादा सूख जाए तो इसे मिक्सी में पीस लें। बरीक पीसे संतरे के छिलके के पाउडर का एक चम्मच खाली कटोरी में डालें।**

**ऑयली स्किन के लिए ऐसे बनाएं पैक:** त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि ऑयली स्किन से कई तरह की समस्या हो सकती हैं। इससे चेहरे की खूबसूरती भी कम हो जाती है। ऐसे में संतरे के छिलके का बना पाउडर काफी लाभदायक साबित हो सकता है। इसके लिए एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच संतरे का पाउडर और एक चम्मच दूध या दही मिलाकर पैक तैयार कर लें। अब अपने चेहरे पर इसे अच्छे से लगा लें। जब ये सूख जाए तो गुनगुने पानी की मदद से अपना चेहरा धो लें। इस तरह से सप्ताह में दो से तीन बार करने पर आपको अपने चेहरे पर बदलाव नजर आने लगेगा। कुछ ही महीनों में आप दाग-धब्बों मुक्त चेहरा पा लेंगे।

**डल स्किन पर लाए ऐसे निखार:** कई तरह की समस्या होने के कारण चेहरे की दमक कहीं खो जाती है। चेहरे पर निखार लाने के लिए जरूरी है कि हम संतरे का सेवन करने के साथ-साथ उसका चेहरा पर भी इस्तेमाल करें। इसके लिए आपको संतके के छिलके का एक बड़ा चम्मच पाउडर और दो बड़े चम्मच शहद की जरूरत होगी। अब इन दोनों को लेकर एकसाथ मिला लें। इस पेस्ट को चेहरे और गर्द पर सूखने तक लगाएं। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा और गर्दन धो लें। इससे आपके चेहरे पर निखार आएगा और आपकी खूबसूरती और ज्यादा बढ़ सकती है। संतरों के छिलकों से चेहरे पर होने वाली कई अन्य समस्या जैसे- दाग-धब्बे, टैनिंग, और पिंपल्स को भी दूर किया जा सकता है। चेहरे पर निखार लाने के लिए एक कटोरी में एक बड़ा चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर, एक चम्मच बेसन और गुलाब जल या दूध को मिलाकर मिश्रण तैयार कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर 10 से 15 मिनट तक लगाकर रखें। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी से चेहरे को साफ कर लें।